e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 185
शनिवार
08.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
स्पष्ट बोलना पीठ पीछे बोलने से कई गुना बेहतर है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

## क्विक न्यूज

### चतरा : पुलिस और टीपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़

**चतरा** : जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अनगड़ा गांव के पास पुलिस और टीपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ टीपीसी उग्रवादी संगठन के रीजनल कमांडर 15 लाख इनामी आक्रमण गंझू के दस्ते के साथ हुई है। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी भागने में सफल रहे। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और गोली बरामद किये हैं। एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कमांडर आक्रमण गंझू अपने दस्ते के साथ अनगड़ा गांव के पास जमा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राकेश रंजन के निर्देश पर जिला पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस जैसे ही गांव के पास पहुंची तो उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस के जवानों ने भी फायरिंग की।

### मणिपुर : गोलीबारी में दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत

**इंफाल**। मणिपुर में हिंसा की स्थिति के चलते उथल-पुथल का दौर जारी है। शुक्रवार को सुबह चुराचांदपुर में ताजा गोलीबारी हुई, जिसमें दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक गोलीबारी की घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर चिंताएं बढ़ गईं हैं। गोलीबारी का सटीक कारण और इसमें शामिल पक्ष के बारे में स्थिति साफ नहीं हो पायी है। तड़के शुरू हुई गोलीबारी से लोगों में अशांति की स्थिति पैदा हो गई है। गोलीबारी जारी रहने से तनाव बढ़ गया। मणिपुर पुलिस ने 6 जुलाई को केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कांगपोकपी, इम्फाल पश्चिम और चुराचांदपुर जिलों में बंकरों को नष्ट करने के लिए एक अभियान शुरू किया। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए इस संयुक्त अभियान में चार बंकर नष्ट कर दिए गए।

### लोहरदगा : पांच नक्सली गिरफ्तार, जेल

**लोहरदगा**: लोहरदगा पुलिस ने फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 भाकपा माओवादी को गिरफ्तार किया है तथा भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि भाकपा माओवादी के 5 नक्सलियों सुनील खैरवार उर्फ राजकुमार खेरवार उम्र 34 वर्ष पिता लालदेव खेरवार ग्राम जुड़नी सेरेंगदाग,मुन्ना लोहरा उम्र 35 वर्ष पिता लालू लोहरा ग्राम हुंडी थाना सेरेंगदाग,जीवन लोहरा उम्र 21 वर्ष पिता मनु लोहरा ग्राम ऊपर तुरियाडीह थाना सेरेंगदाग,सुखलाल नागेशिया 21 वर्ष पिता राजेंद्र नागेशिया ग्राम इटवा टॉड थाना पेशरार, तथा समत नागेशिया उम्र 29 वर्ष पिता कर्मचंद नागेशिया ग्राम इचवा टॉड थाना पेसरर के स्थाई निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

# राहुल गांधी की 2 साल की सजा बरकरार

*** गुजरात हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की**

एजेंसी

**अहमदाबाद** : मोदी सरनेम वाले बयान पर मानहानि मामले में राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. कोर्ट ने मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से सजा पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका को भी खारिज कर दिया. हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही माना है. 2019 चुनाव के दौरान कर्नाटक में एक रैली के दौरान मोदी सरनेम को लेकर दिए बयान पर सूरत की निचली अदालत ने राहुल को इस साल 23 मार्च को सजा सुनाई थी. इसके बाद से राहुल गांधी के खिलाफ करीब चार महीने में अलग अलग कोर्ट के चार फैसले आए हैं. राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ धारा 499, 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया था. अपनी शिकायत में बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया था कि राहुल ने 2019 में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समुदाय को कथित रूप से यह कहकर बदनाम किया कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है ? राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में चार साल बाद 23 मार्च को सूरत की निचली अदालत ने राहुल को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी.

### क्या कहा था राहुल ने ?

राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को चुनावी रैली में कहा था, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है ?



### राहुल के खिलाफ साजिश कर रही सरकार : खड़गे

नई दिल्ली : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर राहुल गांधी के खिलाफ साजिश करने का आरोप लगाया। खड़गे ने कहा कि लेकिन वह डरने वाले नहीं है। पार्टी का हर सदस्य मजबूती से कार्य करता रहेगा। खड़गे ने कहा कि राहुल ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ललित मोदी, नीरव मोदी, मेहुल, विजय माल्या, जतिन मेहता जैसे भगोड़े, मोदी सरकार की निगरानी में जनता के पैसे लेकर संदिग्ध रूप से विदेश पहुंच गए। भाजपा ने उनको तो आजाद कर दिया, पर झूठ की चालें चल, एक राजनैतिक साजिश के तहत राहुल को कठघरे में खड़ा कर संसद से उन्हें निलंबित करा दिया। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस का कोई भी नेता, हमारा कोई भी कार्यकर्ता, इस राजनीतिक साजिश से नहीं डरता।

### हाईकोर्ट ने राहुल की याचिका खारिज करते वक्त क्या कहा ?

हाईकोर्ट के जज जस्टिस हेमंत पृच्छक की बेंच याचिका खारिज करते हुए कहा, राहुल गांधी बिल्कुल अस्तित्वहीन आधार पर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं.निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक लगाना कोई नियम नहीं है, बल्कि एक अपवाद है, जिसका सहारा दुर्लभ मामलों में लिया जाना चाहिए.आवेदक के खिलाफ लगभग 10 आपराधिक मामले लंबित हैं. यहां तक कि इस शिकायत के बाद राहुल गांधी के खिलाफ एक और शिकायत वीर सावरकर के पोते ने दर्ज कराई.सजा पर रोक न लगाना राहुल गांधी के साथ अन्याय नहीं होगा.दोषसिद्धि पर रोक लगाने का कोई उचित आधार नहीं दिया गया.

# पलामू व कोडरमा में रिश्वत लेते दो अरेस्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर - हजारीबाग** : पलामू व कोडरमा में एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए दो सरकारी कर्मचारियों को अरेस्ट कर लिया। पलामू में विशेष भू अर्जन कार्यालय के हेड क्लर्क टुनटुन उपाध्याय को 12 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। विशेष भू अर्जन कार्यालय सिंचाई परियोजनाओं के लिए जमीन का अधिग्रहण करती है। पलामू के रहने वाले एक व्यक्ति ने एसीबी से शिकायत की थी कि सिंचाई विभाग के एक परियोजना में जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा राशि की भुगतान के लिए पैसे की मांग जा रही है। शिकायत के बाद एसीबी ने पूरे मामले का पहले सत्यापन किया। शुक्रवार को कार्यालय खुलने के बाद एसीबी की टीम शिकायतकर्ता को लेकर विशेष भू अर्जन के कार्यालय में गई। जहां हेड क्लर्क टुनटुन उपाध्याय व्यक्ति से 12 हजार रुपये घूस की रकम ले रहे थे। इसी क्रम में पहले से घात लगाये एसीबी ने हेड क्लर्क टुनटुन उपाध्याय को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। इधर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग के द्वारा कोडरमा जिला के सहयोग निबंधक मिताली शर्मा को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। वादी रामेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा कोडरमा व्यापार मंडल सहयोग समिति का प्रबंधन समिति का निरीक्षण सह निबंधक मिताली शर्मा के द्वारा किया गया था।

निरीक्षण के पश्चात स्पष्टीकरण किया गया था इस पूरे मामले में सहायक निबंधक ने 20 हजार घूस की मांग की थी। कहा था कि अगर घुस नहीं देना चाहते तो आवश्यक कार्यवाही के लिए तैयार रहें। जिसको लेकर वादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके तहत अग्रिम 10 हजार घूस लेते कोडरमा से गिरफ्तार किया गया है।

# शराब नीति घोटाला: ईडी ने जब्त की 52 करोड़ की संपत्ति

*** मनीष सिसोदिया की 2 प्रॉपर्टीज भी शामिल**



एजेंसी

**नई दिल्ली** : शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले के मामले में मनीष सिसोदिया, अमनदीप सिंह ढल्ल, राजेश जोशी, गौतम मल्होत्रा और अन्य की 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है. इसमें मनीष और उनकी पत्नी सीमा सिसौदिया की 2 संपत्तियां और उनका 11 लाख रुपये का बैंक बैलेंस भी शामिल है. 52.24 करोड़ रुपये की जो संपत्ति जब्त की गई है उसमें सिसोदिया की अचल संपत्ति भी शामिल है. 7.29 करोड़ (मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया) की 02 अचल संपत्तियां, राजेश जोशी की चेरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की जमीन-फ्लैट और गौतम मल्होत्रा की जमीन-फ्लैट को भी कुर्क किया गया है. मनीष सिसोदिया के बैंक में जमा 11.49 लाख रुपये, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक बैलेंस सहित 44.29 करोड़ रुपये भी इस कुर्की में शामिल हैं. यह इस मामले में दूसरा प्रोविजनल अटैचमेंट है.इस घोटाले में कुर्की के लिए जारी किए गए पहले आदेश के तहत विजय नायर, समीर महंद्रू, अमित अरोड़ा, अरुण पिल्लई और अन्य के 76.54 करोड़ रुपये की चल व अचल संपत्ति को जब्त किया गया था. अब तक इस शराब नीति घोटाले में कुल 128.78 करोड़ की संपत्ति की कुर्की हो चुकी है. इस मामले में कुल 1934 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया गया है. इस केस में ईडी ने अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और 05 अभियोजन शिकायतें दर्ज की हैं. अभी भी इस मामले में जांच चल रही है.

# पाकुड़ सीमा से सटे बंगाल सिरसा टोला में बम विस्फोट से दो की मौत, दो घायल



पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव को लेकर बनाया जा रहा था बम

एजेंसी

**पाकुड़**। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव को लेकर लगातार हिंसक घटनाओं के बीच शुक्रवार को झारखंड सीमा से बिल्कुल सटे मुर्शिदाबाद जिले के बहरागाछी गांव के पास बम विस्फोट से दो लोगों के मौत हो जाने की खबर मिली है। घटना में दो अन्य लोग भी बुरी तरह जख्मी हो गए हैं।

घटना में घायल होने वालों में एक पाकुड़ मुफस्सिल थाना के सिरसा टोला का निवासी भी शामिल है। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चारों व्यक्ति बंगाल के किसी राजनीतिक पार्टी से ताल्लुक रखते हैं।

पश्चिम बंगाल में शनिवार को होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर देसी बम बनाया जा रहा था। अचानक बम विस्फोट हो जाने से चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद किसी गुप्त जगह पर इलाज कराने के दौरान शाम करीब 7:00 बजे के आसपास दो व्यक्ति की मौत हो गई। मृतकों में 25 वर्षीय रफू शेख और 35 वर्षीय जहांगीर शेख शामिल है।

दोनों इलामी सिरसा टोला का निवासी था। हालांकि दोनों का निवास स्थल बंगाल सीमा पड़ेगा। दोनों कागजी रूप से पश्चिम बंगाल से ताल्लुक रखते थे। घटना में घायल हुए 40 वर्षीय बैतूल शेख भी सिरसा टोला के निवासी है और कागजी रूप से ये भी पश्चिम बंगाल से जुड़े हैं।

वहीं एक अन्य घायल 45 वर्षीय सरफुल शेख पाकुड़ के इलामी सिरसा का रहने वाला है। घटना के बाद शमशेरगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। यह घटना सीमा क्षेत्र से सटे होने की वजह से जहां चर्चा का विषय बना है, वहीं सीमा के दोनों और निवास करने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया घटना की जानकारी मिली है।लेकिन बंगाल पड़ता है।पाकुड पुलिस नजर बनाए हुई है।

# मुख्यमंत्री की परिकल्पना ले रही आकार, पंचायत स्तर पर 543 दवा दुकान स्वीकृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखण्ड राज्य एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां की अधिकांश जनसंख्या सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जिसे ससमय चिकित्सा सुविधा के साथ -साथ जरूरी दवा की समय पर उपलब्धता अत्यावश्यक है। समय पर दवा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कई लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं या असमय उनकी मृत्यु हो जाती है। इस स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को दवाइयां सुलभतापूर्वक उपलब्ध कराने हेतु सुदूर गांवों में कम-से-कम एक दवा दुकान की स्थापना का निर्देश दिया है। इसके तहत अबतक पूरे राज्य में दवा दुकान हेतु 543 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं।

**सबसे अधिक आवेदन देवघर से, चतरा में तीन शुरू:** ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान स्थापना हेतु अबतक कुल 1593 आवेदन पूरे राज्य से प्राप्त हुए हैं। इनमें 543 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 962 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। सबसे अधिक देवघर से 233, गिरिडीह से 230, धनबाद से 212, रांची से 138, गोड्डा से 102, पलामू से 85 और हजारीबाग एवं बोकारो से क्रमशः 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं दूसरी ओर चतरा में विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा तीन लोगों को इस निमित स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया और वहां दवा दुकान का शुभारंभ हुआ।

### मुख्यमंत्री का लक्ष्य ग्रामीणों को ससमय दवा उपलब्ध कराना एवं शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार एवं आय के स्रोत के साधन में वृद्धि करना



**प्रक्रिया को बनाया गया सरल, आय का स्रोत वृद्धि करने का लक्ष्य:** मुख्यमंत्री के निर्देश पर दवा की बिक्री हेतु, फार्मासिस्ट की उपस्थिति को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। प्रपत्र 20ए एवं 21ए में दवा दुकान हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत की जा रही है। जरूरत पड़ने पर खुदरा औषधि विक्रेता के माध्यम से सभी प्रकार की दवा ग्रामीणों को उपलब्ध करायी जा सकेगी। मुख्यमंत्री का लक्ष्य ग्रामीणों को ससमय दवा उपलब्ध कराना एवं शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार एवं आय के स्रोत के साधन में वृद्धि करना है।

**सरकार का मिल रहा सहयोग:** मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा संबंधित पंचायत के ग्रामीणों को विभागीय हेल्प लाइन नंबर 104 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए टेली - मेडिसिन एवं टेली-कंसल्टेंसी की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

कल्याण विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारियों को अनुमान्य सहायता उपलब्ध कराई जाएंगी। संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इच्छुक एवं पात्र अनुज्ञप्तिधारियों को पारस्परिक समन्वय स्थापित करते हुए बैंक से ऋण दिलवाने में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

# डीआईजी ने की आत्महत्या



एजेंसी

**कोयंबटूर** : तमिलनाडु के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीआईजी सी. विजयकुमार ने आत्महत्या कर ली. शुक्रवार की सुबह करीब उन्होंने कैंप ऑफिस में अपनी सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी.आईपीएस विजय कुमार ने आत्महत्या क्यों की है. इसका पता अभी तक नहीं चल सका है. हालांकि कहा जा रहा है कि विजयकुमार बीते कुछ हफ्तों से डिप्रेशन में थे. जानकारी के मुताबिक विजयकुमार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गये थे. सुबह करीब 6.45 बजे वे अपने कैंप ऑफिस आये. इसके बाद उन्होंने अपने निजी सुरक्षा अधिकारी से अपनी पिस्तौल मांगी और वो बाहर आ गये. इसके बाद उन्होंने अपनी सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. पुलिसकर्मियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी. सूचना पाकर सभी घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने विजयकुमार के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कोयंबटूर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और पुलिसवालों से पूछताछ कर रही है.2009 बैच के आईपीएस अधिकारी सी विजयकुमार ने 6 जनवरी 2023 को कोयंबटूर रेंज के डीआइजी के रूप में कार्यभार संभाला.

इससे पहले वे कांचीपुरम, कुड्डालोर, नागापट्टिनम और तिरुवरुर जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके थे. बाद में उन्होंने चेन्नई के अन्ना नगर में डीसीपी के रूप में कार्य किया था. उन्हें डीआइजी के रूप में प्रमोट किया गया और कोयंबटूर रेंज का डीआइजी बनाया गया था.

# केंद्र सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे : बिट्टू पाठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा के रामगढ़ प्रखंड में प्रखंड एवं मंडल कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को संपन्न बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने किया बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश पाठक मिथिलेश कुमार सिंह विद्या सिंह चेरो उपस्थित थे बैठक का संचालन प्रखंड प्रभारी अजय साहू ने किया।जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पंचायत के बाद सभी बूथ में कमेटी बनने का का शुभारंभ किया जाए।पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष लोगों के बीच में जाकर केंद्र सरकार की नाकामियों को बताने का काम करेगी भाजपा की मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से विफल साबित हुई है आगे कहा कि केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल के 9 वर्ष पूरा कर लिया है लेकिन जिन मुद्दे एवं आश्वासन पर वह सत्ता पर काबिज हुए थे वह अधूरा रह गया है दरअसल प्रधानमंत्री और उनके टीम ने एक सुनिश्चित तरीके से इंटरनेट मीडिया के जरिए अपनी खुद की एक छवि गड़ी थी लेकिन वर्तमान में उनकी बनावट की छवि को ध्वस्त होते देश देख रहा है बताया कि वह स्वयं मोदी सरकार की नाकामियों को मतदाताओं तक पहुंचाने का काम करेंगे भाजपा की करनी और कथनी को कितना फर्क है केंद्र सरकार से पूछना चाहते हैं प्रत्येक वर्ष बेरोजगारों को 2 करोड़ रोजगार मिला महंगाई कम हुई भ्रष्टाचार मुक्त हुआ किसान के आए दुगना हुआ क्या देश में महिलाएं सुरक्षित हुई यह सभी मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार विफल साबित हुई है जनता जान चुकी है जनता पहचान चुकी है आने वाला 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा मौके पर प्रमुख रूप से महासचिव मुकेश सिंह देवांग शुक्ला सचिव मुकेश सिंह सौरभ पांडे अजय पांडे त्रिवेणी सिंह विनय पासवान नंदकिशोर सिंह बीरबल सिंह दिलावर सिंह लल्लन यादव सत्यदेव यादव जुगेश परैया शत्रुघ्न परैया शत्रुघन सिंह मनीष सिंह राहुल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो पक्ष में हुआ मारपीट मामला थाना में दर्ज दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सगमा :** धुरकी थाना कांड संख्या 76/23 दिनांक 6/7/23 धारा। 341/323/325/307/504/506/34 भा0द0 वि0 के प्रा0अभि0 अरविंद यादव पिता मथुरा यादव, अखिलेश यादव उम्र पिता अरविंद यादव दोनों ग्राम भूमफ्फोर थाना धुरकी जिला गढ़वा, धुरकी थाना कांड संख्या 77/23 दिनांक 6/7/2023धारा- 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 307 भा0 द0 वि0 के प्रा0 अभि0 घनश्याम यादव, उमाशंकर यादव दोनों पिता बीरबल यादव, कमलेश यादव तथा उमेश कुमार यादव दोनो पिता कृष्ण मोहन यादव सभी ग्राम भुमफ्फोर थाना धुरकी जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि दोनों व्यक्ति आपस में मारपीट कर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें जांच कर दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक के हिरासत में भेज दिया गया है।

## कार्यपालक अभियंता को कवर तार लगाने हेतु सौंपा आवेदन

**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरसात के शुरू होने के बाद इलाके में लगे जर्जर बिजली के तारों के कारण लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। आये दिन जर्जर तारों के टूट जाने से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है और जान माल का भी खतरा बना रहता है। ताज़ा मामला नगर मुख्यालय अंतर्गत दास मुहल्ले का है जहां जर्जर बिजली के तार टूट गया था जिसके चपेट में आने से कई लोग बच गए थे तत्काल सूचना देने के बाद कार्यपालक अधिकारी ने मरम्मत सुनिश्चित करा कर आपूर्ति सुनिश्चित कराया था। आये दिन तार के टूट कर गिरने से लोगों की जान पर खतरा बना रही है। इस सबन्ध में छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता (चुनमुन) दास मुहल्ला निवासी प्रदीप सिंह और अरविन्द विश्वकर्मा के साथ छतरपुर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता के नाम कार्यालय को आवेदन सौंपा है इस सम्बंध में कार्यपालक अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अभी तार उपलब्ध नहीं है, आने के बाद प्राथमिकता के आधार पर तारों को बदला जाएगा। आवेदन देने के बाद पूर्व प्रत्याशी अरविन्द ने कहा कि नगर क्षेत्र सड़मा, भेरवाडीह, लोहराही, बैरियाडीह, मदनपुर, बारा, रामगढ़, मसिहानी,



खाटीन, केवालपर, मन्देया, हेसला, भलही सहित कई ऐसे इलाके हैं जहां कवर वायर नहीं होने के कारण लोगों की जान जाने की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने कार्यपालक अधिकारी से आग्रह किया है कि अति-आवश्यक जगहों पर कवर वायर लगवाने की पहल करें।

## प्रशिक्षण सह कार्यशाला का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रेशन के लिये पंचायत के सभी मुखिया, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व पंचायत सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,बीडीओ श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मियों को सम्बोधित करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक पूरे प्रखंड में जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रेशन के लिये अभियान चलाया जाना है। उन्होंने जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र की क्या आवश्यकता है, की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को गंभीरता से लेते हुये निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करना है। इसके लिये घर घर जाकर सर्वे करना है तथा इसकी जानकारी सम्बंधित पंचायत के पंचायत सचिव को देना है.उन्होंने सभी पंचायत सचिवों को इस कार्य का प्रत्येक सप्ताह समीक्षा कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुखिया फिरदौस अंसारी, मनोज ठाकुर, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, कार्यालय सहायक अनिल कुमार, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश प्रसाद, सुजीत कुमार यादव, बिनोद ठाकुर, अनूप विश्वकर्मा, अलीम अंसारी, ज्ञान प्रकाश, मुनेश्वर मेहता, अविनाश कुमार सिन्हा, नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, मुखलाल प्रसाद, कुंदन कुमार, अफसर खान, मदन राम सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, पंचायत सचिव, मुखिया उपस्थित थे।

## दिनेश सिंह की मनाई गई 18 वीं पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के नहर मोड़ स्थित ग़रीब, दलित व वंचितों के नेता स्वर्गीय दिनेश कुमार सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि ज़िला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि नहीं, बल्कि आप सबों के बीच का बेटा व भाई हूँ और मैं आप सबों से आशीर्वाद का आकांक्षी हूँ। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करके ही स्वर्गीय दिनेश कुमार सिंह जी के सपनों को पूरा किया जा सकता है और इसके लिए हम सभी को एकजुटता के साथ क्षेत्र में कार्य करना होगा। आगे उन्होंने स्व. दिनेश कुमार सिंह जी के भाई कमलेश कुमार सिंह एवं उनके क़रीबी रहे अजय सिंह व उनके भतीजे लवकेश कुमार सिंह जी का आभार जताते हुए कहा कि इनके ही सहयोग से आज का यह कार्यक्रम सफल हो सका है। आगे उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार सिंह अपने भाई के पदचिन्हों पर चलते हुए ग़रीब-गुरबों के उत्थान के लिए सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता दर्ज़ कराते हैं, जो कि सराहनीय पहल है।इस मौक़े पर उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बातों से सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्नल संजय कुमार सिंह, हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, लोजपा नेता विक्रम सिंह, पंसस बद्री नारायण सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ़ छठन, निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग़यासुद्दीन सिद्दीक़ी, राजद नेता विनय कुमार सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार सिंह समेत सैकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित रहे।

## डंडई प्रखंड कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन

**डंडई गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर विशेष अभियान के तहत एक दिवसीय खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया,पंचायत सचिव,विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ साथ जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के कार्यो में तेजी लाने पर जोर देते हुए कार्यो के सफल संचालन के तौर तरीके बताये गये। जागरूकता लाकर शत प्रतिशत कार्य करने का सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बताया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर लोगों को जागरूक किया जाना है। जानकारी के अभाव में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का निबंधन नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर विशेष अभियान के तहत अभियान चलाकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में जन्म मृत्यु दर और स्थान के आधार पर कम देखा जा रहा है। अभी तक 80 प्रतिशत ही लोग मृत्यु जन्म-मृत्यु निबंधन करा सके हैं जबकि जन्म मृत्यु का आंकड़ा शत-प्रतिशत सुनिश्चित होना चाहिए। इस मौके पर पंचायत सचिव सुदर्शन राम, सुनील कुमार, राजकुमार राम, प्रधान सहायक अभयानंद सिन्हा, जारही पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी, तासरार मुखिया मुनिता देवी, रारो मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, शिक्षक उदय कांत, अंबिका माझी, अमरजीत राम, अंबिका चौधरी विनोद यादव अरविंद कुमार याकूब अंसारी संजय कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु की अध्यक्षता में शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को सफल रूप से क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं बीएलओ को पुनरीक्षण कार्यक्रम में उनके दायित्व के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान सभी को प्री रिवीजन एक्टिविटी, रिवीजन एक्टिविटी, डोर टू डोर सत्यापन,

## जन वितरण प्रणाली के गोदाम निर्माण में अनियमितता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के बगल में बन रहे जन वितरण प्रणाली के गोदाम का बीससूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने औचक निरीक्षण किया। जिसमे उन्होंने देखा कि प्लास्टर के लिए बन रहे मसाला में बालू की मात्रा अधिक पाया गया। जब मजदूर से अध्यक्ष ने पूछा तो बताया गया कि सातऔएक के मसाला से बन रहे है जिसमे 7 तगाड़ी बालू और एक तगाड़ी सीमेंट मिला कर मसाला बना रहे है। इस पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि प्लास्टर के लिए चार एक का मसाला बनाना चाहिए जबकि यहां पर अपने मनमाने ढंग से ठेकेदार और मुंशी के द्वारा प्लास्टर हुआ है उसमे ईट साफ दिखाई दे रहीं है। जिले के उच्च अधिकारियों से बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने मांग की है कि गुणवता सही नही है इसकी अविलंब जांच कर करवाई की जाए। मौके पर राकेश सोरेन, मुंशी महेंद्र सिंह मौजूद थे।

## डीलर से तंग ग्रामीणों ने डीलर बदलने के लिए एसडीओ को दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड के कटहर कला ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आलोक कुमार को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुये डीलर को बदलने का मांग किया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर ललन उरांव द्वारा समय पर ग्रामीणों के बीच राशन वितरण नही किया जाता है। अंगूठा लगवाने के दो माह बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों के बीच राशन का वितरण नही किया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में आजसू नेता जयराम पासवान, दया कुमार, रितेश उरांव, लालो देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पुष्पा देवी, पुसुआ देवी, सावित्री देवी, सोशिला देवी, प्रकाश मनी, संगीता देवी, बसंती देवी, सुगन्ति देवी, गुड़िया देवी, अनिता देवी, ललन राम, देवन्ति देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## दो पक्ष में हुआ मारपीट मामला थाना में दर्ज दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सगमा :** धुरकी थाना कांड संख्या 76/23 दिनांक 6/7/23 धारा। 341/ 323/ 325/307/504/506/34 भा0द0 वि0 के प्रा0अभि0 अरविंद यादव पिता मथुरा यादव, अखिलेश यादव उम्र पिता अरविंद यादव दोनों ग्राम भूमफ्फोर थाना धुरकी जिला गढ़वा, धुरकी थाना कांड संख्या 77/23 दिनांक 6/7/2023धारा-147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 307 भा0 द0 वि0 के प्रा0 अभि0 कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

**AFFIDAVIT**

**नाम परिवर्तन**

**मैं कुमारी अलका, पिता- कृष्णा कुमार दुबे, ग्राम भीतिहारा, पोस्ट- सिगसिगी, थाना- उंटारी रोड, जिला- पलामू, राज्य - झारखंड की निवासी हूं। शपथ पत्र संख्या- 13137, दिनांक 16.06.2023 के अनुसार घोषणा करती हूं कि एजुकेशनल सर्टिफिकेट में मेरा नाम कुमारी अलका है। लेकिन अब मैं अलका दुबे के नाम से जानी जाऊंगी।**

## टीडीएम कॉलेज में इंटरमीडिएट में अव्वल दर्जा प्राप्त कर स्क्रीन हुए छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** स्थानीय ठाकुर दयाल देव मानिक राज कॉलेज में इंटरमीडिएट के 21-23 के सत्र में अव्वल दर्जा प्राप्त कर स्क्रीन हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि महाविद्यालय का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रथम लक्ष्य है। हमें खुशी है कि महाविद्यालय अपने इस लक्ष्य में तेजी से अग्रसर है। जिसके फलस्वरूप आज महाविद्यालय के 12 वीं के परीक्षा परिणाम 92त्न से ऊपर रहा है साथ ही वाणिज्य संकाय के छात्र छात्राओं ने सत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है कि हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अरमान चतुर्वेदी आईआईटी में क्वालीफाई किया है। हमारे बीच से पढ़कर बच्चा अब आईआईटी पढ़ने के लिए जा रहा है ऐसे होनहार छात्रों को आज सम्मानित करते हुए हम सबों को अपार हर्ष हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि तीनों संकाय से अव्वल दर्जा प्राप्त कर सफल छात्र छात्राओं को आज महाविद्यालय परिवार की ओर से उनका सम्मानित कर उनके आगे भविष्य की शुभकामनाएं दी जा रही है।



### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 12/2023-24 दिनांकः ..................

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः 485/21.04.23

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | जिला परिषद डाकबंगला कैंपस सिमरिया में किसान भवन का जीर्णोद्धार। | 2425800 | 5000 | 49000 | 04 माह |
| 2 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | जिला परिषद डाकबंगला कैंपस सिमरिया में भारत माता कल्याण मण्डप भवन का जीर्णोद्धार। | 1940300 | 5000 | 38900 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17/07/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 19.07.2023 से 25.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.07.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में ''जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा'' के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 301770 District(23-24)D

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।





### झारखण्ड सरकार,
### गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

52वीं औपबंधिक सूची जिला–कोडरमा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–कोडरमा रेल थाना काण्ड सं0 10/96 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी गंगा प्रसाद यादव एवं नरेष प्रसाद गुप्ता द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 30–32 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–61/23<br>2. आवेदक–दिलीप कुमार सोनकर पिता–स्व0 पुटर राम खटिक<br>3. ग्राम–बजरंग नगर, वार्ड नं0 27, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने जांघ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–62/23<br>2. आवेदक–विनोद यादव पिता–स्व0 वंषी यादव<br>3. ग्राम–असना इन्दरवा, वार्ड नं0 05, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कोहनी पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–63/23<br>2. आवेदक–संतोष यादव पिता–बासुदेव यादव<br>3. ग्राम–मडुआटांड, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–64/23<br>2. आवेदक–दिनेष कुमार यादव पिता–प्रसादी यादव<br>3. ग्राम–इन्दरवा, वार्ड नं0 04, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–65/23<br>2. आवेदक–भिषण तिवारी उर्फ भिष्म तिवारी पिता–स्व0 जयनाथ तिवारी<br>3. ग्राम–धरगांव, पोस्ट–फुलवारीया, थाना–नवलसाही, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने के निचे कटे के निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–66/23<br>2. आवेदक–ष्याम बिहारी यादव पिता–स्व0 नथुनी प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–विद्यापुरी, वार्ड नं0 09, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये पैर के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–67/23<br>2. आवेदक–चन्द्रीका मेहता पिता–स्व0 बद्री मेहता<br>3. ग्राम–फुलवारिया, पोस्ट–फुलवारिया, थाना–नवलसाही, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कमर के नीचे ऐला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–68/23<br>2. आवेदक–राजेश राम पिता–स्व0 छोटु राम<br>3. ग्राम–तिलैया बस्ती, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–69/23<br>2. आवेदक–रामलखन यादव पिता–स्व0 शुकर यादव<br>3. ग्राम–सतडीहा, पोस्ट–सरमाटांड, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–70/23<br>2. आवेदक–जगन्नाथ पासवान पिता–स्व0 भीखी पासवान<br>3. ग्राम–सतडीहा, पोस्ट–सरमाटांड, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–71/23<br>2. आवेदक–ईश्वर यादव पिता–स्व0 हरदयाल यादव<br>3. ग्राम–सरमाटांड, पोस्ट–सरमाटांड, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–72/23<br>2. आवेदक–बुलाकी यादव पिता–स्व0 झरी यादव<br>3. ग्राम–नवादा वार्ड नं0 01, पोस्ट–सरमाटांड, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–73/23<br>2. आवेदक–ओम प्रकाश यादव पिता–लक्ष्मण गोप<br>3. ग्राम–इन्दरवा, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–झुमरी तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 301707Home(23-24)#D

## संक्षिप्त खबरें

### लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से निकाला ढाई किलो का ट्यूमर

**रांची :** फ्रेया हॉस्पिटल फॉर वुमन एंड चिल्ड्रन में 35 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया गया है। डॉ निधि निकुंज और डॉ श्वेता नारायण के नेतृत्व वाली टीम ने शुक्रवार को लेप्रोस्कोपी सर्जरी से ढाई किलोग्राम का ट्यूमर को निकाला है। डॉक्टरों ने गर्भाशय को भी बचा लिया। 48 घंटे चिकित्सकों की निगरानी में रखने के बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ श्वेता नारायण ने कहा कि ट्यूमर के आकार को देखते हुए किसी और अस्पताल में मरीज का ओपन सर्जरी किया जाता लेकिन हम लोगों ने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। तीन महीने के बाद मरीज गर्भधारण कर सकती है। मरीज के पति ने कहा कि फ्रेया अस्पताल आकर इलाज कराना सही निर्णय रहा।

### सीएम बर्बरता की शिकार हजारों आदिवासी बेटियों के परिजनों से माफी मांगे: शाहदेव

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान बर्बरता की शिकार हुई हजारों आदिवासी मूलवासी बेटियों के परिजनों से वे माफी मांगें। प्रतुल ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी युवक के पैर धोते हुए पानी को सिर पर लगाया था। साथ ही उसके घर को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। प्रतुल ने कहा कि हेमन्त सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार हेमन्त सरकार के शासनकाल में 5000 से ज्यादा बेटियों की इज्जत लूटी गई है। कहीं किसी बेटी को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया तो कहीं किसी को जिंदा फांसी पर लटका दिया गया। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री में संवेदनशीलता होती और इन बेटियों के घर जाकर परिजनों से माफी मांगने का साहस जुटाया होता तो परिजनों की भी बेटियों को न्याय दिलाने के लिए हिम्मत बढ़ती।

# साफ-सफाई को लेकर नगर प्रशासक ने वार्ड 7 का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 एवं सफाई तो होकर रहेगी 3.0 सफाई अभियान के तहत रांची नगर निगम द्वारा पूरे राची क्षेत्रांतर्गत विशेष सफाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत दैनिक सफाई के कार्यों के साथ-साथ सभी छोटी एवं बड़ी नालियों की पूर्ण रूप से सफाई की जा रही हैं। रांची- नगर निगम की पूरी टीन अलर्ट मोड में रहकर इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में 07.07.2023 को प्रशासक, रांची नगर निगम शशि रंजन, भाप्रसे के द्वारा वॉर्ड संख्या 07 स्थित खोरहा टोली तथा बाँधगाडी क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा कुछेक क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल-जनाव की अल्पकालीन समस्या



दिखी जिसपर प्रशासक द्वारा संबंधित टीम को त्वरित कार्रवाई करते हुए जल जमाव की स्थिति को ठीक करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा वार्ड सुपरवाइजर को क्षेत्र में पूर्ण रूप से कूड़े का उठाव, डोर-टू-डोर कलेक्शन, तथा नालियों की पूर्ण सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने अतिक्रमण किए हुए नालों की सूची बनाकर त्वरित कार्रवाई करने का निदेश दिया। निरीक्षण क्रम में खोरहा टोली स्थित बड़े नाले के बगल में एक निर्माणधीन घर को नोटिस निर्गत करते हुए कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

बता दें कि रांची नगर निगम द्वारा ÷सफाई तो होकर रहेगी 30 अभियान के तहत् सभी वार्डो में लगातार नालियों की सफाई की जा रही है। साथ ही हर वॉर्ड में प्रतिदिन एंटी लाय दवा का भी छिड़काव किया जा रहा है। नागरिकों के स्वास्थ को सुरक्षित रखने के लिये रांची नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर मच्छरों के प्रजनन स्रोत को भी नष्ट किया जा रहा है।

सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि नालियों में कूड़ा ना डालें एवं यदि अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जल-जनाव की स्थिति उत्पन्न होती है तो निगम के दूरभाष संख्या 0651-2200025 पर सूचना दें।

मौके पर अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# छात्र हित में विवि के कामकाज जल्द शुरू करवाए विवि प्रशासन : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के द्वारा प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार के नेतृत्व में छात्रहित में रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सुबह 10 बजे से ही तालाबंदी कर दिया था।

मौके पर हरीश कुमार ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के कर्मचारी पिछले कई दिनों से पेन डाउन हड़ताल पर हैं जिससे रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले हजारों छात्र छात्राओं को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और जब कर्मचारी हड़ताल पर हैं तो विश्वविद्यालय के खुले रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए आज आजसू के द्वारा रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार में तालाबंदी किया गया है।

वही तालाबंदी के दौरान रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा अपने समय पर विश्वविद्यालय पहुंचे परंतु आजसू के कार्यकर्ताओं ने उन्हें मुख्य द्वार



पर ही रोक दिया और मांग किया कि जल्दी कर्मचारियों की उचित मांगों को मांग कर हड़ताल को समाप्त करवाया जाए और विश्वविद्यालय के सभी कामों को सुचारू रूप से शुरू किया जाए।

वही मौके रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने आजसू एवं रांची विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के सामने वादा किया कि 13 जुलाई तक कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा एवं विश्वविद्यालय में फिर से सभी कार्य सुचारू रूप से किए जाएंगे।

मौके पर प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, प्रदेश सचिव ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, ज्योत्सना केरकेट्टा, रांची वि0 वि0 राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, जमाल गद्दी, दीपक दुबे, अभिषेक झा, राहुल, आकाश, चंदन, शुभम, विशाल यादव, कैलाश महतो, पीयूष कुमार, रिशु, सचित, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# डीएवी कपिलदेव स्कूल वन महोत्सव मनाया गया



**प्रभातम मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कडरू स्थित डीएवी कपिलदेव स्कूल के परिसर में छात्रों के द्वारा वन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने स्कूल के प्रांगण में ही वृक्षारोपण किया और वृक्षों के महत्व पर है शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । वहीं स्कूल के छात्रों ने मत काटो हमें विषय पर आधारित गाने पर मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर पेड़ के महत्व को बखूबी बताने का काम किया । मौके पर केजी के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिकाओं ने सामूहिक रूप से पेड़ लगाओ धरती को स्वर्ग बनाओ की प्रतिज्ञा भी ली।

# निलंबित चीफ इंजीनियर की पत्नी और पिता की जमानत याचिका पर सुनवाई 18 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने बहस के लिए समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 18 जुलाई निर्धारित की है।ईडी की ओर से टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसीक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) में गेंदा राम और राजकुमारी देवी के नाम भी शामिल हैं। कोर्ट ने दोनों के




खिलाफ समन भी जारी किया है।उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

# एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 73000 मेगावाट के पार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक, एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 73024 मेगावाट तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि बिहार में बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के चरण-(3 × 660 मेगावाट) की 660 मेगावाट क्षमता की यूनिट-2 के चालू होने की पृष्ठभूमि में आई है। यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने की एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इसके साथ, एनटीपीसी लिमिटेड और एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता क्रमशः 57038 मेगावाट और 73024 मेगावाट हो गई है। इसके अलावा, कंपनी वर्ष 2032 तक 60,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवीनता को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# क्लस्टर मीट का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई राँची अंचल के द्वारा एक्सआइएसएस ऑडिटोरियम में क्लस्टर मीट का आयोजन किया गया।

जिसमें राँची शहर और उसके आस-पास स्थित शाखाओं के 276 अधिकारी सदस्यों ने हिस्सा लिया। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस के एक्जीक्यूटिव वायस प्रेसिडेंट और बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 12 लाख करोड़ का आंकड़ा पार करने पर सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दिया और बैंकिंग जगत में चल रही गतिविधियों को लेकर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि संगठन अधिकारी वर्ग के हितों को लेकर हमेशा से प्रतिबद्ध रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए वर्क लाइफ बैलेंस अभियान चलाया जा रहा है। जिसका लाभ न केवल बैक अधिकारियों को हो रहा है। साथ ही साथ भविष्य में बैंक के कारोबार वृद्धि में भी होगा। इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड अमित कुमार, उपाध्यक्ष कॉमरेड बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव कॉमरेड विजय वाधवा और कोषाध्यक्ष कॉमरेड प्रकाश उरांव ने भी अपना विचार रखा। मंच संचालन इकाई के राँची अंचल के सहायक महासचिव कॉमरेड मनीष नारायण ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रंजीता बिलुंग ने किया। मौके पर कार्यकारी सदस्य ज्योत्सना बाड़ा, गौरी शंकर साही, मोहम्मद अली हसन, हरीश सिंह, अनजंय कुमार, सुरेश भगत, भरत लाल ठाकुर, मनीष कुमार, शैलेंद्र सिंह, राजेश यादव, रंजन जैसवाल और बड़ी संख्या में अधिकारी वर्ग उपस्थित थे।

# सावन महोत्सव के दौरान किसी को परेशानी नहीं होगी : एसएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधि मंडल श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में सावन महोत्सव के दौरान होने वाली कठिनाइयों एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी रांची किशोर कौशल से मिला ।

प्रतिनिधि मंडल ने कावर यात्रा के जाने-आने वाले मार्गो ( नामकुम से पहाड़ी मंदिर तक ) में विशेष सुरक्षा व्यवस्था , बिजली व्यवस्था



एवं साफ सफाई कराने की मांग की ।प्रतिनिधि मंडल ने सावन मास को देखते राजधानी रांची के सभी प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था , बिजली व्यवस्था एवं साफ सफाई कराने की मांग की ।,

एसएसपी ने सभी समस्याओं के समाधान का आसवन दिया एवं कहा कि एसएसपी रांची एवं उपायुक्त रांची स्वयं राँची के विभिन्न क्षेत्रो का भ्रमण करेंगे एवं समस्याओं का समाधान करेंगे ।प्रतिनिधि मंडल में रामधन बर्मन , अशोक पुरोहित , कैलाश केसरी , मुजीब कुरैशी , उपेंद्र रजक , राहुल सिन्हा चंकी , गोपाल पारीक , टिंकू महतो , सुनील रंजन सहाय शामिल थे ।

# पत्रकारिता का अस्तित्व समाप्त नहीं होने देंगे : जितेंद्र ज्योतिषी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का सम्मेलन झारखंड प्रेस आयोग का गठन करने व पत्रकारों को मान -सम्मान देने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के संबंध में चर्चा आज सरायकेला स्थित परिसदन में हुआ. मौके पर रांची के पुष्कर महतो को कार्यकारी अध्यक्ष सर्व सम्मति से चुना गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कोल्हान प्रभारी रास बिहारी व संचालन सुनील शर्मा ने की।मौके पर अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी ने कहा कि पत्रकारिता व पत्रकारों के अस्तित्व समाप्त नहीं होने देंगे।झारखंड जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्र, राज्य व समाज के समृध्दि व बेहतरीन के लिए काम करेगें। उन्होंने कहा कि पत्रकार राज्य व राष्ट्र का सजग प्रहरी है. राष्ट्र व राज्य की समृद्धि एवं बेहतरीन के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी जिम्मेवारी एवं जवाबदेही के साथ करता रहा है. परंतु वर्तमान परिपेक्ष में पत्रकारों की स्थिति हाशिये में है।झारखंड जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से विधायक अस्वाशन समिति के अध्यक्ष दीपक विरुवा को 11 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। मांग पत्र के माध्यम से झारखंड प्रेस आयोग का गठन करने, पत्रकारों को मान -सम्मान दिया जाए,पत्रकारों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की ओर से कराने हेतु विशेष निर्देश दिया जाए,टोल प्लाजा में पत्रकारों को अतिरिक्त परेशान ना किया जाए एवं उनका आवागमन निशुल्क हो.पत्रकारों को अलग से चिकित्सा सुविधा एवं स्वतंत्रता से काम करने हेतु सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित हो।

### वार्ड 38 स्थित तिरिल बस्ती में लगा ट्रांसफार्मर

**रांची।** धुर्वा के वार्ड 38 स्थित तिरिल बस्ती में पिछले तीन दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसे शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे तिरिल बस्ती में धीरेंद्र सिंह (बम बम ) समाजसेवी के द्वारा ट्रांसफार्मर का प्रबंध बिजली विभाग के सहयोग से किया गया। यह कार्य ग्रामवासी की निगरानी में किया गया। जैसे राजकुमार सिंह, धूरूप सिंह,करम देव सिंह, परवीन उरांव, किसुन महली, विमल महली, सुनील उरांव सन्नी लिंडा, रवि सिंह, सुहेल राज सिंह, प्रकाश महली, पंकज भगत, संदीप टोप्पो, अनिल उरांव, अनिल मुंडा एवं कन्हू पहान शामिल थे।

# विशाल चौधरी के करीबी रंजीत को अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पांच जुलाई को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के ग्लेकसी माल के पास जमीन कारोबारी संजय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, इस घटना में पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली वही 1 दिन बाद 7 जुलाई को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पुराना चौक के पास खुलेआम ऑफिस जा रहे रंजीत नाम के युवक पर गोली मारी गई है। गोली रंजीत के पैर में लगी है वह खतरे से बाहर है। रंजीत लातेहार के चंदवा का रहने वाला है। वह दो साल से रांची के प्रभा एनक्लेव अपार्टमेंट के दूसरे



तल में किराए के फ्लैट में रह रहा है।ऑफिस जाने के दौरान गोलीबारी कर अपराधी आराम से चलते बने। अपराधियों के हमले में घायल रंजीत को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार राहत की बात यह है कि वह खतरे से बाहर है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि घायल रंजीत कोयले का भी कारोबार किया करता था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी जांचने में जुटी हुई है। घटना स्थल पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा सहित स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुटी है। बताया जा रहा है कि रंजीत नाम के जिस युवक को गोली मारी गयी है वह ईडी की रडार में आए विशाल चौधरी के दफ्तर में काम करता है।

# प्रदेश कांग्रेस ने निकाला एकजुटता संकल्प मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को गुजरात हाई कोर्ट की ओर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर एकजुटता संकल्प मार्च निकाला। एकजुटता संकल्प मार्च कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से अलबर्ट एक्का चौक तक केन्द्र सरकार के खिलाफ निकाला गया। कांग्रेस के कार्यकर्ता बारिश के बीच हाथों में तख्तियां लेकर इसमें शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी और आगे भी लड़ते रहेंगे। ललित मोदी, नीरव मोदी, विजय माल्या, जतिन मेहता, मेहुल चोकसी जैसे भगोड़े केंद्र सरकार के निगरानी में जनता का पैसे लेकर विदेश पहुंच गए, भाजपा ने उन्हें आजाद कर दिया लेकिन राजनीतिक साजिश के तहत राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि अहंकारी सत्ता चाहती है कि देश के लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने वाले सवाल न उठे। महंगाई पर सवाल न पूछे जाएं। युवाओं के रोजगार पर कोई बात न हो। किसानों की भलाई



की आवाज न उठे। महिलाओं की हक की बात न हो। श्रमिकों के सम्मान का सवाल ना उठाया जाए। सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अहंकारी सत्ता जनता के हितों से जुड़े सवालों से भटकाने के लिए साम, दाम, दंड भेद सभी हथकंडा अपना रही है लेकिन सत्य पराजित नहीं हो सकता। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता की ताकत के आगे न तो सत्ता का अहंकार ज्यादा दिन टिकेगा और न ही सच्चाई पर झूठ का पर्दा। इनके अलावा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल, विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक रामचन्द्र सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू सहित कई नेता मौजूद थे।

# आईआईसीएम श्रमिक संघ के अध्यक्ष ने आईआईसीएम का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने आईआईसीएम का दौरा कर कैंपस में कार्य कर रहे कर्मियों का हालचाल जाना। इस अवसर पर विभिन्न साइड में काम करने वाले कर्मचारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि आईआईसीएम श्रमिक संघ से जुड़े हुए तमाम कर्मचारियों की सुविधाओं का ध्यान रखना सन की प्राथमिकता है जो पूर्व से होते आ रही है और आगे भी अनवरत जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि 1994 से आईआईसीएम के स्थापना काल से लेकर आज तक काम करने वाले कर्मचारियों को उनके अनुभव का लाभ के साथ साथ उचित सम्मान मिलना चाहिए और यह दायित्व आईआईसीएम प्रबंधन की भी बनती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही आईएसीएम प्रबंधन से मिलकर कर्मचारियों की बात रखी जाएगी।

इस अवसर पर मनोज सिंह, वीर बहादुर सिंह ,रमेश साहू ,अखय बेहरा, उत्तम कुमार मोहम्मद फखरुद्दीन सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## विनोद सिंह बनें आरजेडी के प्रदेश महासचिव



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम स्टेशन के समीप पुरुलिया रोड़ निवासी विनोद सिंह यादव को राष्ट्रीय जनता दल (ऋछ्ष्ठ) को झारखंड प्रदेश का महासचिव बनाया गया। उनका मनोनयन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने किया है। महासचिव बनाएं जाने पर प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव , महिला अध्यक्ष रानी कुमारी ,कमलेश यादव ,अनिल शर्मा जी, सीपी सोलंकी , राजेश रोशन, शिल्पी यादव , राजू सिंह, दीपक सिंह सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने विनोद सिंह को बधाई दी।

## करांजी में खुला सैफी वेल्डिंग शोप



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के कराँजी गांव के खटंगा मोड़ के समिप शुक्रवार को सैफी वेल्डिंग शोप का उद्धाट्न प्रमुख विनीता कच्छप, प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, प्रधान ऑस्कर मिंज ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इससे पूर्व विधिवत रूप से कुरआनखानी का प्रोग्राम किया गया। वेल्डिंग शोप के संचालक सोएब अंसारी ने बतलाया कि हमारे यहाँ स्टील और लोहा के सभी प्रकार के सामान उचित मूल्य पर काम किया जायगा।झ मौके पर प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि अब गांव में ही लोगों का हर जरूरत के सामान मिलेंगे। गांव के विकास के लिए कृषि के साथ- साथ व्यवसाय का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यवसाय नहीं बढ़ेंगे, तबतक गांव का विकास नहीं होगा। हमारी सरकार भी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये कई योजनाएं चला रही है। कराँजी गांव व्यवसाय के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गांव में हर जरूरत के सामान मिल रहे हैं। मौके पर झारखंड प्रशासनिक सेवा डॉ0 परमेश्वर भगत, मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, पंचस प्रतिनिधि अमीन अंसारी, अब्दुल अंसारी, समीम अंसारी, रामदयाल प्रजापति, सोमरा लोहरा, रूसतम अंसारी, जुलकरनैन अंसारी, संजय टंडन, करमु महतो, नौसाद आलम, सरवन लोहरा, मुस्तफा आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता कमलेश राम ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कांके प्रखंड क्षेत्र के ऊपर कोनकी के पूसू में दो युवकों की मृत्यु कुछ दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी।दोनों मृतक सिकंदर मुंडा व छोटू मुंडा के श्राद्धकर्म कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम और श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।इससे पूर्व अंतिम संस्कार के दिन भी मृतक युवक सिकंदर मुंडा व छोटू मुंडा के परिजनों से कमलेश राम मिले थे। और शोकाकुल परिवार का ढांढ़स बंधाया था।मृतक के परिजनों से मिलकर हाल चाल जाना, और हर सुख दुख में खड़ा होने की बात कही। तथा मृतक छोटू मुंडा के भोज व श्राद्ध कार्य में खाद्य सामग्री का सहयोग किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों से बात करके सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा मृतक के परिजनों को जल से जल्द दिलाने का आग्रह किया। मौके पर दीपक दास, रमेश मुंडा, राजू उरांव, रूपा उरांव, राज मुंडा व अन्य उपस्थित थे।

## सिंगपुर कांटाडीह सड़क जर्जर, लोगों को हो रही परेशानी

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंगपुर चौक से कांटा डीह जाने वाली सड़क पर इन दिनों फिर से बड़े गड्ढे बन गए है। बरसात का पानी भर जाने से इस सड़क पर लोगों का चलना एवं वाहनों का आवागमन काफी मुश्किल हो गया है। ज्ञात हो कि इसी सड़क से होकर आम लोगों के अलावे आर टीसी स्कूल के विद्यार्थी एवं सिंगपुर नर्सिंग होम के मरीज भी आते जाते हैं। इस सड़क के निर्माण की योजना सरकार से स्वीकृत भी हो गई है। लेकिन इस पर आज तक काम शुरू नहीं हुआ है। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## देवड़ी मंदिर में रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी का जन्मदिन मनाया गया



**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन कालीन दिवड़ी मंदिर में मशहूर क्रिकेटर माही के जन्मदिन को यादगार बनाया गया।झारखंड के राजकुमार भारतीय क्रिकेट टीम के पुर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का आज 42 वां जन्मदिवस के अवसर पर दिवड़ी मंदिर में पुजारियों के द्वारा उनके नाम पर विशेष पुजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु और सफलता की कामना के साथ जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर उनके प्रशंसक एव फैन माँ होटल के संचालक विक्की प्रसाद साहु के सौजन्य से मंदिर में केक काट कर धौनी के बर्थडे सेलिब्रेट किया गया। धौनी के पुजारी मनोज पंडा के द्वारा विशेष पुजा अर्चना संपन्न कराया गया। ज्ञात हो कि महेंद्र सिंह धौनी का मां दिउड़ी के प्रति आस्था जुड़ा हुआ है वर्षों से माही दिउड़ी मंदिर आते रहे हैं और ऐसा मानना है कि मां दिउड़ी ने उनकी हर मन्नत पूरी की है आज भी उनकी आस्था मां दिउड़ी के प्रति है और वो समय समय पर मंदिर आकर मां का दर्शन करते हैं।इस अवसर पर तमाम पुजारी तथा धौनी के फेन उपस्थित थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**निविदा रद्ध की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-08/2023–24, दिनांक–03.07.2023 (Construction of 200x150 mm dia & 125 mtr. Depth HYDT, Supplying and installation of 1.5 HP Motor pump, Cosnt. Of 2000 Ltr. Capacity Water storage tank, Const. Soakpit with drain, Pyauan and Hand wash unit etc. work **at Surat Pandey Degree Collage, Garhwa)** कार्य जो **PR No. 301374 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है :–

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 301750 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


# बचरा में वाशिंग के लिए प्लेटफार्म पर कार चढ़ाने के दौरान हादसा

## बेकाबू कार घुसा वाशिंग सेंटर में, संचालक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पेट्रोल पंप के पास गाड़ियों को धोने वाले वाशिंग सेंटर पर कार धुलाई के लिए आई कार को वाशिंग प्लेटफार्म पर चढ़ाने के दौरान कार बेकाबू होकर सेंटर के संचालक को घायल करते हुए दुकान में घुस गई।इस घटना में वाशिंग सेंटर का संचालक शिवकुमार सिंह पिता रघुबंश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद स्थानीय लोगो की मदद से घायल को तत्काल बचरा अस्पताल क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।इधर घटना की सुचना मिलते ही पिपरवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्विफ्ट कार को कब्जे में लेकर थाना ले गई।वहीं आगे की कारवाई शुरू कर दी है, हालांकि इस संबंध में थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वाशिंग सेंटर पर धुलने के लिए आई स्विफ्ट कार को लेकर आया युवक खुद ही प्लेटफार्म पर गाड़ी चढ़ा रहा था जिसे आगे खड़ा होकर सेंटर का संचालक निर्देश दे रहा था। प्लेटफार्म पर कार चढ़ने के बाद कार चालक द्वारा ब्रेक लगाने की जगह एक्सीलेटर पर पैर दब जाने से गाड़ी बेकाबू होकर सेंटर संचालक को धक्का मारते हुए पंप हाउस की दीवाल तोड़कर अंदर घुस गई।घायल सेंटर संचालक को छाती और सिर में गंभीर चोट आई है।हादसे के बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

## सामुदायिक प्रयास से बनाई नदी पर बनाया गया बोरी बांध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** सावन की पहली सोमवार में अब महज दो दिन शेष हैं। प्रत्येक सोमवारी को रांची, खूंटी, चाईबासा, जमशेदपुर समेत अन्य स्थानों से लगभग 15 से 20 हजार भक्त पहले बनई नदी पहुंचते हैं। जहां स्नान-पूजन के उपरांत पवित्र जल उठाकर पैदल तीन किमी दूर आम्रेश्वरधाम पहुंचकर भोले बाबा को जलाभिषेक करते हैं। लेकिन इस वर्ष सावन के चार दिन बीत जाने के बाद अल्पवृष्टि के कारण बनई नदी में पानी का बहाव काफी कम था। जिससे भक्तों को पानी की कमी का सामना करना पड़ता। भक्तों की परेशानी को ध्यान में रखकर शुक्रवार को बनई नदी पर सामुदायिक प्रयास से बोरीबांध का निर्माण किया गया। अब नदी में इतना पानी जमा हो गया है कि भोले के भक्तों को नहाने-धोने और जलाभिषेक के लिए जल उठाने में कोई परेशानी नहीं होगी। बोरीबांध निर्माण में जिला प्रशासन, सीआरपीएफ 94 बटालियन, सेवा वेलफेयर सोसाइटी, ग्रामसभा पेलौल, झामुमो, भाजपा, समेत पंचायत प्रतिनिधि व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। सबसे अहम योगदान सीआरपीएफ 94 बटालियन का रहा। भोले के भक्तों को जलाभिषेक के लिए जल की कमी ना हो, इसके लिए लोग जाति-धर्म और दलगत भावनाओं से उपर उठकर बोरीबांध निर्माण में अपना योगदान दिया। चार घंटे में बनकर तैयार हुआ बोरीबांध सावन के महीने में बनई नदी में पानी का बहाव काफी कम था। जिसे देखते हुए झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने बनई नदी पर बोरीबांध बनाने का सुझाव दिया था। जिसके बाद नदी बचाओ अभियान के तहत बोरीबांध बनाने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार की सुबह पौने सात बजे ही सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्रा, मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल, संतोष कुमार, सूबेदार मेजर संजीव कुमार एवं राजेश कुमार सिंह समेत लगभग 100 जवानों के साथ बनईनदी तट पर पहुंचे। पेलौल ग्रामसभा के सचिव प्रफुल्ल तिडू, शंकर तिडू, लक्ष्मण महतो, मुखिया नरगिस प्रियंका तिडू, झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश महतो, झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य सुदीप गुड़िया, झामुमो तोरपा प्रखंण्ड अध्यक्ष रोबिन तोपनो, उप प्रमुख संतोष कर, प्रखंण्ड उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो, सिंगराय कन्डुलना, जेम्स तोपनो, देवनीश तोपनो समेत सेवा वेलफेयर सोसाईटी के लोगों ने श्रमदान किया।


### कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) गुमला।

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अलसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर (कॉलेज) राज्य के अन्दर (WS)/ राज्य से बाहर (OS) में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवयक सूचना**

प्रवेशिकोत्तर (कॉलेज) छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा E-Kalyan पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु निर्धारित तिथि।

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | ई – कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर)** | |
| 1. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 25.07.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 02.08.2023 |
| | **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर)** | |
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई– कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 07.07.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 25.07.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 02.08.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार **Website – ekalyan.cgg.gov.in** पर उपलब्ध है।

PR 301690 (Welfare) 23-24 (D)

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला।



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।

(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

**–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची का पत्रांक–03नि०/न०–03/2019 रा०नि०आ०–472, दिनांक–02.06.2023 के द्वारा नगरपालिका आम चुनाव, 2023 के निमित मतदाता सूची तैयार करते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है।

**मतदाता सूची की तैयारी संबंधी निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत् है :–**

| क्र० | निर्धारित कार्यक्रम | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1 | तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 06.07.2023 को |

तैयार मतदाता सूची को विनिर्दिष्ट स्थानों (नगर परिषद् कार्यालय, रामगढ़, सभी संबंधित मतदान केन्द्र, वार्ड कार्यालयों) पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाता है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 301670 (Election) 23-24 (D)



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

(लापता महिला प्रतिमा देवी, उम्र–20 वर्ष)



मेराल थाना सनहा संख्या–16/23, दिनांक–03.07.2023, में लापता महिला प्रतिमा देवी, उम्र–20 वर्ष, पति–गुड्डू भुईहर, सा0–लखेया, पो0–बाना, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड की रहने वाली है। जो दिनांक–01.07.2023 को अपने पति–गुड्डू भुईहर को यह कह कर घर से निकली की गढ़वा काम करने के लिये जा रहे है। शाम को घर वापस नहीं लौटने पर इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला प्रतिमा देवी, उम्र–20 वर्ष, पति–गुड्डू भुईहर, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– प्रतिमा देवी,
उम्र– 20 वर्ष,
रंग– सावला,
लम्बाई– लगभग 5 फीट
पहनावा– हरा रंग की साड़ी, लाल रंग का हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.301666 Police(23-24):D


# महिला का शव तालाब से बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित जतरा बगीचा के समीप तालाब से पुलिस ने शुक्रवार की सुबह एक 40 वर्षीय महिला की शव बरामद किया है। जिसकी पहचान इसी गांव के मदन उरांव की दूसरी पत्नी जीतन उरांव के रूप में की गई है। इधर बेड़ो पुलिस ने शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक महिला शराब भी पीती थी जो कल रात से ही घर से गायब थी। मदन उरांव का निजी तालाब जो घर के पास ही है जिसमे सबरे ग्रामीणों ने शव को पानी में तैरते हुए देखा। जिसकी सूचना परिजन को दी। जिसके बाद घटना की बेड़ो पुलिस को दी। जहां जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम घटना स्थल पहुँचे। वही ग्रामीणों के सहीयोग से तैराक यूवक मनीष महली ने शव को गहरे पानी से बाहर निकाला। साथ ही पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव कर थाना ले आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर घटना को लेकर पुलिस हर पहलू की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दिष्ठा तालाब में डुबने मौत हुई प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। वैसे मामले की तहकिकात की जा रही है।


### Government of Jharkhand
### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU
(District Planning Office)

**Very Very Short-Request for Proposal (RFP)**

District Administration, Palamu, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for MEDICAL EQUIPMENT. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through the website: https://palamu.nic.in and hard copies of the technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before the declared due date.

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply and Installations of Medical Equipments in 4 CHC and 2 SDH of Palamu district |
| 2 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs. 10,000.00/- (Rs. Ten Thousand Only) in Favour of Di strict Planning Officer, Palamu along with the bid documents. |
| 3 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 4,00,000.00 (Four lacs only) |
| 4 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 15.07.2023 Time: 03:00 PM |
| 5 | Date and time of opening of Bid | Date : 15.07.2023 Time : 4.00 PM |
| 6 | Bid submission Place | District Planning Office, Palamu, Block-A, New Collectorate Building, Daltonganj |
| 7 | Bid Opening Place | Meeting Hall, Block-A, New Collectorate Building, Daltonganj |
| 8 | Contact Details | 8987884532 |

**PR.NO.301676 Palamu(23-24):D** **Deputy Commissioner, Palamu**



### कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।
### आवेदन का आमंत्रण (आम सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न है–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना ईकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष–2021–22 तक पुराने केजों/विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित/आर0ए0एस0/बॉयोफलॉक तालाब/बॉयोफलॉक टैंक में पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीज (लाख में) | 15 | 1.50 रू0 (प्रति पीस) | – | |
| 2 | सामान्य नाव (सं0 में) | 05 | 30000 (प्रति नाव) | 3000 (प्रति नाव) | |
| 3 | वर्ष–2018–19 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 20 | 22819 (प्रति पीस) | 7606 (प्रति पीस) | |
| 4 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटर चालित नाव (सं0 में) | 01 | 400500 (प्रति पीस) | 44500 (प्रति पीस) | |
| 6 | केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 04 | 455400 (प्रति केज हाउस) | 50600 (प्रति केज हाउस) | |
| 7 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 50 | 25000 (प्रति केज) | 10000 (प्रति केज) | |
| 8 | पुराने रिवराईन फिश फारमिंग (ईकाई में) | 25 | 25000 (प्रति यूनिट) | – | |
| 9 | पॉटेबुल हैचरी से मत्स्य स्पॉन उत्पादन (करोड़ में) | 10 | 40000 (प्रति करोड़ स्पॉन उत्पादन पर) | – | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक से कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 31.08.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकतें है। लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी तथा लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर उक्त खातें में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा करने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जायेगा। तत्पश्चात संपूर्ण राशि एजेंसी/आपूर्तिकर्ता के बैंक खातें में एक मुश्त हस्तांतरित की जायेगी।

नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशूल्क उपलब्ध।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 301710 Fish(23-24)D



### कृषि, पशुपालन एंव सहकारिता विभाग कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, गिरिडीह
### किसान भाईयों के लिए आम सूचना।

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्श 2023–24 के लिए "राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिलों में" अन्तर्गत सरकारी अनुदान पर भौतिक लक्ष्य के प्राप्ति एवं योजना का कार्यान्वयन हेतु इच्छुक कृशकों/महिला समूह/सखी मंडल/ कृशक समूह/FPO से आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| SL.N | Item | OSP Physical Target | SCSP Physical Target | Remark (Subsidy) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Small Nursery | 1ha | _ | Back Ended subsidy 50% |
| 2 | Dragon Fruit integrated package | 3 ha | 0.5 ha | |
| 3 | Straw barry (with drip and mulching) | 16 ha | 0.5 ha | 40% |
| 4 | Pineapple (suckar with Drip) | 4 ha | 1 ha | 40% |
| 5 | Papaya (With drip) | 8 ha | 2 ha | 40% |
| 6 | Mango (10mX10m) | 90 ha | 10 ha | 50% |
| 7 | Citrus (Nimbu) (4mX4.5m) | 6 ha | 1 ha | 50% |
| 8 | Litchi (10mX10m) | 4 ha | 0.5 ha | 50% |
| 9 | Pear (5mX5m) | 7 ha | 1 ha | 50% |
| 10 | Amla (6mX6m) | 12 ha | 2.5ha | 50% |
| 11 | Bael (10mX10m) | 7 ha | 1 ha | 50% |
| 12 | Guava (6mX6m) | 24 ha | 04 ha | 50% |
| 13 | Sapota (5mX5m) | 6 ha | 1 ha | 50% |
| 14 | Maintenance Area Expansion 1st year (2021-22) | 164 ha | 14 ha | _ |
| 15 | Maintenance Area Expansion 2nd year (2021-22) | 155 ha | 20.5 ha | _ |
| 16 | Vegetable(hybrid) | 155 ha | 20 ha | 40% |
| 17 | Flowers cultivation | 16 ha | 2 ha | 40% |
| 18 | Flowers Bulbulous | 14 ha | 2 ha | 40% |
| 19 | Loose Flowers | 68 ha | 8 ha | 40% |
| 20 | Seed spice and rhizometic spices (Turmaric,Ginjar,chilly Corander etc.) | 51 ha | 7 ha | 40% |
| 21 | Aromatic plants,Lemon Grass etc. | 18 ha | 2 ha | 40% |
| 22 | Rejuvenation/Replacement of senile plantation, canopy management | 4 ha | 1 ha | 40% |
| 23 | Plastic Mulching | 2.5 ha | 0.5 ha | 50% |
| 24 | Shade Net (Tubulor structure ) | 4000sq.m | 1000sq.m | 50% |
| 25 | Matarial cultivation of high value | 4000sq.m | 1000sq.m | 50% |
| 26 | Anti bird/ Anti hail Nets | 14 ha | 4 ha | 50% |
| 27 | Vermi compost unit /organic input production (HDPE Vermi bed) | 290 unit | 47 unit | 50% |
| 28 | Technology dissemination Through demonstration | 01 unit | _ | 75% |
| 29 | Training within State | 88 | 12 | 100% |
| 30 | Training Outside the state | 8 | 2 | 100% |
| 31 | Exposer visit outside the state | 4 | 1 | 100% |

उपर्युक्त योजना अनुदान पर आधारित है। कृशक अंशदान की राशि लाभुक को वहन करना होगा।

1. इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृशक को कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भर कर पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31.7.2023 को 5.00 बजे अपराह्ण तक आवेदन दे सकते हैं।
2. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोबाईल नं0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र जमीन संबंधी अद्यतन रसीद या *LPC* जिसके पीछे मुखिया द्वारा प्रमाणित वंशावली एवं आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले जमीन का जिक्र हो संलग्न होना आवश्यक है।
3. आवेदन पर जनप्रतिनिधि एवं *BAO/BTM/VLW/ATM/VEW* का अनुशंसा होना आवश्यक है।
4. वैसे लाभुक जिनका पिछले तीन वर्शों में उनका एवं उसके सगे किसी परिवार का चयन ना हुआ हो, उनका चयन किया जायगा।
5. पीछले तीन वर्शो में जिन गांवों का चयन इस योजना के लिए नहीं हुआ है, उस गांव को प्राथमिकता दिया जायगा।
6. आवेदक के पास पर्याप्त भूमि एवं पानी की सुविधा हो तथा वे सब्जी,फल फूल आदि खेती करते हो।
7. महिला कृशक एवं *JSLPS* से प्राप्त कृशक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह/*FPO*को प्राथमिकता दी जायगी
8. लाभुक का चयन पदाधिकारी/कर्मी/उद्यान मित्र के द्वारा स्थल जांच कर चयन समिति के द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त कृशक का चयन किया जायगा।
9. आवेदन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विहित प्रपत्र में हीं भरा जायगा, जिसे कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
10. इस वित्तीय वर्श में *Blockchain* में पंजीकृत कृशक होना अनिवार्य है, इसके बाद हीं आपके आवेदन के योजनानुसार चयन प्रक्रिया की जायगी।
11. आवेदक स्वयं अपना आवेदन जमा करें, एक व्यक्ति से एक हीं आवेदन लिया जायगा।
12. सभी योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला उद्यान कार्यालय, पुराना जेल परिसर गिरिडीह से प्रत्येक कार्य दिवस 11:00 पूर्वा0 से 05 अपराहण तक प्राप्त किया जा सकता है।

PR 301675 Agriculture(23-24)D

जिला उद्यान पदाधिकारी गिरिडीह।

## मारवाड़ी महिला मंच का बिष्टुपुर तुलसी भवन में भागवत कथा आज से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वधान और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर के आतिथ्य में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में शनिवार 08 जुलाई से शुभारंभ होगा, जो आगामी 14 जुलाई शुक्रवार तक चलेगा। इसकी सफलता के लिए मारवाड़ी महिला मंच की सदस्यों द्वारा सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। हरिद्वार के पास स्थित सुखताल के रहनेवाले कथावाचक परम श्रद्धेय सीताराम शास्त्री शुक्रवार की देर शाम को शहर पहुँच गये हैं। सीताराम शास्त्री व्यासपीठ से रोजाना दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे कथा का प्रवचन करेंगें। यह जानकारी शुक्रवार को मारवाड़ी महिला सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष मजू खंडेलवाल एवं प्रेस प्रभारी सुशीला खीरवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी।

## जमशेदपुर व धनबाद का पासपोर्ट आवेदन केंद्र आज खुला रहेगा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (रीजनल पासपोर्ट आफिस), रांची के निर्देशानुसार जमशेदपुर और धनबाद के आवेदन केंद्र कल, 8 जुलाई को खुले रहेंगे. इस संबंध में रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर (रांची) मनिता के. ने बताया कि जमशेदपुर और धनबाद के लिए पासपोर्ट जारी करना और आसान बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि दोनों शहरों में हमारे आवेदन केंद्र इस शनिवार (8 जुलाई 2023) को खुले रहेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि अगले 2-3 दिनों के भीतर अपॉइंटमेंट उपलब्ध होने तक जमशेदपुर केंद्र प्रत्येक शनिवार को खुला रहेगा. इच्छुक व्यक्ति अपॉइंटमेंट **www.passportindia.gov.in** पर ऑनलाइन बुक कर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं.

## उच्च विद्यालय चैनपुर में विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रूदिया पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चैनपुर में शुक्रवार को जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मेट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में समारोह आयोजन कर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका नीमा महतो, शिक्षक प्रकाश मंडल,कुमारी शीतल महतो, पीतम टुडू,सीमा बिम्हा,जयंती हंस सहित सभी विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद थे।

## निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने की बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी सरायकेला सुरेश कुमार सिन्हा द्वारा 57 खरसावां विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ पर्यवेक्षको के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित बी एल ओ को सरायकेला अंचल अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे कर सभी मतदान केंद्रों के शत प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित करने एवं नियमित अनुश्रवण का निर्देश दिया। बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों के अनुश्रवण हेतु पन्ना वेरीफिकेशन प्रक्रिया बताया गया। बैठक में सभी बीएलओ सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर भी उपस्थित रहे।

## जन्म व मृत्यु निबंधन के लिए कुचाई में कार्यशाला का आयोजन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुजाता कुजूर की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु निबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण बीडीओ ने अधिनियम 1969 के प्रावधानों के तहत जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में हो रही समस्या को दूर करने की जानकारी दी। मौके पर बीडीओ श्रीमती कुजुर ने कुचाई क्षेत्र में अभी भी लोगों की जागरूकता की कमी से जन्म -मृत्यु के निबंधन से पिछड़ा हुआ है। ताकि लोगों के बीच आगामी 14 जुलाई से 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर जन्म- मृत्यु का निबंधन शत प्रतिशत कराने के लिए जागरूक किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ सुजाता कुजूर, जिप सदस्य जींगी हेंब्रम, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, जिला सहायक संख्याकी पदाधिकारी गंगा सागर, चिकित्सा प्रभारी डॉ सुजीत मुर्मू, प्रभारी बीएओ सह प्रखंड संख्याकी पदाधिकारी हरिलाल राम, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार महतो, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोडा, सभी पंचायत सचिव आंगनवाड़ी सेविका सहिया एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## आवर क्लासेज में बच्चों के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गम्हरिया स्थित आवर क्लासेज नामक संस्थान में ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के तत्वावधान में बच्चो के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रभारी आकाश महतो, सदस्य अजय कारूवा व संस्थान के सह-संस्थापक अमन यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आकाश महतो ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई हमारे जीवन को सरल बनाती है एवं शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकती है। विशिष्ट अतिथि अजय कारुवा ने कहा कि कला एक ऐसी चीज है जो सिर्फ मनोरंजन या रुचि तक ही सीमित नहीं है। इस मौके पर कई मेघावी बच्चो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन छात्रा संगीता रानी सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के संस्थापक प्रमोद कुमार ने दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक सुजीत कुमार, प्रियंका कुमारी, राहुल,खुश्बू कुमारी, रविश कुमार, राखी सतपथी, अर्चना आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# जल संसाधन विभाग सचिव से मिले विधायक, रैयतदारों व विस्थापित ग्रामीण

### घोड़ानेगी गांव के 118 रैयतदारों का मुआवजा भुगतान व डैम जलस्तर 180 मीटर से निचे रखने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के निर्मल भवन परिसर में शुक्रवार को जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार से ईचागढ़ के विधायक सविता महतो व घोड़ानेगी गांव के रैयतदारों एवं विस्थापित ग्रामीण मिले। इस दौरान विधायक ने सचिव को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें चांडिल जलाशय स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के अंतर्गत दाया तट शिविर हेतु घोड़ानेगी गांव का जमीन विगत 40 वर्षो से कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनी, निरीक्षण भवन, पॉलिटेक्निक कॉलेज, गोदाम का निर्माण आपके द्वारा किया गया। लेकिन आज तक रैयतो का जमीन मुआवजा भुगतान नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता सुवर्णरेखा बांध प्रमंडल संख्या 2 चांडिल के द्वारा उक्त भूमि के अधिग्रहण हेतु अधियाचना विशेष भू अर्जन कार्यालय स्वर्णरेखा परियोजना चांडिल को दिया गया। अधिसूचना के अनुसार भु अर्जन कार्यालय द्वारा रैयतो को प्रथम नोटिस दिया गया। (अधिसूचना की कार्रवाई की गई है) राशि के अभाव में भू अर्जन द्वारा अभी घोषणा नहीं किया जा रहा है। 15 जुलाई 2023 को राशि प्राप्त ना होने के कारण भुअर्जन का प्रक्रिया लैप्स हो जाएगा। राशि 24.50 करोड़ के लिए विभाग को कई बार अधियाचना दिया गया है एवं चांडिल डैम प्रक्षेत्र में कुल 116 गांव पूर्णत प्रभावित हुए है परंतु वर्तमान में जल संसाधन विभाग द्वारा आर एल 183 मीटर तक के प्रभावित ग्रामों को पूर्णात पुनर्वास सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है ऐसी स्थिति में जनहित में आर एल180 मीटर तक ही जल भंडारण करना ही श्रेयस्कर है। मात्र 43 गांव के ही विस्थापितों का ही पुनर्वास की दिशा में पहल की जा रही है जबकि कुल 116 गांव को पूर्णा पुनर्वास की दिशा में पहल होनी चाहिए। उन्होंने पुनर्वास कार्यालय में निधि उपलब्ध नहीं होने एवं पुनर्वास कार्यालय संख्या 2 चांडिल द्वारा विस्थापितों के पुनर्वास अनुदान राशि आवंटन के अभाव में अभाव में पुनर्वास का कार्ज बाधित है। विधायक ने मांग पत्र के माध्यम से चांडिल बांध के जलस्तर को आर एल 180 मीटर से नीचे रखने व घोड़ानेगी के 118 रैयतो का जमीन मुआवजा भुगतान का मांग किया है। इस अवसर पर उपायुक्त अरवा राजकमल, अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, अभय यादव, पशुपति बागची, गणपति कैवत, सुभाष चंद्र महतो, अमीन महतो, धनंजय पोद्दार, डोमन कैवत , शक्ति पद मंडल, मधु गोप, सुधीर महतो, मोनोहर घुनीया, मानिक मंडल, काला चांद धीवर आदि विस्थापित उपस्थित थे।

**मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल**

## मृत्यु के पश्चात भी दुनिया देखेंगी निशांत अग्रवाल की आंखें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** साकची बाराद्वारी निवासी डॉ आर के अग्रवाल (शिशु रोग विशेषज्ञ) के छोटे पुत्र निशांत अग्रवाल (उम्र 28 वर्ष) की आंखें मृत्यु के पश्चात भी रोशनी देती रहेगी। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल पर शुक्रवार 7 जुलाई को निशांत के निधन के पश्चात डॉ आर के अग्रवाल एवं उनकी पत्नी अनीता अग्रवाल की सहमति से निशांत का नेत्रदान करवाने में सफल रहे। डॉ आर के अग्रवाल के बाराद्वारी निवास पर ही नेत्रदान करवाया गया। जिससे दो लोगों की दुनिया रोशन होगी। इस नेक कार्य में रोशनी संस्था की अध्यक्ष तरु गांधी, सचिव परविंदर तथा डॉ विवेक केडिया (नेत्र रोग विशेषज्ञ) की अहम भूमिका रही। इस पुनीत कार्य के लिए मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की अध्यक्ष बीना अग्रवाल ने डाक्टर अग्रवाल के परिजनों, रोशनी संस्था एवं डॉ विवेक को साधुवाद दिया। यह जानकारी मारवाड़ी महिला मंच की सुशील खीरवाल द्वारा दी गई। समाज के सभी बंधुओं से अपील है कि अगर किसी के घर में ऐसी घटना होती है और वे अगर नेत्रदान करवाने में इच्छुक हो तो मंच की अध्यक्ष बीना अग्रवाल (9304833999), सुशीला खीरवाल (9431952424) एवं सीमा अग्रवाल (7858016351) से संपर्क कर सकते हैं।

## गम्हरिया बाजार समिति की बैठक में समान दुकान के अंदर रखने का हुआ निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** गम्हरिया बाजार समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष दिनेश गोराई की अध्यक्षता में हुई। बाज़ार परिसर में आयोजित इस बैठक में काफी संख्या में दुकानदार शामिल हुए। इस दौरान दुकानदारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाजार के वैसे सभी स्थायी और अस्थायी दुकानदार जो अपनी दुकान से बाहर भी सामान रखकर रास्ते का अतिक्रमण कर रहे हैं वे स्वतः अतिक्रमित रास्ता को खाली कर देंगे। बताया गया कि जो दुकानदार इस निर्णय की अवहेलना करेंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गोराई ने कहा कि जो भी अस्थायी दुकानदार बाजार के भीतर अपने स्थायी जगह छोड़ कर सर्विस रोड में दुकान लगा रहे हैं, वे भी बाजार के भीतर अपने स्थान पर दुकान लगाएं अन्यथा उनके जगह को दूसरे व्यक्ति को हस्तानांतरित कर दिया जाएगा। समिति के इस निर्णय का सख्ती से पालन करने का निर्देश दुकानदारों को दिया गया। बैठक में समिति के संदीप सन्नी, पिंटू गोराई, सुखदेव तंतुबाई, गजलु गोप, जितेंद्र कुमार, संतोष पोद्दार, बापी दास, कुश महतो, सागर गोराई समेत काफी संख्या में दुकानदार उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के समर्थन में जिला कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा, मोदी सरकार के षड्यंत्र का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस के तत्वावधान में पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरीय नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर से राहुल गाँधी के समर्थन में पदयात्रा कार्यक्रम निकाला गया। गुजरात हाई कोर्ट के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को मानहानि केस में राहत नही दी गई है। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार ने षड्यंत्र रच कर राहुल गाँधी को फंसाकर जेल भेजने का कुचक्र रच रखा है, इतना ही नही आनन-फानन में लोकसभा से सदस्यता निरस्त कर दिया तथा सांसद आवास से बाहर करा दिया। भाजपा सरकार और नेताओ के दिल में कांग्रेस पार्टी के प्रति नफरत, घृणा, विद्वेष कुट कुट कर भरी है, ऐसी भावना लोकतंत्र के कतई लाभप्रद नही है। पदयात्रा कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष आनन्द मय पात्रा, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रजनीश सिंह, मंजीत आनन्द, मौलाना अंसार खान, संजय यादव, मनोज झा, संजय तिवारी, महिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, गुरदीप सिंह, आदि थे।

## राहुल गांधी की सजा बरकरार रखने के विरोध में धर्मेंद्र सोनकर ने निकाला मशाल जुलूस मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि मामले पर आज गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। गुजरात हाई कोर्ट के इस फैसले से असहमत एवं नाराज पूर्वी सिंहभूम के कांग्रेसियों ने कार्यकारी नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर के निर्देशानुसार में जिला सचिव रईस रिजवी छब्बन के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आज बिष्टुपुर में आक्रोश जुलुस निकाला। नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर ने कहा कि केंद्र एवं गुजरात में बैठी भाजपा सरकार ने, सरकारी संस्थानों का दुरूपयोग कर देश की आम जनता के साथ-साथ अदालत को भी गुमराह करने का काम किया हैं। केंद्र की मोदी सरकार वास्तव में हमारे नेता राहुल गांधी जी की भारत यात्रा एवं देश में मोहब्बत की दुकान खोलने की मुहीम से डरी हुई हैं। कांग्रेस के जिला-उपाध्यक्ष बब्लू झा ने आगे कहा कि राहुल गांधी का वह बयान वस्तुतः उन भगोड़ों के खिलाफ आम जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति मात्र था। इस आक्रोश रैली में भारत यात्री जेबा खान के अलावा जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा, जिला सचिव जनाब रिजवी, अभिजीत सिंह, अफसर चिंटू, राजा सिंह राजपूत, सीनू रेडी, हरे कृष्णा लोहार, मनीष मार्डी, गोविंद बगधल, गुलाब गद्दी, एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने मनाया वन महोत्सव 25 प्रजातियों के 7,000 से अधिक पेड़ लगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) ने पेड़ लगाकर वन महोत्सव मनाया। वन महोत्सव 1-7 जुलाई, 2023 तक आयोजित किया गया था और इस अवसर पर सीआरएम बारा, सिदगोड़ा सिटी फॉरेस्ट, कदमा बायोडायवर्सिटी पार्क, सिटी फॉरेस्ट कदमा, सिदगोड़ा चिल्ड्रेन पार्क, एग्रिको नेचर ट्रेल, और जुबली पार्क रोड एवेन्यू सहित जमशेदपुर के विभिन्न हिस्सों में 25 प्रजातियों के 7,000 से अधिक पेड़ लगाए गए थे। इस अवसर पर टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा के साथ कई पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे, टीएसयूआईएसएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा और टीएसयूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम ने भी भाग लिया। गौरतलब है कि, वन महोत्सव जुलाई के महीने में भारत में मनाया जाने वाला एक वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव है। इस महोत्सव की शुरुआत 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री कुलपति डॉ. के.एम. मुंशी ने की थी।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने ज्योतिर गम्या के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने आज ज्योतिर गम्या (आईआईटी दिल्ली के सक्षम और असिस्टेक लैब की एक पहल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ताकि तकनीकी सहायक के उपयोग पर दृष्टिबाधित व्यक्तियों की पहचान और प्रशिक्षण के लिए दो साल की लंबी परियोजना को लागू किया जा सके। सक्षम के संस्थापक डॉ. दीपेंद्र मनोचा और सक्षम के रणनीतिक सलाहकार राजीव रतूड़ी, टीएसएफ के सीईओ सौरव रॉय और टीएसएफ के कौशल विकास प्रमुख कैप्टन अमिताभ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ज्योतिर गम्या कार्यक्रम सहायक प्रौद्योगिकी के महत्व को पहचानने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो न केवल दृष्टिबाधित व्यक्तियों को पढ़ने और लिखने में स्वतंत्र बनाता है बल्कि उन्हें अपने बैंक खातों का संचालन करने और स्वयं बैंक लेनदेन करने जैसी कई गतिविधियों को स्वतंत्र रूप से ऑनलाइन करने में सक्षम बनाता है।


## झारखंड विधानसभा आश्वासन समिति ने की 2011 से लंबित मामलों की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** परिसदन सरायकेला के सभागार में झारखंड विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में लंबित आश्वासन एवं अन्य विकास कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के क्रम में सभापति ने बताया कि 2011 से अब तक लंबित सभी आश्वासनों को लेकर संलग्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई है। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर नगर आयुक्त नगर निगम आदित्यपुर गिरजा शंकर प्रसाद, परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दुराईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता व संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आवासीय विद्यालय व इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय कक्षा-6 की नामांकन तिथि बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा नेतरहाट विद्यालय के तर्ज पर संथाल परगना प्रमण्डल एवं कोल्हान प्रमण्डल में संचालित आवासीय विद्यालय तथा इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के सत्र 2023-24 में कक्षा-6 में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा तथा मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 से सम्बन्धित परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन 30.06.2023 तक आमंत्रित किया गया था। जिला के पदाधिकारियों द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि निम्नरूप से विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है -

**कक्षा 6 में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का पुनर्निधारित कार्यक्रम/ विस्तारित तिथि निम्नवत है:** 01. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने की विस्तारित तिथि- 18.07.2023 तक, 02. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन का प्रिन्ट निकालकर विद्यालय प्रधान से अभिप्रमाणित कराने के पश्चात् शुल्क सहित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने की तिथि- 21.07.2023 तक, 03. प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में शुल्क सहित आवेदन जमा करने की तिथि- 23.07.2023 तक, 04. जमा किए गए आवेदन के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन अनुमोदित करने की तिथि- 24.07.2023 तक, 05. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि- 28.07.2023 तक, 06. परीक्षा की तिथि- 05.08.2023

**मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा, 2023:** 01. परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम विस्तारित तिथि - 18.07.2023 तक । 02. जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र अनुमोदन करने की अन्तिम तिथि- 20.07.2023 तक । 03. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि- 26.07.2023। 04. परीक्षा की तिथि - 06.08.2023। सभी संबंधितों से अनुरोध है कि उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं के लिए निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन प्रपत्र भराना सुनिश्चित किया जाय।

## जेजेडब्ल्यूए की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया अभिनंदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का सम्मेलन झारखंड प्रेस आयोग का गठन करने व पत्रकारों को मान -सम्मान देने एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के संबंध में चर्चा आज सरायकेला स्थित परिसदन में हुआ. मौके पर रांची के पुष्कर महतो, पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष राजेश राय, महासचिव अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त महासचिव मनजीत सिंह एवं सचिव सृजन मिश्रा का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कोल्हान प्रभारी रास बिहारी व संचालन सुनील शर्मा ने की. झारखंड जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से विधायक अस्वाशन समिति के अध्यक्ष दीपक विरुवा को 11 सूत्री मांग पत्र सौपा गया. मांग पत्र के माध्यम से झारखंड प्रेस आयोग का गठन करने, पत्रकारों को मान -सम्मान दिया जाए,पत्रकारों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की ओर से कराने हेतु विशेष निर्देश दिया जाए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# 'आतंकवाद' एक बयान भर

आतंकवाद का मुद्दा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक असंख्य बार उठाया जा चुका है, लेकिन आज तक किसी बड़े देश के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। बेशक आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सबसे अहम मानवीय खतरा है, लेकिन अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में यह 'खालिस्तान' के रूप में और पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इराक, ईरान में 'जेहाद' के तौर पर आतंकवाद मौजूद है। चीन में भी आतंकवाद है, लेकिन वहां का कम्युनिस्ट शासन उसे प्रताड़ित कर और दबा कर रखता है। यह विडंबना है कि कोई भी देश आतंकवाद को स्वीकार नहीं करता। अजीब अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है कि आतंकी खालिस्तानी पश्चिमी देशों में भारत के वाणिज्य दूतावासों में आगजनी कर सकते हैं। भारत के खिलाफ 'पोस्टरबाजी' कर मारने की धमकियां दे सकते हैं। कहने को ये हमारे 'परममित्र' देश हैं और रणनीतिक साझेदार भी हैं। ये देश या तो खालिस्तानी हरकतों को काबू नहीं कर सकते अथवा करना नहीं चाहते। भारत के प्रधानमंत्री मोदी को 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में एक बार फिर आतंकवाद का मुद्दा उठाना पड़ा। हमें यह मुद्दा महज औपचारिकता और बयान भर लगता है। भारतीय प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बिना ही यह मुद्दा उठाया। उन्होंने वर्चुअल संवाद के जरिए, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में, आतंकवाद का उल्लेख करते हुए यहां तक कहा कि कुछ देश सीमापार आतंकवाद फैलाने में जुटे हैं। आतंकवाद को वे सरकारी नीति के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं। हम ऐसे देशों के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ेंगे। न जाने कितने देश, कितनी बार, निर्णायक जंग की बात कह चुके हैं, लेकिन आतंकवाद अब भी जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें एक समूह के तौर पर साथ मिलकर सोचने और लडने की जरूरत है। एससीओ देशों को ऐसे देशों की आलोचना और मुखालफत करनी चाहिए, जो सीमापार आतंकवाद को पोषित करते हैं। उन्हें पनाह देते हैं। आतंकवाद के संदर्भ में 'दोगला रवैया' नहीं अपनाना चाहिए। यहां गौरतलब है कि मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के 'मास्टर माइंड' आतंकी साजिद मीर को 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित करने के लिए अमरीका और भारत ने सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव रखे थे, लेकिन चीन ने 'वीटो पॉवर' का दुरुपयोग कर आतंकी और पाकिस्तान की हिफाजत की। भारतीय प्रधानमंत्री ने परोक्ष रूप से चीन को चेताया कि ऐसी कूटनीति नहीं होनी चाहिए। चूंकि आतंकवाद वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह किया कि इसके खिलाफ एससीओ के सभी सदस्य-देशों को एकजुट होकर निर्णायक जंग लडनी चाहिए। एससीओ के इस शिखर-सम्मेलन की अध्यक्षता भारत कर रहा था। अब कजाखस्तान को अध्यक्षता सौंपी गई है। सम्मेलन में तय हुआ कि सभी 9 सदस्य-देश अपने यहां सक्रिय आतंकी संगठनों की साझा सूची बनाएंगे। क्या इसमें भी ईमानदारी की अपेक्षा की जा सकती है? पाकिस्तान में सक्रिय रहे और आतंकवाद के लिए उसकी सरजमीं का इस्तेमाल करते रहे लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, अल बद्र, अलकायदा आदि आतंकी संगठनों में अधिकतर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्तर पर प्रतिबंधित हैं। क्या पाकिस्तान साझा सूची में उनके नाम शामिल करेगा? बैठक में अफगानिस्तान पर भी चर्चा की गई। वहां तो तालिबान के आतंकियों की हुकूमत है और लोकतंत्र की कोई गुंजाइश नहीं है। अफगानिस्तान फिलहाल एससीओ का 'पर्यवेक्षक सदस्य' है, लेकिन वह संपूर्ण सदस्यता का इच्छुक है। ऐसे देशों में से सिर्फ ईरान को सदस्यता दी गई है। एससीओ देशों में विश्व की करीब 42 फीसदी आबादी बसी है और करीब 25 फीसदी जीडीपी है। पश्चिमी देश इसे 'अधिनायकवादी देशों का मंच' करार देते हैं। भारत एक सक्रिय और महत्त्वपूर्ण सदस्य देश है, तो ऐसा समूह 'अधिनायकवादी' कैसे हो सकता है? एससीओ पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक चुनौती जरूर है, लेकिन ऐसे समूह को आतंकवाद के मुद्दे पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए।

> भारत के प्रधानमंत्री मोदी को 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में एक बार फिर आतंकवाद का मुद्दा उठाना पड़ा। हमें यह मुद्दा महज औपचारिकता और बयान भर लगता है। भारतीय प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बिना ही यह मुद्दा उठाया। उन्होंने वर्चुअल संवाद के जरिए, चीन के राष्ट्र पति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में, आतंकवाद का उल्लेख करते हुए यहां तक कहा कि कुछ देश सीमापार आतंकवाद फैलाने में जुटे हैं। आतंकवाद को वे सरकारी नीति के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं। हम ऐसे देशों के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ेंगे। न जाने कितने देश, कितनी बार, निर्णायक जंग की बात कह चुके हैं, लेकिन आतंकवाद अब भी जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें एक समूह के तौर पर साथ मिलकर सोचने और लडने की जरूरत है। एससीओ देशों को ऐसे देशों की आलोचना और मुखालफत करनी चाहिए, जो सीमापार आतंकवाद को पोषित करते हैं। उन्हें पनाह देते हैं। आतंकवाद के संदर्भ में 'दोगला रवैया' नहीं अपनाना चाहिए। यहां गौरतलब है कि मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के 'मास्टर माइंड' आतंकी साजिद मीर को 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित करने के लिए अमरीका और भारत ने सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव रखे थे, लेकिन चीन ने 'वीटो पॉवर' का दुरुपयोग कर आतंकी और पाकिस्तान की हिफाजत की। भारतीय प्रधानमंत्री ने परोक्ष रूप से चीन को चेताया कि ऐसी कूटनीति नहीं होनी चाहिए।

## कुछ अलग

# सेब बिक्री का तराजू

किसी भी फल और उपज का वजन बागबान और किसान की ख्वाहिशों से हल्का रह जाए, तो आर्थिकी का यह हिसाब निराश करता है। एक सेब उगाने तक हजारों पापड़ बेलने पड़ते हैं, क्योंकि मौसम से लेकर बिक्री केंद्र तक बागबानी का अर्थगणित लगातार दौड़ रहा होता है। बहरहाल, हर बार सरकार की पैरवी में कहीं भिन्न इस बार विपणन की नई गुंजाइश में यह सोचा गया कि बिक्री का तोल ठीक किया जाए ताकि जब मंडी से पावती रसीद बने तो हर सेब अपने वजन की कीमत वसूल ले। सरकार के बागबानी मंत्री के सामने पराला मंडी में बागबानों की चिंता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन बिक्री प्रक्रिया में ऐसा क्या झोल हो गया कि प्रति किलो के हिसाब से बिकने का वादा ही भ्रमित हो गया। दरअसल 24 किलो की पेटी का आढ़तियों की दृष्टि में होते मूल्यांकन ने दो किलो की कटौती कर दी और इस तरह वजन तो घटा, खर्चा बढ़ गया। बेशक यह फैसला आढ़तियों और सेब उत्पादकों के बीच एक नए सेतु के निर्माण करने की गर्ज से आपसी सहमति का परचम फहरा रहा था, लेकिन इसकी पहली मंजिल पर अविश्वास का ढेर क्यों लगा। किलो के दाम पर बिकते थोक भाव के सेब के साथ ऐसा क्या हो गया कि पराला मंडी में शोर सुना गया। दरअसल सेब जितना हिमाचली बाजार में दखल रखता है, उतना ही राजनीति को भी माप लेता है। इसलिए पराला के आक्रोश में सियासत नहीं हुई होगी, यह एक असंभव सी बात है, फिर भी इस विवाद की जड़ में बागबानी का कुछ तो हिसाब गड्डमड्ड हुआ होगा। एक कुशल बिक्री नीति के अर्थों में अगर उत्पादक के लाभ किन्हीं कारणों से असुरक्षित समझे जा रहे हैं, तो कहीं प्रक्रिया के कार्यान्वयन में खामी है। इस मामले में 24 किलोग्राम की पेटी के पेट से दो किलो की कटौती से जो सेब घट रहा है, उसके पीछे की कहानी को समझना होगा। यह बागबान का धन है जिसे फलमंडी अगर पूरी तरह तोल नहीं पा रही है, तो ग्रामीण आर्थिकी के रोड़े कैसे दूर होंगे। भले ही सरकार ने एक पहल करते हुए परिपाटी बदली, लेकिन कार्यान्वयन की दिक्कतों में तराजू गुनहगार निकल आया। यहां घर के तोल, कार्टन के बोझ से कहीं भिन्न आढ़ती का बोल यह बता रहा है कि उसे चौबीस किलो से दो किलो छीनने का हक इसलिए मिल गया क्योंकि किसी बागबान ने शिद्दत से सेब उगाया, उसे मौसम और प्रतिकूल परिस्थितियों से बचा कर तथा निरंतर बढ़ती लागत में ढोकर मंडी तक पहुंचाया है। वह अब मंडी के व्यापारिक रहमो कर्म पर है, इसलिए सरकार से दखल की मांग कर रहा है।

## अजित पवार अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से बगावत कर डिप्टी सीएम बन गए हैं

# झटका सिर्फ एनसीपी को नहीं बल्कि समूची विपक्षी एकता को लगा है

ललित गर्ग

> राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले शरद पवार की पार्टी का यह हश्र आश्चर्यकारी ही नहीं, बल्कि एक बड़ा विरोधाभास एवं विपक्षी एकता का संकट भी है। एक तरफ इस तरह के घटनाक्रम को राजनीतिक दलों में आंतरिक असंतोष व गुटबाजी से जोड़ा जा सकता है तो दूसरी तरफ सत्ता के उस स्वाद की आकांक्षा से भी, जिसे हर कोई पाना चाहता है। राजनीतिक दलों में बगावत का ऐसा दौर जब भी होता है इस बात को जोर-शोर से प्रचारित किया जाता है कि उनके दल में लोकतंत्र नहीं रहा इसलिए वे अपने विरोधियों से हाथ मिला रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि इस तरह राजनीतिक दलों से लोकतंत्र गायब होता रहा है, तो ऐसे अलोकतांत्रिक दल कैसे देश के लोकतंत्र को हांक सकेंगे? आजकल राजनीति में उल्टी गिनती एक 'सूचक' बन गई है, "किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक उठापटक या घटनाक्रम की शुरुआत के लिए"।

वर्ष 2024 के चुनाव से पूर्व भारतीय राजनीति के अनेक गुणा-भाग और जोड़-तोड़ भरे दृश्य उभरेंगे। महाराष्ट्र में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए तो ऐसा ही लगता है। वहां जो हुआ है उससे विपक्ष में खलबली है, घबराहट एवं बेचैनी स्पष्ट देखी जा सकती है, जो पटकथा महाराष्ट्र में लिखी गयी है, वही बिहार में भी लिखी जा सकती है। राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार को दबाने के लिये, सत्ताकांक्षा एवं आंतरिक असंतोष के चलते ऐसे समझौते, दलबदल एवं उल्टी गिनतियां अब आम बात हो गयी हैं। कल तक सत्ता पक्ष को कोसने वाले अजित पवार अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से बगावत कर डिप्टी सीएम बन गए हैं। राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले शरद पवार की पार्टी का यह हश्र आश्चर्यकारी ही नहीं, बल्कि एक बड़ा विरोधाभास एवं विपक्षी एकता का संकट भी है। एक तरफ इस तरह के घटनाक्रम को राजनीतिक दलों में आंतरिक असंतोष व गुटबाजी से जोड़ा जा सकता है तो दूसरी तरफ सत्ता के उस स्वाद की आकांक्षा से भी, जिसे हर कोई पाना चाहता है। राजनीतिक दलों में बगावत का ऐसा दौर जब भी होता है इस बात को जोर-शोर से प्रचारित किया जाता है कि उनके दल में लोकतंत्र नहीं रहा इसलिए वे अपने विरोधियों से हाथ मिला रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि इस तरह राजनीतिक दलों से लोकतंत्र गायब होता रहा है, तो ऐसे अलोकतांत्रिक दल कैसे देश के लोकतंत्र को हांक सकेंगे? आजकल राजनीति में उल्टी गिनती एक 'सूचक' बन गई है, "किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक उठापटक या घटनाक्रम की शुरुआत के लिए"। विभिन्न राजनीतिक दलों में ऐसी कई उल्टी गिनतियां चल रही हैं। कई कद्दावर नेताओं के सार्वजनिक/भावी जीवन की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। करोड़ों-अरबों के घोटाले और रोज कोई न कोई उसमें और पलीता लगाने वालों के नाम जुड़ रहे हैं। इन पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की कार्रवाई की गिनती शुरू हो रखी है। किसी की भी हालत ठीक नहीं है। ये उल्टी गिनतियां परिचायक हैं कोई नया पर्दा उठने की, किसी नए विस्फोट की। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेताओं की कई उल्टी गिनतियां हुईं, फलस्वरूप कई सरकारें गिरीं/बनीं/पर टिकी नहीं। अबकी बार कितनी दूर जाएगी-यह गिनती, पूरी होने पर ही मालूम होगा। पर कांप अभी से कई नेता रहे हैं। इसीलिये ऐसे बेमेल गठबंधन एवं उठापटक देखने को मिल रही है, आम चुनाव आने तक ऐसे तरह-तरह के परिदृश्य उभरेंगे। ऐसे में देखना होगा कि जांच एजेंसियां इन



नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के मामलों में आगे क्या करती हैं। बहरहाल, दलबदल भले ही महाराष्ट्र में हुआ हो, इसकी सबसे बड़ी चोट राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पड़ी है। शरद पवार विपक्ष के सबसे कद्दावर नेताओं में हैं और विपक्षी एकता के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनके पैरों के नीचे से उनकी लगभग पूरी पार्टी को खींच कर भाजपा ने यह संदेश दिया है कि विपक्षी नेता जो भी दावे करें, उनकी पार्टी ही उनके काबू में नहीं है। यह बहुत बड़ा संदेश है, जिसका जवाब तलाशना भी विपक्षी दलों के लिए जरूरी है। भाजपा एक सक्षम एवं ताकतवर पार्टी है, नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह करिश्माई राजनेता हैं, अनेकानेक विशेषताओं वाले इन दोनों नेताओं की एक बड़ी विशेषता यह है कि ये अपने साथ दगा करने, धोखा देने या विश्वासघात करने वालों को कभी माफ नहीं करते। मौका आने पर ये ऐसे लोगों को सबक जरूर सिखाते हैं, महाराष्ट्र में सियासी उठापटक ऐसा ही सबक है। चुनाव पूर्व गठबंधन को नकारते हुए 2019 में शिवसेना ने अपने सहयोगी दल भाजपा से संबंध तोड़ जिस तरह सरकार बनाई और उसके जवाब में बाद में भाजपा ने जो दांव खेला, वह किसी से छिपा नहीं नहीं है। विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष रहे अमित शाह को चुनाव परिणाम बाद उद्धव ठाकरे ने धोखा दे दिया था। इसी कारण एकनाथ शिंदे शिवसेना से बगावत कर सीएम बनने में कामयाब हुए। दरअसल महाराष्ट्र में राकांपा के साथ जो कुछ भी हुआ उसका एक बड़ा कारण यह भी है कि शरद पवार ने चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के साथ सरकार बनाने को राजी होकर भी तीन-चार दिनों में ही पलटी मार ली थी। इस तरह से शरद पवार ने भी अमित शाह को धोखा दिया था। एक चीज साफ नजर आती है कि भाजपा को धोखा देने वाले नेता अथवा पार्टी को अमित शाह राजनीतिक रूप से माफ नहीं करते। अमित शाह उस नेता या पार्टी को राजनीतिक सबक सिखाने के लिए बस सही समय का इंतजार करते हैं। ताजा घटनाक्रम के लिए विपक्षी दल भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, भाजपा इसे राकांपा का अंदरूनी मामला बता रही है तो एनसीपी के बागी नेता किसी दबाव से इंकार करते हुए विकास के लिए शिंदे सरकार का साथ देने की बात कह रहे हैं। राजनीतिक जोड़-तोड़ के माहिर खिलाड़ी रहे राकांपा प्रमुख शरद पवार के लिए यह निश्चित ही बड़ी राजनीतिक मात साबित हुई है। ऐसे वक्त में जब समूची भारतीय राजनीति में पवार खुद विपक्षी एकता के प्रयासों में जुटे थे, उनकी ही पार्टी में यह विभाजन महाराष्ट्र की नई राजनीतिक इबारत लिखने वाला होगा, इसमें कोई संशय नहीं है। लेकिन अहम सवाल यही उठता है कि देश की राजनीति आखिर सत्ता की खातिर ऐसे रास्ते पर क्यों चलने लगी है? पृथक चुनाव चिह्न पर जीत कर आने वाले आसानी से विरोधियों से हाथ क्यों मिलाने लगे हैं? देखा जाए तो धन बल के सहारे सत्ता पाना और सत्ता के सहारे धनबल हासिल करना आज की राजनीति की विकृति एवं विसंगति बन गया है। महाराष्ट्र में राकांपा के अंदर मची उठापटक के बाद उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में जनता दल युनाइटेड और झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा को पार्टी में टूट का खतरा सताने लगा है। ऐसा ही डर कुछ और छोटी पार्टियों को भी है। लेकिन सबसे ज्यादा घबराहट जनता दल युनाइटेड खेमे में देखी जा रही है। जनता दल युनाइटेड की यह घबराहट स्वाभाविक भी है क्योंकि उसने भाजपा को जो धोखा दिया था उसका जवाब अब तक भाजपा ने नहीं दिया है। इन विपक्षी दलों की यह घबराहट सत्ता-लोलुपता की प्रवृत्ति के साथ किये गये भ्रष्टाचार के कारण है। शायद यही वजह है कि विपक्षी पार्टियों की बेंगलुरु में प्रस्तावित बैठक टलने की चर्चा भी शुरू हो गयी, लेकिन कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया कि बैठक बेंगलुरु में ही 17 और 18 जुलाई को ही होगी। कांग्रेस नेताओं ने यह बताना भी जरूरी समझा कि महाराष्ट्र में हुई घटनाओं का विपक्षी दलों के एकता के प्रयासों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। मगर पार्टी में सेंध लगने के बाद इन दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने राजनीतिक धरातल को बनाए रखने की है। सवाल यह खड़ा हुआ है कि क्या नेताओं के साथ-साथ पार्टी का वोट आधार भी दूसरे खेमे में चला गया है। विपक्षी दलों की एकता से पहले ही उनके बिखरने की घटनाएं आश्चर्यकारी होने के साथ ही राजनीतिक दलों के कमजोर मनोबल की परिचायक हैं।

# साहित्यिक तीर्थ का दर्जा प्राप्त है गुलेर को

> प्राकृतिक हसीन नजारों से सराबोर अपने में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत समेटे गांव गुलेर जाने का सुखद संयोग बन गया। चंद्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म 7 जुलाई, 1883 तथा मात्र 39 वर्ष की आयु में 12 सितम्बर, 1922 को निधन हो गया। 1995 में उनकी लिखी शाहकार रचना, 'उसने कहा था' प्रसिद्ध पत्रिका 'सरस्वती' में प्रकाशित होते ही चर्चा का विषय बन गई। यह कहानी देश-विदेश के विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल है तथा इस पर अनेकों शोध कार्य हो चुके हैं। 1405 में तत्कालीन राजा हरिचंद ने गुलेर रियासत की नींव रखी थी तथा हरिपुर को इसकी राजधानी बनाया था। यहां की संस्कृति विशेषकर चित्रकला ने 17-18वीं सदी में कांगड़ा चित्रकला के रूप में विश्वख्याति अर्जित की। इस ऐतिहासिक गांव को विरासती गांव का दर्जा प्राप्त हो चुका है। गुलेर गांव आज राजा हरि चंद तथा 'उसने कहा था' के लेखक चंद्रधर शर्मा के कारण विश्व प्रसिद्ध है। गुलेर गांव, पठानकोट से वाया जोगेन्द्रनगर नैरोगेज रेलवे लाईन से जुड़ा हुआ है।

लगभग 108 वर्ष पूर्व प्रथम विश्वयुद्ध के तुरंत बाद 1915 में पंजाब के गांव गुलेर वासी (अब हिमाचल प्रदेश) चंद्रधर शर्मा गुलेरी द्वारा लिखी विश्व प्रसिद्ध हिन्दी की श्रेष्ठ कहानी 'उसने कहा था' जिस पर 1960 में हिन्दी फिल्म का निर्माण भी हो चुका है, जिसमें मोनी भट्टाचार्य के निर्देशन में सुनील दत्त तथा नंदा सरीखे फिल्मी सितारों ने अदाकारी की थी, करीब 50 वर्ष पूर्व इस विलक्षण प्रेमकथा को पढने के उपरान्त मेरे मन में गुलेर गांव जाकर नतमस्तक होने की तीव्र उत्कंठा पैदा हुई थी जिस गांव के सपूत ने कालजयी कहानी का सृजन किया था। गुलेर गांव हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में स्थित है। अपने गांव गुलेर से गुलेरी उपनाम को जोड़ा तो गुलेरी शब्द समस्त दुनिया में मान-सम्मान का प्रतीक बन गया। यह कहानी अमृतसर की तंग गलियों तथा व्यस्त बाजार में तांगा चलाने वाले के पंजाबी में बोले गये संवादों से आरम्भ होती है। गांव गुलेर भ्रमण की मेरी चिरकालिक इच्छा हिमाचल के प्रसिद्ध लेखक राजेन्द्र राजन के सौजन्य से पूरी हो सकी। प्राकृतिक हसीन नजारों से सराबोर अपने में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत समेटे गांव गुलेर जाने का सुखद संयोग बन गया। चंद्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म 7 जुलाई, 1883 तथा मात्र 39 वर्ष की आयु में 12 सितम्बर, 1922 को निधन हो गया। 1995 में उनकी लिखी शाहकार रचना, 'उसने कहा था' प्रसिद्ध पत्रिका 'सरस्वती' में प्रकाशित होते ही चर्चा का विषय बन गई। यह कहानी देश-विदेश के विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल है तथा इस पर अनेकों शोध कार्य हो चुके हैं। 1405 में तत्कालीन राजा हरिचंद ने गुलेर रियासत की नींव रखी थी तथा हरिपुर को इसकी राजधानी बनाया था। यहां की संस्कृति विशेषकर चित्रकला ने 17-18वीं सदी में कांगड़ा चित्रकला के रूप में विश्वख्याति अर्जित की। इस ऐतिहासिक गांव को विरासती गांव का दर्जा प्राप्त हो चुका है। गुलेर गांव आज राजा हरि चंद तथा 'उसने कहा था' के लेखक चंद्रधर शर्मा के कारण विश्व प्रसिद्ध है। गुलेर गांव, पठानकोट से वाया जोगेन्द्रनगर नैरोगेज रेलवे लाईन से जुड़ा हुआ है। 1928 में यहां रेलवे स्टेशन स्थापित हुआ। 18वीं सदी में यहां के कलाकारों ने पेंटिंग की एक ऐसी शैली विकसित की जो अध्यात्मिकता की भावना से ओत-प्रोत है। हरिपुर गुलेर की पहाडियों में राजा हरिचंद द्वारा निर्मित किले के खंडहर, मन्दिर तथा गुफाएं मौजूद हैं, जिनका सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्व है। गांव गुलेर में लगभग चार सौ परिवार रहते हैं। वर्तमान में यहां की जनसंख्या 1700 के लगभग है। हम गुलेर में रहते चंद्रधर शर्मा गुलेरी के पौत्रों डॉ. नंद किशोर परिमल तथा बृजेश गुलेरी से मिले। उनका सलेटों तथा कच्ची मिट्टी की दीवारों वाला पुश्तैनी मकान आज भी सुरक्षित है, जहां चंद्रधर शर्मा गुलेरी का बचपन बीता था। यहां उनके पूर्वज सांझे परिवार के रूप में रह रहे थे। उस कच्चे घर की बगल में दो मंजिला 'चंद्रभवन' भी उनके पड़पौत्र विकास गुलेरी द्वारा निर्मित किया गया है जहां चंद्रधर शर्मा गुलेरी अपने राजस्थान प्रवास के दौरान कभी-कभी गुलेर गांव में आकर ठहरते थे। गुलेरी जी के पौत्र डॉ. पीयूष गुलेरी ने चंद्रधर शर्मा गुलेरी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शोध करके पीएचडी डिग्री हासिल की थी तथा उनके दूसरे भाई डॉ. प्रत्यूष गुलेरी ने चंद्रधर शर्मा की सभी रचनाओं को एक वृहदग्रंथ के रूप में संरक्षित किया है जिसे भारत की प्रतिष्ठित संस्था भारतीय साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित किया गया है। उन्होंने 'उसने कहा था' कहानी की हस्तलिखित तथा गुलेरी जी से संबंधित कई दुर्लभ चित्रों को अमूल्य धरोहर के रूप में संभाला हुआ है। यह बात किसी कौतुक से कम नहीं है कि चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने ज्यादा लेखन निबंध विधा में किया था। सम्पूर्ण जीवन में उन्होंने मात्र चार कहानियां ही लिखीं। तीन पूरी तथा एक अधूरी। उसने कहा था, सुखमय जीवन तथा बुद्धू का कांटा। चौथी अधूरी कहानी है 'हीरे का हार', जिसे हिमाचल के ही प्रसिद्ध कथाकार डॉ. सुशील कुमार फुल्ल ने पूरा करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। मात्र तीन कहानियां लिख कर ही चंद्रधर शर्मा गुलेरी हिन्दी कथा जगत में अमर हो गए। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राज्यों के बंटवारे के कारण यह विरासत हिमाचल के हिस्से में चली गई है, लेकिन जब यह कहानी लिखी गई और इस पर फिल्म बनी तथा विश्वप्रसिद्धी प्राप्त हुई तब गांव गुलेर का लेखक महापंजाब का ही मूल निवासी था। यह मान पंजाब की जरखेज धरती को ही जाता है। इस कहानी की पृष्ठभूमि अमृतसर (पंजाब) की ही है। हिमाचल प्रदेश कला तथा संस्कृति विभाग द्वारा चंद्रधर शर्मा गुलेरी के नाम पर प्रतिष्ठित पुरस्कार स्थापित किया गया है। गांव हरिपुर गुलेर के राजकीय महाविद्यालय का नाम भी चंद्रधर शर्मा गुलेरी के नाम पर ही रखा गया है। गुलेर गांव एक ऐसी अन्य विशेषता के कारण प्रसिद्ध है, जिसका उदाहरण शायद ही विश्व भर में कहीं मिलेगा। यह कि गुलेर गांव में सभी धर्मों, जातियों, गोत्रों के लोग रहते हैं। उनकी जातियों के हिसाब से अलग-अलग मोहल्ले भी हैं, लेकिन सारे गांववासी विश्व प्रसिद्ध चंद्रधर शर्मा गुलेरी के कारण अपने नाम के साथ अपना गोत्र या जाति लिखने की बजाय 'गुलेरी' लिखने में ही मान महसूस करते हैं। यह रुझान नयी पीढ़ी में भी कायम है। एक लेखक की कृति ने कितने बड़े सामाजिक परिवर्तन को अंजाम दिया कि लोग अपनी जान-पहचान जाति-पाति से कायम रखने के स्थान पर लेखक के उपनाम 'गुलेरी' से अपनी पहचान स्थापित कराने हेतु प्रेरित हुए। इस महान लेखक की वर्तमान पीढ़ी ने अपनी मेहमाननवाजी, मिलनसारता, मीठे वचनों, सादगी, सरलता व सहयोग से हमें अपना बना लिया। गुलेर गांव में गुलेरी जी की स्मृति में वार्षिक एकत्रताएं आयोजित होती हैं तथा देश-विदेश से शोधार्थी, विद्वान, पर्यटक तथा साहित्यिक यात्री यहां आते है।

## देश दुनीया से

# जिंदगी या जिंदादिली

बहुत वर्ष पहले रोटरी क्लब का एक आदर्श वाक्य हुआ करता था। वह वाक्य वस्तुतः एक प्रार्थना है जिसे नॉर्मन विंसेंट पील नामक विश्वविख्यात कवि ने लिखा था और यह इतनी अर्थपूर्ण है कि सारे जीवन का फलसफा उसमें समाया हुआ है। वह आदर्श वाक्य है .. 'हे प्रभु, मैं जिन चीजों को बदल नहीं सकता, मुझे उन्हें सहन करने की शक्ति दीजिए, जो बदल सकता हूं उसे बदलने का साहस दीजिए और इन दोनों का अंतर जानने की समझ दीजिए।' इस प्रार्थना के तीन भाग हैं .. पहला, हम उन चीजों को बर्दाश्त कर सकें जिन्हें हम बदल नहीं सकते। दूसरा, जो चीजें सही नहीं हैं और हममें उन्हें बदल सकने की क्षमता है तो उन्हें बदलने पर होने वाले विरोध को झेल सकें, आलोचना को झेल सकें और अपना पद गंवाने की आशंका को झेल सकें या पद गंवाने को तैयार रहें, और तीसरा, हममें वह विवेक आ जाए कि हम यह समझ सकें कि हम क्या बदल सकते हैं और क्या नहीं। अक्सर होता यह है कि जो व्यक्ति या चीजें हमें पसंद नहीं हैं और हम उन्हें बदल नहीं पाते, उनको लेकर हम कुढ़ते रहते हैं, झुंझलाते रहते हैं और अक्सर हम दूसरे लोगों के सामने अपनी भड़ास भी निकालते हैं। इससे कई नुकसान होते हैं। पहला नुकसान तो यह है कि हम कुढ़ कर, झुंझला कर खुद को तनाव में ले आते हैं और अपनी सेहत खराब करते हैं। दूसरा नुकसान यह है कि लगातार तनाव में रहने के कारण हमारी कार्यक्षमता घटती है, काम की गुणवत्ता घटती है और हम अपने सहकर्मियों ही नहीं, धीरे-धीरे खुद अपनी नजरों में भी गिरते हैं। तीसरा नुकसान यह है कि यदि हम किसी व्यक्ति को या उसके कामकाज के तरीके को पसंद नहीं करते, पर अगर हम उन्हें बदल नहीं सकते तो साधारणतया हम उनकी पीठ पीछे उनकी बुराई करेंगे, और जब हम किसी की पीठ के पीछे उसकी बुराई करते हैं तो यह हमारी अपनी कमजोरी को दर्शाता है, ऐसा करके हमें कोई लाभ भी नहीं होता, बल्कि हम हम अपनी शक्तिहीनता का ढिंढोरा खुद पीटते हैं, जिससे लोगों की निगाह में हमारा आदर घटता है। सो, अगर हम ऐसी चीजों या व्यक्तियों को बर्दाश्त करना सीख लें और उनके बारे में धनात्मक दृष्टिकोण अपनाएं तो इन सारी लानतों से बच सकते हैं। जीवन जीने या घसीटने, और जिंदादिली से जीवन जीने में यही अंतर है। जब हम किसी ऐसे पद पर या मुकाम पर हैं जहां हम उन चीजों या व्यक्तियों को बदल सकते हैं, जो गलत हैं या नहीं होने चाहिएं या समाज के लिए हितकर नहीं हैं, उन्हें भी बदलने में कई बार इसलिए हिचकिचाते रहते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि कमियों और गलतियों के बावजूद उस वस्तु, कार्यविधि अथवा प्रक्रिया (प्रोसेस) या व्यक्ति को बदल पाना संभव नहीं है क्योंकि हमारे उच्चाधिकारी, सहकर्मी अथवा समाज या तो हमारे विचार से सहमत नहीं हो पायेंगे या फिर उन्हें यह विश्वास नहीं हो पायेगा कि एक बार बदलने के बाद हम उसे बदला हुआ रख सकेंगे, या यह कि बदलने पर नई कठिनाइयां आयेंगी जो अभी की कठिनाइयों से भी ज्यादा बड़ी हो सकती हैं। विरोध का भय, कठिनाइयों का भय हमें जकड़ लेता है और हम अपंगों की तरह व्यवहार करने लगते हैं। साहस की कमी के कारण हम वह नहीं कर पाते जो करना चाहते हैं, बावजूद इसके कि हममें वह करने की क्षमता या शक्ति है। इसके विपरीत जब हम धीरज के साथ स्थिति का सांगोपांग विश्लेषण करते हैं, लोगों को अपना पक्ष बताते हैं और उनकी सहमति लेने का प्रयास न केवल करते हैं बल्कि जारी रखते हैं, लोगों की सहमति लेने के लिए कार्ययोजना बनाते हैं, उसकी खूबियों-खामियों का विश्लेषण करते हैं, उसकी कमियां दूर करते हैं और फिर अपनी सदिच्छा का विश्वास दिलाकर या फिर सीधे-सीधे विरोध की परवाह किये बिना अंततः उन चीजों को बदल डालते हैं जो हानिकारक हैं तो हम अपने साहस का परिचय देते हैं।

> लब्बोलुआब यह कि जब हम जीवन की कठिनाइयों और विसंगतियों के साथ खुशी-खुशी रहना सीख लेते हैं तो जीवन उत्सव बन जाता है। यहां यह ध्यान देने की बात है कि हम कठिनाइयों के बावजूद, कमियों के बावजूद, असहमतियों के बावजूद खुशी-खुशी रहना सीखते हैं, तभी ऐसा हो पाता है कि हम जीवन का आनंद ले सकें, अपनी जीवंतता बरकरार रख सकें, खुद खुश रह सकें और दूसरों को खुश रख सकें, खुद भी निराश न हों और अपने आसपास के लोगों में भी आशा का संचार कर सकें। जब ऐसा हो जाता है तो जीवन सुखमय बन जाता है। जीवन जीने या घसीटने, और जिंदादिली से जीवन जीने में यही अंतर है।

## नागरिक बोध

# फिर वही दर्द है...

इस देश के लोगों को उन कतारों में खड़े होने की आदत हो गई है, जो आगे नहीं सरकती। वैसे कतारों में खड़े होने की आदत यहां है भी नहीं। कतार तोड़ कर आगे बढ़ जाने की धक्कमपेल है। धक्का-मुक्की यहां शूरवीरता मानी जाती है और चोर दरवाजे खोल कर गद्दी पर आसीन हो जाना नए युग का धर्म। फिर जो आसीन हो गया, वह नीचे उतरता कहां है। संन्यास लेने का वक्त आ जाए तो भी देश की चिंता उसे इतना सताती है कि उसका संन्यास मुल्तवी होता जाता है। यहां त्याग और तपस्या एक मुखौटा बन गयी है, और जीवन जीने का उपदेश देना एक रिवाज। जो जिंदगी जी नहीं पाये वे अपनी असफलता को रण छोडना नहीं अपनी त्याग भावना का प्रतीक मानते हैं। कला संस्कृति की बात करने वाली उवाच प्रशस्ति के तराजुओं में तोल कर हर धान एक ही कीमत बिकता है। वह कीमत है, थोथा चना बाजे घना। बड़े आदमी के साथ फोटो खिंचवा कर फेसबुक से लेकर सांस्कृतिक समाचारों में घुसपैठ कर जाना एक ऐसा प्रिय शगुन है कि जिसे हर स्थापना का भी तलाशना है। यह स्थापना कहीं भी हो सकती है, केवल लेखन ही नहीं, खेल के मैदान में, खोज तलाश के अन्वेषण में और ऊंचे स्वर में चिल्ला कर उनकी ऐसी उपलब्धियों के चीखो-पुकार में जो कभी आपके पास फटकी नहीं। लेकिन उनकी प्राप्ति की घोषणा करने में आपने कभी कमी नहीं की। वैसे जब आर्थिक प्रगति के दावे हों तो लगता है ऊंची अटारियों वालों के घर और भी ऊंचे हो गये और गूदड़ बस्तियों के क्रंदन को कोई सुनता नहीं। अचानक सुन लेते हैं लीजिये महामारियों की दवा मिल गई। दवा कोई नयी नहीं है, बाबा आदम के जमाने में दूसरी बीमारियों के लिए इस्तेमाल होती थी, अचानक उत्सव धर्मी लोगों ने घोषणा कर दी कि यह दवा इस महामारी में भी कारगर हो गयी। आइए! अपनी-अपनी पीठ थपथपा लें, और दवा को अन्धी सुरंग के रास्ते काला बाजार में पहुंचा दें। संघर्ष, प्रगति और निरन्तर चलते रहना कितने अच्छे शब्द लगते हैं, लेकिन उनका खोखलापन अजनबी नहीं लगता। क्योंकि यहां संघर्ष का अर्थ है रेंगना, प्रगति का अर्थ खोखले आंकड़ों का मायाजाल और निरन्तर चलते रहने का अर्थ है एक ही वृत्त में निरन्तर गोलाकार घूमते रहना। यहां रोज परिभाषाएं बदल जाती हैं। यहां समाजवाद को उल्टे रास्ते से पकडने का प्रयास शुरू हो गया। पहले कहते थे निर्धन और वंचित को रोजी, रोजगार और धनियों के अनावश्यक शोषण पर रोक ही नये समाज का निर्माण करेगी। लेकिन बन्धु, समाज का नवनिर्माण तो हुआ नहीं, बल्कि अरबपतियों के धन बढ़ाने का रिकार्ड तो बना, इसी से समाज को नई ऊंचाइयां मिलने लगीं। लीजिये सब पुराने रास्ते दरकिनार हो गये और सार्वजनिक क्षेत्र को नौकरशाही का पुलिंदा कह कर नकारा जाने लगा, अब उसके स्थान पर निजी क्षेत्र को तरक्की का जामिन बना दिया गया, प्रगति दर के बढने का ऊंचा मीनार बता दिया गया। आज लाखों हाथ नौकरी मांगते हैं, उन्हें पकौड़े तलने की सलाह दे दी जाती है। टूटे हुए हाथों को अपना हाथ जगन्ननाथ का उपदेश मिल गया। योजनाबद्ध आर्थिक विकास की पंचवर्षीय योजना का आसरा लेकर आर्थिक विकास की दर वहां पहुंचा देनी थी, जहां अर्थव्यवस्था स्वतः स्फूर्त कहला देती थी।

# थाईलैंड से चार स्वर्ण और 3 रजत पदक जीतकर लौटी खिलाड़ियों का किया गया सम्मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** थाईलैंड के बैंगकॉक पटाया में 25 से 28 जून तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में चार स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर लौटी टीम का शुक्रवार 7 जुलाई को कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह बीडीओ मनोरंजन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि 22 जून को प्रतियोगिता में कराटे संघ लोहरदगा के जिला अध्यक्ष सह कोच सेंसई अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले की सात खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमे कस्तूरबा आवासीय विधालय कुडू की कुमकूम कुमारी, अनामिका उरांव और रौशनी उरांव, झारखंड आवासीय विद्यालय कैरो की सुनेहा कुमारी, अंजली कुमारी और जूही कुमारी तथा प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्चय विद्यालय कुडू की मरियम परवीन शामिल थीं। और सुनेहा, मरियम, कुमकुम और अनामिक ने स्वर्ण एवं रौशनी, जूही और अंजली ने रजत पदक हासिल कर देश राज्य और जिले का नाम रौशन किया था। सभी खिलाड़ियों और कोच अमित सिंह को अधिकारियों ने सम्मानित करते हुए भविष्य में आगे भी देश और जिले का नाम रौशन करने का आशीर्वाद दिया। मौके पर केल्याण पदाधिकारी, कुडू और कैरो आवासीय विद्यालय की वार्डन और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।कोच अमित सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हिंदुस्तान, थाईलैंड, मलेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान सहित कुल छः देश के खिलाड़ी हुए थे शामिल हुए थे। बीते 22 जून को लोहरदगा से सभी बालिका खिलाड़ीयों को जिला उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, सूचना अधिकारी हिनडालको परिवार, तथा अन्य गन्यमान्य व्यक्तियों ने अपना सुभाशिष देते हुए हरी झंडी दिखा कर थाईलैंड के लिए रवाना किया था।

## डायन बिसाही व अन्य अंधविश्वास को लेकर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा ने जेएसएलपीएस के सहयोग से सेन्हा प्रखंड के बदला गांव अंतर्गत जलका टोली में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही डायन बिसाही एवं झाड़-फूंक, जादू टोना को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डालसो के पीएलवी पुन्नू देवी, नेमहंती मिंज एवं प्रियांशु कुमार यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों में झाड़-फूंक,ओझा गुनी एवं डायन बिसाही को लेकर लगातार बढ़ते प्रभाव एवं इससे जनित अपराध को देखते हुए लोगों के बीच जाकर उनकी समझ मे आने वाली विधिक जानकारी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागृत करने का कार्य किया जा रहा है,ताकि किसी समस्या का निदान के लिए वह सही मार्ग को चुने न कि अंधविश्वास और झाड़-फूंक में उलझ कर जीवन को बर्बाद करें। डायन बिसाही की बढ़ती समस्या को देखते हुए उसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना जरूरी हो गया है ताकि निर्दोष की जान बच सके।

## आजिविका कृषक मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञान ज्योति क्लस्टर केन्द्र में आजीविका कृषक मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित ज्ञान ज्योति क्लस्टर केन्द्र में आजीविका कृषक मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सज्जाद अन्सारी व इन्दू देवी के द्वारा खेती कृषि कार्य से सम्बन्धित विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए खरीफ और रवि फसल के बारे में बताया गया। साथ ही वर्ष 2023 को केन्द्र सरकार द्वारा श्रीअन्न वर्ष घोषित किये जाने के बारे में भी कृषक मित्रों को बताया गया। तथा धान, मक्का, अरहर, मिर्च, उरद के बीज को अंकुरित कर फसल योग तैयार कर खेती कृषि करने के बारे में बताते हुए प्रशिक्षण दिया गया। वही बताया गया कि किसानों को अनुदानित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराया गया है। जिसे प्रखंड क्षेत्र के किसान लाभाविन्त होंगे। मौके पर कविता देवी, पूजा देवी, बसन्ती उराँव, एरेन टोप्पो, पंचू उराँव, प्रदीप कुमार महली, अंजू उराँव, राजकपूर भगत सहित अन्य आजिविका कृषक मित्र उपस्थित थे।

## जिला परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर, पदाधिकारियों पर हो उचित कार्रवाई : मनीर उरांव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद लोहरदगा में भ्रष्टाचार हावी होने की बात जिला परिषद अध्यक्ष लोहरदगा के द्वारा कहे जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद् उपाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि जिला परिषद कार्यपालिका की एक सशक्त बॉडी है जो पंचायती राज्य व्यवस्था को स्थापित करने के लिए कार्य करती है इससे ग्राम कस्बा से जुड़े अंतिम व्यक्तियों को कैसे योजनाओं का लाभ पहुंचे इसे लेकर चिंतन करती है उनकी आवाज को उचित स्थान पर रखते हैं परंतु वही लोहरदगा जिला जहां की सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य कर रहे कांग्रेस के विधायक सरकार के मंत्री भी हैं और वर्तमान कांग्रेस कार्यकर्ता ही जिला परिषद अध्यक्ष हैं जो की वर्तमान में किस प्रकार से बिचौलियों के इशारे पर जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को उपेक्षा कर धड़ल्ले से दलालों के गिरफ्त में दफ्तर चलने की बात कही है। इससे बड़ी शर्मनाक बात किसी भी सरकार के लिए हो ही नहीं सकती है। जिला परिषद में जनता के द्वारा चुने गए जिला परिषद के सदस्य हैं जनप्रतिनिधि की आवाज की उपेक्षा करते हुए मनमानी करना जनता के मत को उपेक्षा करने जैसा है और इस लोकतांत्रिक व्यवस्था का उपहास कांग्रेस की सरकार में हो सकती है यह इससे प्रमाणित करता है और यह मैं नहीं उन्हीं के पार्टी से जुड़े लोगों ने कही है अखबार मीडिया के माध्यम से बताया है। जब किसी सरकार के अपने जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी भी भ्रष्टाचार बिचौलियों से त्रस्त हो जाए तो आम जनता का क्या होगा। इस मामले को तुरंत स्थानीय विधायक जिला उपायुक्त एवं सरकार के मुखिया को लेकर संबंधित सभी पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए जिससे कि एक जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का मान सम्मान व लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान बना रह सके।

# पोकलेन मशीन जलाने, क्रेशर प्रबंधक पर गोली चलाने मामले में शामिल नक्सली गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू पुलिस ने छापेमारी करते हुए उग्रवादी संगठन टीपीसी का सक्रिय सदस्य हरखमन गंझू पिता विरत उर्फ धिरत गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नक्सली की गिरफ्तारी उसके गांव लातेहार जिले के चंदवा थाना अंतर्गत हेसलांज गांव से की गई है शुक्रवार 7 जुलाई को कुडू थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोहारदगा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरखमन 2 मार्च वर्ष 2022 में कुडू थाना क्षेत्र के मकान्दू में संचालित बालाजी स्टोन माइंस के प्रबंधक को गोली मारने के प्रयास और 20 फरवरी वर्ष 2023 में पोकलेन मशीन में आग लगाने और मज़दूरों के साथ मारपीट करने में शामिल रहा था। इसके खिलाफ कुडू थाना काण्ड सं. 20/22, धारा- 34, 323,120 (बी0), 379, 435, 427, 504, 506,34 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट और कुडू थाना काण्ड सं. 25/22 धारा-341, 323, 120 (बी0) भादवि एवं 25 (1- बी) ए 26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। उक्त दोनों घटना को अंजाम देने के बाद गिरफ्तारी के भय से यह काफी दिनों से फरार चल रहा था। और इसकी तलाश पुलिस कर रही थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि नक्सली की गिरफ्तारी की टीम में कुडू थाना प्राभारी पुअनि विश्वजित कुमार सिंह, पुअनि जोसफिना हेमरोम, सअनि प्रेम प्रकाश, आरक्षी आशुतोष कुमार सिंह, आरक्षी राजेश कुमार तिवारी के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पूछताछ के बाद गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया गया। उसके बाद कानूनी प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया है।

# बांसजोर के उरते क्षेत्र में हाथी पीड़ितों को झापा युवा जिला अध्यक्ष ने दिया आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बांसजोर :** जिले में इन दिनों जंगली हाथियों का लगातार आतंक बढ़ता जा रहा है हाथियों के झुंड द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ-साथ घर में रखे अनाज एवं कई चीजों को नष्ट कर रहे हैं। जिसकी वजह से लोग रात भर जगने पर विवश है खेती बारी की सीजन में लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे घर में रहकर शरण लेने पर विवश हैं। लेकिन अब तक वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम ऐसा उठाया नहीं गया है जिसकी वजह से क्षेत्र से हाथियों को खदेड़ा जा सके। इधर बीती रात बांसजोर प्रखंड के उरते कोंनबिरा एवं पटवाटांड में दुतामि सुरीन एवं लक्ष्मी देवी के घर को झुंड से बिछड़ा हाथी के द्वारा तोड़ते हुए घर में रखे अनाज को नष्ट कर दिया इधर परिवार वालों ने दूसरे घरों में भागकर अपनी जान बचाई। इधर मामले की जानकारी शुक्रवार को झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का को हुई उन्होंने तत्काल बिना किसी देर किए हुए पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए उनके गांव पहुंचे साथियों ने आर्थिक मदद के रूप में उन्हें राशन दिया तथा वन विभाग से बात करते हुए उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। संदेश ने कहा क्षेत्र के समस्याओं को झारखंड पार्टी अपनी समस्या मानती है और उनकी समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता के रूप में लेकर कार्य कर रही उनका के क्षेत्र में हाथियों से निजात दिलाने के लिए डीएफओ अरविंद कुमार गुप्ता से बात हुई है जल्द ही इस मामले में पहल की जाएगी मौके पर झापा जिला सदस्य निकोल्सन कोंगाडी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष भोला दास ,प्रखंड युवा अध्यक्ष राजेश महतो, प्रखंड प्रभारी बेलास एक्का ,जिला सदस्य अनिल कुल्लू, पूर्व मुखिया जोलेन सुरिन उपस्थित रहे।

## झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल का लोहरदगा आगमन पर किया गया स्वागत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती के झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रेम अग्रवाल एवं उनके साथ आए सभी अधिकारियों के लोहरदगा आगमन पर उनका स्वागत लोहरदगा जिला सेवा भारती के द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ की अध्यक्षता में ईस्ट गोला रोड के कार्यालय पर बैठक की गई। जिला अध्यक्ष ने लोहरदगा सेवा भारती के द्वारा निरंतर किए जा रहे समाज सेवा के कार्य की विस्तृत जानकारी दी,और कहा की जीव सेवा-मानव सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं है,यह जितनी भी की जाए कम है। प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल ने संगठन के दायित्व के बारे में बताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती हेतु लोगों से संपर्क करते रहना चाहिए और कम से कम 15 दिन पर एक साथ बैठक अवश्य करनी चाहिए जिससे कई चीजें सामने आती है और जो गलत है उसे सुधारा जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा की लोहरदगा में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के नेतृत्व में कई सामाजिक कार्य निरंतर किए जा रहे हैं और समाजिक कार्यों में इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बना रखी है जो काफी प्रशंसनीय है। आलोचकों से घबराना नहीं चाहिए और अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहिए, हम सभी का सहयोग हर वक्त इन सभी लोगों के साथ है। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, सच्चितानंद अग्रवाल, आनंद तुलस्यान, मनोज दास, विनोद उपाध्याय, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, आनंद केसरी, परमानंद कुमार, दयानंद गुप्ता, विजय अग्रवाल, दीपक कुमार, अजय प्रसाद, हिमांशु केसरी, अशोक घोष, श्रीकांत मित्तल, श्यामसुंदर उरांव, प्रमोद नाभ, अतुल सर्राफ आदि थे।

## कार्यशाला में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र प्राथमिकता के साथ करें निर्गत : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत वार जगरुक्ता कार्यशाला का आयोजन प्रखंड सभागर में आयोजित कर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की जानकारी विस्तार पूर्वक उपस्थित कर्मियों को दिया गया सेन्हा प्रखंड स्थित सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में एक दिवसीय जन्म एवं मृत्यु पंजीयन जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान शिक्षा, बाल विकास विभाग सहित मुखिया,पंचायत सचिव के अलावे सहिया सेविका एवं ए एन एम के बीच में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए कार्यशाला में कहा कि 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जन्म व मृत्यु पंजीकरण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जो जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र नही बनाए है। वैसे लोग इस अभियान का लाभ उठाते हुए पंचायत कर्मियों से मिलकर ससमय निर्गत कराएं साथ ही उन्होंने कहा की जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता विद्यालय में नमांकन के समय लगता है। जो अभी के समय में आवश्यक है।

## कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के संघर्ष को बल प्रदान करने हेतु लिया संकल्प

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितना भी डरा ले कांग्रेस डरने वाली नहीं : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मानहानि मामला को लेकर गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा कोई राहत नहीं दिए जाने को लेकर एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में रखी गई तत्पश्चात प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से पैदल मार्च कर शहर के पावरगंज चौक में कांग्रेसियों के द्वारा राहुल गांधी के संघर्ष को बल प्रदान करने हेतु संकल्प लिया गया इस बीच उपस्थित कांग्रेसियों ने राहुल गांधी जी के समर्थन में नारे लगाए राहुल जी संघर्ष करें हम आपके साथ हैं÷राहुल जी के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ डरो मत संघर्ष करो डरेंगे ना झुकेंगे देश के खातिर लड़ेंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि श्री राहुल गांधी जी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है, और आगे भी लड़ते रहेंगे। सच यह है कि ललित मोदी,नीरव मोदी, मेहुल चौकसी विजय माल्या,जतिन मेहता जैसे भगोड़े, मोदी सरकार के निगरानी में जनता के पैसे लेकर, संदिग्ध रूप से विदेश पहुँच गए। भाजपा ने उनको तो आज़ाद कर दिया, पर झूठ की चालें चल,एक राजनैतिक साज़िश के तहत, राहुल गाँधी को कठघरे में खड़ा कर,संसद से निलंबित करा दिया। भाजपा के राज में पहले भ्रष्टाचारी बाहर भागते हैं, और दूसरी तरफ़ मोदी जी की पार्टी भष्टाचार के आरोपित लोगों को भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान के तहत वॉशिंग मशीन में धोकर, सत्ता हथियाने का खेल खेलती हैं। देश अब मोदी जी की भष्टाचार पर दोहरी नीति बड़ी गहराई से जान चुका है कांग्रेस का कोई भी नेता,हमारा कोई भी कार्यकर्ता,इस राजनैतिक साज़िश से नहीं डरता। हम राजनैतिक लड़ाई और क़ानूनी लड़ाई, दोनों लड़ेंगे। आज के कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, महासचिव शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, समूल अंसारी,हाजी सिकंदर, दीपक महतो, सीमा परवीन, विनोद खैरवार, सत्यदेव भगत, यूनुस अंसारी, शंभू प्रजापति, जमील अंसारी, नूर मोहम्मद,सरिता देवी, राजमणि उरांव, सूरज तिर्की, तारीक अंसारी, रफीक अंसारी, राजेश लाल, नुसरत अंसारी, राम जीत उरांव,कबीर अंसारी, मोहसिन अंसारी, फिरोज कुरेशी, गफ्फार अंसारी, हदीस अंसारी, राधे सिंह, मुशर्रफ राजा, तौसीफ आलम, रौनक एकबाल समेत काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# टाना भगतों के योजना में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस : आलोक साहू


➲लोहरदगा उपायुक्त को भूमि संरक्षण विभाग में किए गए भ्रष्टाचार से कराया गया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भूमि संरक्षण विभाग में 16 टाना भगत लाभुकों का डीप बोरिंग योजना स्वीकृत हुआ है। इसमें बोरिंग करवा कर लाभुकों को जेनरेटर भी साथ में देना है लेकिन बहुत से स्थानों में ठेकेदार के द्वारा डीप बोरिंग करवा कर लाभुकों को जरनेटर नहीं दिया है और जेनरेटर की राशि ठेकेदार द्वारा हड़प लिया गया। इसी मामला को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कुडू प्रखंड के अंतर्गत सुंदुरु पंचायत के बंदुवा सरना टोली पहुंचकर लाभुक तुलसी टाना भगत से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। लाभुक तुलसी टाना भगत ने श्री साहू को बताया कि 2 माह पहले ठेकेदार गाड़ी में एक जेनरेटर लाया था ।डीप बोरिंग के स्थान पर जरनेटर रख कर फोटो खिंचवा कर ठेकेदार जेनरेटर साथ में ले गया लेकिन आज तक उन्हें जेनरेटर नहीं मिला है। मौके पर श्री साहू ने कहा कि टाना भगतों की योजना में कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगा। किस प्रकार ठेकेदार के द्वारा भोले भाले टाना भगतों को ठग कर 75000 की जेनरेटर की राशि हड़प लिया गया। ठेकेदार के द्वारा एक साजिश के तहत जेनरेटर लेकर लाभूक के साथ फोटो खिंचवा कर यह शो कर दिया कि जेनरेटर लाभुक को दे दिया गया है और लाभुक को बिना जेनरेटर दिए जेनरेटर का मापी पुस्तिका दर्ज करवा कर जेनरेटर की राशि को गबन कर लिया गया जो बर्दाश्त के बाहर है। बंदुवा के लाभुक सुनील टाना भगत ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा सिर्फ उनका बोरिंग किया गया है उसमें अभी तक मशीन नहीं लगाया गया और ना ही जेनरेटर दिया है। उसी प्रकार बड़की चापि पंचायत के चुंद नावा टोली निवासी हरिदेव ताना भगत को भी जेनरेटर के साथ फोटो खिंचवा कर अभी तक उन्हें जेनरेटर नहीं दिया गया है। श्री साहू ने भ्रष्टाचार के इस मामले को लोहरदगा उपायुक्त को अवगत कराकर लाभुकों को जेनरेटर दिलवाने तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किए। उपायुक्त ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। मौके पर लाभुक तुलसी टाना भगत, सुनील टाना भगत, प्रभूदास टाना भगत, तुलसी भगत, करमा उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

# सुदेश महतो का लोहरदगा आगमन को लेकर आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में विशेष रुप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत उपस्थित रही। इस अवसर पर पार्टी द्वारा आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए ओम प्रकाश भारती ने कहा कि आगामी माह में आजसू सुप्रीमो माननीय सुदेश महतो जी का आगमन लोहरदगा में होना है इसके लिए सभी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारी में अभी से जुट जाएं। विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत ने कहा कि आप सभी पार्टी के वफादार सिपाही हैं आप के दम पर ही आने वाले समय में हम आजसू का विजयी झंडा लहराने में कामयाब होंगे। केंद्रीय सचिव अरविंद यादव ने कहा कि हम संगठन का विस्तार करते हुए पंचायत बुथ एवं प्रत्येक चूल्हा तक पहुंचने का कार्य करें। जिला महासचिव विलियम कुजूर ने कहां कि कार्यकर्ता सुनियोजित तरीका से कार्य करें, कामयाबी निश्चित मिलेगी। बैठक में संगठन के विस्तार हेतु लोहरदगा जिला में रहने वाले केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य को एवं जिला के वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रखंड स्तर पर विशेष जिम्मेदारी देते हुए प्रभारी बनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सर मीडिया प्रभारी रामचंद्र जी ने बताया कि भंडरा प्रखंड के लिए देवेंद्र साहू पंकज मिश्रा दिलीप साहू एवं प्रदीप सिंह को प्रभारी बनाया गया है। कुडू प्रखंड के लिए लाल गुडडू नाथ शाहदेव प्रदीप ठाकुर मुन्ना अग्रवाल राजेंद्र लोहरा साजिद का लाल विजय लाल पंचम नाथ शाहदेव अवधेश पार्षद सलीम पांडे कंचन राम एवं गुड्डू खान कैरो प्रखंड के लिए अरविंद यादव विपिन सिंह एवं अवध साहू जिसको प्रखंड के लिए सूरज अग्रवाल राजू गुप्ता अरविंद पाठक संजू सिंह सीताराम उरांव कुलेश्वर साहू नंद किशोर साहू एवं हरि महली पेशरार प्रखंड के लिए नीरू शांति भगत अंजू देवी परमेश्वर उरांव और पारसनाथ भगत लोहरदगा प्रखंड के लिए विलियम कुजुर शाहिद अंसारी नरेश साहू भैयाराम उरांव विश्वनाथ भगत शमीम अंसारी और मुरारी कुमार लोहरदगा नगर के लिए राम नारायण प्रसाद सरवर खान सुरेंद्र साहू और विनोद टमेड़ा सेन्हा प्रखंड के लिए रामनंदन साहू और अमानत अंसारी को प्रभारी बनाया गया। इसके अतिरिक्त जिला महिला अध्यक्ष अनिता साहू एवं सचिव सरस्वती देवी को विशेष रूप से महिलाओं की एक टीम बनाकर जिला के सभी प्रखंडों में दौरा कर सशक्त महिला टीम बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में विशेष रूप से केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, मुन्ना अग्रवाल, सरवर खान, नरेश साहु, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, किस्को प्रखंड अध्यक्ष सचरवा किसान, मंजूर अंसारी, कबीर अंसारी, सरस्वती देवी, विजय कुमार, अश्विनी यादव, चिलुगु भगत सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### विष्णुगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष के श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मंत्री व नेता

**विष्णुगढ़ :** टेकलाल बाबू के साथ कंधे-से कंधा मिलाकर चलने वाले झारखण्ड आंदोलनकारी सह विष्णुगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव का आकस्मिक निधन 26 जून 2023 को उनके निवास स्थान विष्णुगढ़ में हो गया था। दिवंगत आत्मा की शांति एवं सदगति के लिए आयोजित कार्यक्रम के ब्रह्मभोज में मंत्री फागु बेसरा,माण्डू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी,झामुमों जिला सचिव नीलकंठ महतो,कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अन्सारी, मुख्तार अंसारी समेत काफी सँख्या में समाजसेवी एवं ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की ।

### एस एल गुप्ता ट्रस्ट बुढवा महादेव में आठो सोमवारी को करेगी पूजन सामग्री का वितरण

**हजारीबाग :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास के आठो सोमवारी को बुढवा महादेव स्थित शिवमंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया जाएगा। पूजन समाग्री में फुल, बेलपत्र एवं पत्ता का वितरण होगा। वहीं ट्रस्ट के माध्यम से श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। जिसमें खीर-पूडी सहित अन्य समाग्री वितरित होगी। इसकी जानकारी संस्था के संस्थापक समाजसेवी राकेश गुप्ता ने दी।

### रबोध में भाजपा नेता गुलचंद महतो के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**गिद्दी :** डांडी प्रखंड के रबोध पंचायत के रबोध, मोरसेरवा एवं सेनेगडा में भाजपा मंडल महामंत्री गुलचंद महतो के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया।भाजपा नेता गुलचंद महतो ने लोगों को बताया कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार को नौ साल बहुत सराहनीय कार्य किये हैं।हम सभी लोगों को आगामी 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हर व्यक्ति को सहयोग करना होगा।आप सभी लोग 9090902024 पर मिस कॉल करके अपना समर्थन दिये हैं, इसके लिए आप सभी को धन्यवाद।रबोध पंचायत में चारों बुथ पर मिस कॉल लोगों द्वारा लगभग 600 का किया गया है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता गुलचंद महतो,रोहित महतो,कुलदीप कुमार, शिवनंदन महतो,जतरू महतो,देवंती कुमारी, प्रभा कुमारी, सन्नी कुमार, प्रमेश्वर महतो,बिहारी महतो,चितामनी महतो,कृष्ण कुमार, सुखलाल महतो,शंकर महतो,मंगल मुंडा, संदीप कुमार मुंडा, नारायण महतो,अनिल कुमार, मुनि देवी एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### झारखंड पार्टी की सदस्यता अरगड्डा में कई युवाओं ने लिया

**सिरका :** झारखंड पार्टी के अरगड्डा क्षेत्रीय कार्यालय बैगा मोड़ (बिरसा चौक) में शुक्रवार को पार्टी सदस्यता को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता झापा के युवा नेता आकाश करमाली व संचालन सुरेश कुमार मुण्डा ने किया। अवसर पर गोला एंव चितरपुर से आए कई युवाओं ने झापा की सदस्यता ली। इसमें गोला से मनोज मुर्मू, चितरपुर से बाबू भाई करमाली, हीरालाल करमाली, छोटेलाल करमाली, सुखदेव करमाली, तेजपाल करमाली ने पार्टी का दामन थामा। जिन्हें झापा मांडू प्रभारी सोमदेव करमाली, झापा केन्द्रीय सदस्य भवानी शंकर गुप्ता के द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। बताया गया कि झापा राज्य की माटी की पार्टी हैं। इससे जुड़कर सबो को मिलकर स्वर्णिम प्रदेश का निर्माण करना हैं। अंत में सभी ने पार्टी की मजबूती व विस्तार का भी संकल्प लिया।

# एसटीएससी जमीन वापसी को लेकर खरवार भोगता समाज ने सांकेतिक दिया धरना

## संघ ने गैर आदिवासियों के द्वारा प्रखंड में 200 एकड़ जमीन को हथिया लेने का आरोप लगाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर में खरवार भोगता समाज विकास संघ के बैनर तले एसटीएससी जमीन को वापस कराने मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष महेश गंझू ने किया।बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय में बड़कागांव प्रखंड के कई गांवों से आए लोगों ने उपस्थित होकर अपनी ताकत को दिखया। भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने सरकार से अपनी जमीन को वापस करने का मांग किया। प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित



सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय खरवार भोगता समाज के केंद्रीय कोषाध्यक्ष कोलेस्वर गंझु ने कहा कि हमारे पूर्वजों से अवैध रूप से गैर आदिवासियों ने जमीन को हथिया लिया है। हमें अपनी जमीन वापस लेने के लिए लड़ाई लड़नी है । इसके लिए हमें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा ही क्यों न खटखटाने पड़े हम सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे।प्रखंड के गाली, बलौदर, पंदनवाटांड़, कोयलंग, पसेरिया, चेलनदाग, देवगढ़, उरेज आदि कई गांव में सीएनटी एक्ट को दांव पर रखकर पर रखकर आदिवासियों की लगभग 200 एकड़ जमीन गैर आदिवासियों के द्वारा हथिया ली गई है। भाषण के पश्चात उपस्थित लोगों ने बीडियो सह सीओ जितेंद्र कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपकर जमीन वापस कराने की मांग की। ज्ञापन में गैर आदिवासियों के द्वारा हथिया ली गई जमीन को सूचीबद्ध कर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई है।संघ ने बताया कि यह आंदोलन आगे तक जारी रहेगा जब तक हम आदिवासियों की जमीन वापस नहीं मिल जाती है। जल्द ही हम लोग मुख्यमंत्री, कमिश्नर, उपायुक्त, एसडीओ को भी ज्ञापन सौंपकर करवाई की मांग करेंगे।मौके पर मुख्य रूप से खरवार भोगता समाज के जिला अध्यक्ष बलदेव गंझू, प्रखंड अध्यक्ष महेश गंझु, जागेश्वर गंझु, कैलाश गंझु, शैलेंद्र गंझु, बादल गंझु, मितवा गंझु, मैनेजर गंझु, नागेश्वर गंझु, बालेश्वर गंझु, अनीता गंझु, शिवनाथ गंझु, सहदेव गंझु सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सांसद, विधायक ने नही की छावनी परिषद के लोगो की चिंता : धनंजय कुमार पुटूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी परिषद को हटाने का विरोध रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने शुरुआती दौर से ही कर रहे हैं।शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनंजय कुमार पुटूस ने इससे जनता व व्यापारियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया है।जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि छावनी परिषद को हटाकर राज्य सरकार द्वारा संचालित स्थानीय निकाय की स्थापना की प्रक्रिया जारी है। तरह-तरह की बातें की जा रही है, लेकिन छावनी परिषद के हटने से रामगढ़ की जनता की परेशानी बढ़ेगी।भ्रष्टाचार छावनी परिषद में भी था, लेकिन सैन्य अधिकारी के प्रमुख होने के कारण उतना खुले रूप में नहीं था।सैन्य अधिकारियों के संज्ञान में मामला ना आ जाए यह डर पदाधिकारियों को हमेशा रहता था, जिस कारण जनता का काम कम-बेसी हो जाता था।राज्य संचालित कार्यालयों की स्थिति क्या है वहां का वर्क कल्चर क्या है यह लोगों से छुपा हुआ नहीं है।रामगढ़ के अगल-बगल स्थित राज सरकार द्वारा संचालित निकायो वाले शहर में सफाई की स्थिति क्या है यह देखा जा सकता है।

### डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के प्रति किया गया ग्रामीणों को जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने एक दिवसीय कार्यशाला में सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में तेजस्विनी परियोजना सदस्य मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने कहा कहां की सेविका कहां की अपने-अपने सेंटर में बैठक करें और समाज को डायन प्रथा लेकर के जागरूकता फैलाया गाय अंधविश्वास को दूर भगाने के लिए अपील किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी मांडू डी पंचायत मुखिया बैजनाथ राम मांडू चट्टी पंचायत के बाल विकास परियोजना प्रवेशिका किरण कुमारी मनोज कुमार डीपीएम साक्षरता रामगढ़ अशोक कुमार दीपक कुमार समाजसेवी छोटेलाल भुईयां मुकेश साव चट्टी पंचायत के सभी सेविका उपस्थित थे ।

### भारत गौरव माता वैष्णोदेवी के साथ उत्तर भारत दर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय रेलवे की शाखा, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उथम- मिनी रन) की पूर्व क्षेत्र कोलकाता ने देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन द्वारा हरिद्वार, ऋषिकेश, माता वैष्णोदेवी, अमृतसर, मथुरा, वृंदावन आगरा और अयोध्या का भ्रमण कराने के लिए ले के जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33त्न रियायत प्रदान कर रहा है।यह पर्यटक ट्रेन दिनांक 11.08.23 को कोलकाता से खुलेगी जो की कोलकाता मेचेदा खड़गपुर-मिदनापुर टाटानगर- पुरुलिया रांची- बोकारो स्टील सिटी धनबाद- हजारीबाग रोड- कोडरमा- गया- सासाराम और दिन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी और हरिद्वार, ऋषिकेश, माता वैष्णोदेवी अमृतसर, मथुरा, वृंदावन, आगरा और




अयोध्या का भ्रमण कराते हुए दिनांक 21.08.2023 को वापस लौटेगी। यात्रा शुल्क और समावेश - भारतीय रेल द्वारा संचालित भारत गौरव ट्रेन में पहली बार तीन श्रेणी रखी गयी है। इकोनॉमी- जिसमे स्लीपर क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 17,700/- प्रति व्यक्ति स्टैंडर्ड - जिसमे 03 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 27,400/- प्रति व्यक्ति है। कम्फर्ट जिसमे 03 एसी बतास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 30,300/- प्रति व्यक्ति है।

### नुक्कड़ नाटक टीम ग्रामीणों को बाजार हाट में अभियान चलाकर कर रही है जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** ईचाक, सदर हजारीबाग,बड़कागांव, कटकमसांडी, बरकट्ठा, पदमा में ज़िला जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग के तत्वावधान में गीत नाट्य प्रचार-प्रसार योजना 2023 में आमलोगों को जागरूक एवं जनभागीदारी के लिए आमजनों की स्थानीय भाषा- बोली में नुक्कड़ नाटक कर प्रेरित किया गया जा रहा है। शुक्रवार को इस कडी में ईचाक प्रखंड के ईचाक मोड़ भीड़ क्षेत्र तथा ईचाक बाजार,महिला उत्प्रेरक केंद्र चुरचू, सदर प्रखण्ड व शहरी क्षेत्र के कुम्हारटोली पारनाला भीड़ क्षेत्र, शिव मंदिर चौक कोर्रा हाट के निकट, सुधीर दास एंड पार्टी ह.बाग, बड़कागांव के बादम चौक, हाट क्षेत्र, नापोखुर्द भीड़ क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र आंगो,कटकमदाग के कटकमदाग मुख्य बाजार तथा ढेंगुरा भीड़ क्षेत्र लजनविकास केंद्र द्वारा, बरकट्ठा झुरझुरी भीड़ क्षेत्र अनुकृति नाट्य कलादल, पद्मा के चंपाडीह हाट/क्षेत्र, पिंदड़कौन ग्रामीण भीड़ क्षेत्र हो ए एंटरटेनमेंट की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर आम लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण व प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो व चलाए गए जांच अभियान के उपरांत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो पर असंतोष जाहिर करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को कार्यो को गंभीरता से लेने एवं प्रदूषण नियंत्रण



के खिलाफ कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने वैसे सभी कारखाने जो प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं कर रहे है उनके खिलाफ जांच अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने एवं कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी कारखाना संचालकों से कहा कि लोगों का दैनिक जीवन पर्यावरण प्रदूषण की वजह से प्रभावित ना हो इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। इसके मद्देनजर उपायुक्त ने एनवायरमेंटल प्लान बनाने व निर्धारित दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रदूषण नियंत्रण उपकरण सभी कारखानों में अनिवार्य रूप से कार्यरत स्थिति में संचालित रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कारखाना संचालकों से उनके उनके कारखानों में सॉलिड लिक्विड अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिन कारखानों द्वारा सड़क किनारे, सरकारी जमीनों व जंगलों में डस्ट अथवा अपशिष्ट डंप किया जाएगा उन पर दंड प्रक्रिया संहिता 133 व अन्य नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों कारखाना संचालकों सहित अन्य उपस्थित थे।

### भारत तिब्बत मैत्री संग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ निशुल्क दंत जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं भारत तिब्बत मैत्री संग के संयुक्त तत्वावधान में जैन भवन में अहिंसा की पूजारी गौतम बुद्ध के शिष्य दलाई लामा की जन्म जयंती पर निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर दंत जांच के साथ निशुल्क आंख का जांच, ब्लड शुगर एवं कोलेस्ट्रॉल भी जांच की गई। जिसमें में कुल 137 जरूरतमंदों ने लाभ लिया एवं दांतों की संबंधित चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर का नेतृत्व जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सोम्या राज ने किया तथा विभिन्न बीमारियों व उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। इस दौरान चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं जरूरतमंदों को शिविर में स्केलिंग और निष्कर्षण जैसी प्रक्रिया की सेवा भी दी। इस अवसर पर जरूरतमंदों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया। डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। शिविर का आयोजन भारत तिब्बत मैत्री संग के जीतेन्द्र कुमार एवं तमाम सदस्यों के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### रामगढ़ जिला अंर्तगत खेलो इण्डिया के तहत रामगढ़ में फुटबॉल सेन्टर खोलने को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंर्तगत खेलो इण्डिया के तहत रामगढ़ में फुटबॉल सेन्टर (KICs) खोलने हेतु रूपा रानी तिर्की, जिला कीड़ा पदाधिकारी, रामगढ़ के अध्यक्षता में जिला ओलंपिक संघ एवं जिला फुटबॉल संघ के सचिव एवं चयन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई। क्षेत्रीय निदेशक, खेल इण्डिया, भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर दिनांक 28.08.2023 एवं कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला सिद्धू कान्हु स्टेडियम रामगढ़ में फुटबॉल (बालक एवं बालिका) का खेलो इण्डिया सेन्टर (KICs) खोलने का निर्देश प्राप्त हुआ है।खेलो इण्डिया, सेन्टर (KICs) फुटबॉल (बालक एवं बालिका) हेतु विभागीय निर्देश के आलोक में सुयोग्य खिलाड़ियों का चयन करते हुए चयनोरपरान्त सभी चयनित खिलाड़ियों का नाम, जन्मतिथि सहित झारखण्ड खेल प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना है। चयन ट्रायल में 10 से 14 वर्ष आयु के बालक एवं बालिका (15 बालक एवं 15 बालिका) का चयन किया जाना है।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए, सभी आवेदनों को अग्रसारित करते हुए निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में



अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

### बरही में भाजपाइयों ने किया बैठक यूसीसी के समर्थन पर किया चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही में स्थित पूर्व विधायक के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 9 जुलाई को राज्य सभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का आगमन एवं यूसीसी के समर्थन में मोबाइल नंबर 9090902024 पर काल कर अधिक से अधिक संख्या में अपना समर्थन प्रदान करना था। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यूसीसी सभी धर्मों के लिए एक समान कानून की बात करता है।

### पूर्व विधायक के अनुसंसा से गोला प्रखंड में विभिन्न जगहों का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कार्य शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पूर्व विधायक ममता देवी के अनुसंसा से गोला प्रखंड में विभिन्न जगहों पर होगा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कार्य शुरू (1) हुप्पू दशरथ चौक से बन्दा तक(2) कुस्टेगढ़ा से सुतरी तक (3) जोभिया से खैराजरा भाया रजरप्पा ये सभी सड़को का हुवा टेंडर जो ये सड़क वर्षो से काफ़ी जर्जर थी पूर्व विधायक ममता देवी ने इसे देखते हुए अनुसांसा किए थे जो की पास हो चुकी थी लेकिन दो साल कोरोना व आचार संहिता के कारण कार्य नही हो पाई थी अब कार्य दिखना शुरू हुआ तो जो विरोधियों को पचा नहीं हो और धनबल के कारण उन्हे सजा दिलाई गई 2023 में सभी कार्य पुर्ण हो जाते लेकिन उपचुनाव हो गई उससे पुर्व ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ये सारी सड़को को स्वीकृति दे दी थी लेकिन आचार संहिता के कारण काम नहीं हो पाया जो की पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने हर मंच में सभी बातों का रखने का कार्य किए थे रामगढ़ ललकी घाटी से छतर भाया लीचिंग मोड़ का भी टेंडर हो गया है जल्द कार्य सुरु किया जाएगा हाल ही में दुलमी प्रखंड के चटाक हाई स्कूल से कुल्ही दुधमटीया भाया जमुवाबेड़ा कोरियाटांड़ तक बनने वाली सड़क भी पूर्व विधायक ममता देवी का ही अनुसंशा से पास हुवा था जिशका वर्तमान विधायक द्वारा टेम्पु में चोंगा बांधकर नारियल फोड़ कर शिलान्याश किया गया लेकिन ग्रामीण सब जानते है किनके द्वारा कार्य किया गया सो अब क्षेत्र में कार्य दिखना सुरु हो गया उस क्षेत्र की ग्रामीणों को सड़क बनने से काफी सुविधा मिलेगी ।

### कोनारडैम में मिला महिला का शव, परिजनों ने कहा मानसिक स्थिति ठीक नही थी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत कोनार डैम में राहगीरों एवं ग्रामीणों ने डैम में तैरती की महिला का शव देखकर पुलिस को सूचना देते हुए पहचान हेतु शव का फोटो सोशल मीडिया में भेजा गया। इसके पश्चात विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। सोशल मीडिया के माध्यम से उसके परिजनों को घटना की जानकारी मिली,जिसके बाद शव की पहचान खरकट्टो,उच्चाघाना निवासी 43 वर्षीय दीपनी देवी के रूप में की गई। मृतका के पुत्र पुशन कुमार गंझू पिता-चेतलाल गंझू ने थाने में लिखित सूचना देते हुए बताया कि मेरी माताजी दीपनी देवी 06 जुलाई 2023 के सुबह करीब 06ः00 पूर्वाह्न अपने मायके ग्राम मुरपा थाना चतरोचट्टी जाने की बात कहकर निकली,शाम होने जानकारी हेतु फ़ोन करने पर नही पहुँचने की सूचना पाकर काफी खोजबीन करने पर पता नही चला। आज सुबह 07 जुलाई 2023 को सोशल मीडिया के माध्यम से मेरी माता जी की कोनारडैम में डूबने से मृत्यु हो गई,इसमें मुझे किसी पर संदेह नही है। दरअसल मेरी माँ का मानसिक संतुलन भी कुछ वर्षो से ठीक नही है,अतःइस घटना पर कोई कार्यवाही नही करने की बात कही।

### बरही सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र ने मिलन समारोह का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में शुक्रवार को सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र के द्वारा मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के नेतृत्व में संस्कृति कार्यक्रम के बीच मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सद्भभावना विकास मंच के कार्यो से प्रभावित दिल्ली के कारोबारी जितेंद्र कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम दीपक कुमार, मंच के महिला विंग अध्यक्ष पायल देवी, सचिव सुनीता देवी, उपाध्यक्ष दिनेश साव, काजल देवी, केशरी देवी, सोनाली, बरही डीग्री कालेज के प्रोफेसर संगीता देवी मौजूद थे। मंच का संचालन सचिव कुंदन पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं अतिथियों को गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुराने एवं नए महिला विंग के सदस्य काफी संख्या में शामिल हुए। इस समारोह में गायक मंटू कुमार समेत उनके टीम के द्वारा संगीत प्रस्तुत कर मनमोहा। मंचासीन सद्भावना मंच के वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सद्भावना मंच के उद्देश्य एवं क्रियाकलापों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित



करते मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार ने कहा कि बरही सद्भावना विकास मंच का सोशल मीडिया के माध्यम से कोराना काल में किए गए कार्यो को देखा और मैं मंच के कार्यो से काफी प्रभावित हुआ। जिसके बाद इस मंच के अध्यक्ष से सम्पर्क कर उन्हे हर संभव मदद करने का वादा किया और आज इस समारोह में मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वहीं अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि सद्भावना विकास मंच का मुख्य उद्देश्य है समाज के हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति को अपने अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाना है। वहीं उन्होंने कहा कि समाज में सद्भावना और समरसता के लिए साथ ही पुलिस के अतिरिक्त भार को कम करने के लिए मंच के सदस्य दिल से इस क्षेत्र में काम किया है और कर रहे हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# बड़कागांव में फल फूल रहा है नशे का कारोबार

## बड़कागांव के युवा नशे की लत में कर रहे हैं अपना भविष्य तबाह

**आरिफ वकार@प्रभात मंत्र**

**बड़कागांव :** भारत जनांकिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण 29 वर्ष की औसत आयु के साथ भारत विश्व का सबसे युवा आबादी वाला देश बन गया है। एक ओर जहां विश्व की सबसे युवा आबादी वाला देश होना हमारे लिए गर्व की बात है तो वहीं दूसरी ओर अधिसंख्यक युवा आबादी के एक बड़े तबके का नशे की फितूर में डुब जाना चिंता का विषय है। नशे का फितूर इतना खतरनाक होता है कि वह व्यक्ति को तबतक अपने आगोश में जकड़े रहता है, जब तक की नशे की गिरफ्त में आए व्यक्ति का समूल नाश न हो जाए। व्यापक स्तर पर युवाओ में फैलती नशाखोरी भारत की मुख्य समस्याओं में से एक है। नशा एक ऐसी बुरी आदत है, जो किसी इंसान को पड़ जाए तो उसे दीमक की तरह अंदर से खोखला बना देती है। नशा से पीड़ित व्यक्ति मानसिक,आर्थिक एवं शारीरिक रुप से बर्बाद हो जाता है।

**बड़कागांव प्रखंड के युवा हो रहे हैं नशे का शिकार**

बड़कागांव प्रखंड भी नशे की इस सबसे बड़ी बुराई से अछूता नहीं रहा। इन दिनों कुछ ऐसा ही बड़कागांव के विभिन्न गांव के युवाओं में देखने को मिल रहा है।यह कड़वी सच्चाई है कि बड़कागांव की युवा आबादी नशे की लत का बुरी तरह शिकार हो रही है। बड़कागांव की युवा पीढ़ी अब सिगरेट और गुटखे के नशे से बहुत आगे बढ़ कर शराब, अफीम, गांजा, चरस, दवाई, कोरेक्स और कोडीन युक्त सिरप, डेंड्राइट और सिरिंज से नसों में दवाई डाल कर नशा करने लगे हैं।बड़कागांव की जवान हो रही पीढ़ी (12 से 20 साल) के बीच नशे की लत तेजी से फैल रही है। यह नशा शराब या सिगरेट का नहीं है, बल्कि गांजा, कोकीन, अफीम, डेंडराइट, स्मैक, नशीली इंजेक्शन और नशीली दवाओं का है। इस तरह का नशा करने की वजह से युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। कई का तो मनो चिकित्सालयों में इलाज भी चल रहा है। वहीं छेत्र में युवाओं के बीच नशाखोरी बढ़ने से छोटी मोटी चोरी चकारी भी बढ़ रहा है। अगर इस बुराई को नहीं रोका गया तो वो दिन दूर नहीं जब बड़कागांव में भी बड़े क्राइम होने लगेंगे।

**आसानी से उपलब्ध है बड़कागांव में नशीला पदार्थ**



बड़कागांव छेत्र में युवाओं के लिए नशीला पदार्थ खरीदना आसान सी बात है। लेकिन कानून व्यवस्था से जुड़ी पुलिस प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं कि अवैध नशीला पदार्थ का कारोबार बड़कागांव में कहां और किस तरह हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र के हर गांवों में युवाओं स्मैक तस्कर खुलेआम ब्राउन शुगर बेचते है।अब स्थिति यह बन गई है कि प्रखंड के कई गांवों में खुलेआम गांजे की पुडियां, कोरेक्स और कोडीन युक्त सिरप, अवैध विदेशी और देशी शराब बिकने लगी है।बड़कागांव के युवाओं के रगों में नशा बसता जा रहा है। दिनों दिन नशे की जड़ें मजबूत होती जा रही हैं। कभी चोरी छिपे बिकने वाले नशे का सामान, आज धड़ल्ले से बिक रहा है। गांजे के धुएं से जवानी सुलग रही और नशीले इंजेक्शन नशों में उतारे जा रहे हैं। प्रखंड के विभिन्न गांव के गली-गली में नशे के दीवाने झूमते दिख रहे हैं। सुनसान स्थानों साथ साथ शाम के समय स्कूल के कैंपस और खेल के मैदानों में युवा गांजा, शराब, कोडीन युक्त सिरप का सेवन और नशीले इंजेक्शन लगाते देखे जा सकते हैं। नशे के आदी युवाओं की बर्बादी का मंजर खुलेआम बड़कागांव में चलता जा रहा है। हद तो ये है के बड़कागांव थाना के समीप जिलापरिषद भवन के सीढ़ी पर नशे के सिरप का खाली बोतलों का ढेर लगा है लेकिन किसी को कोई खबर तक नहीं है। नशा युवाओं के परिवारों को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। नशा नशेड़ी के साथ ही पूरे परिवार को तबाह कर रहा है।

**कौन सा नशीला दवा और पदार्थ कितने में उपलब्ध है**

नशे की चपेट में आए युवा ब्राउन शुगर का महंगा खुराक पीते पीते सब कुछ लुटने के बाद इंजेक्शन और नशीली गोलियों से नशे की प्यास शांत कर रहे हैं।यूनियन 10 दवा 10 रुपए में, नाइट्रोजन 10 दवा 40 रुपए में, ब्राउन शुगर 8 से 9 हजार रुपए प्रति ग्राम, एक खोराक ब्राउन शुगर 500 रुपए में, खांसी का सिरप 160 रुपए में, कफडीन और ऑनरेक्स सिरप 200 रुपए में, ऑनरेक्स ओएनसीसी 250 में तथा 100 से 130 रुपए में नशीला इंजेक्शन, गांजे की पुड़िया 50 रुपए में खरीद कर बड़कागांव के युवा अपनी जवानी बर्बाद कर रहे हैं।

**कुछ दिनों में हो जाते है नशे के आदि**

नशा युवाओं के दिलो दिमाग पर इस कदर छा रहा है कि 15 दिन में ये इसके आदी हो जाते हैं। नशीला पदार्थ नहीं मिलने पर युवाओं में गुस्सा होना, झगड़ा करना इत्यादि आदतें सामान्य हो जाती है। ऐसे में महंगे नशे का शौक पूरा करने के लिए कई युवा अपराध की राह चुन रहे हैं।

**युवाओं को नशा से बचाने के लिए पुलिस प्रशासन और समाज के बुद्धि जीवी वर्ग को आना होगा आगे**

नशे के इस बुरी लत से युवाओं को बचाने और बड़कागांव के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाज के बुद्धिजीवी वर्ग और जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा। अगर युवाओं को अब भी नशे की इस बुरी लत से नहीं बचाया गया तो बड़कागांव का भविष्य पूरी तरह से खराब हो जाएगा और इसके जिम्मेवार और भुक्तभोगी समझ के पढ़े लिखे समझदार तबका ही होगा।

**बड़कागांव में कहां कहां हो रहा है नशे का कारोबार**

बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव, बादम, बलिया, नापो, हरली, चंदौल, गोंदलपुरा, महुगाई, सांढ, होरम, विश्रामपुर, डोकाटांड, अंबाजित, बलिया, तलश्वार, सिरमा, चेपा, डाडी, सीकरी, बाबूपारा, बरवानिया, राऊतपारा सहित अन्य गांव में नशे का कारोबार फल फूल रहा है और बड़कागांव प्रखंड का युवा वर्ग इसकी चपेट में आ गया है।

## रामवि बुकबुका एवं संत मदर स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में वन महोत्सव मना



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका व संत मदर स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को वन महोत्सव मनाया गया.मौके पर उपस्थित बुकबुका पंचायत समिति सदस्य धीरज बहादुर सहित अन्य लोगों ने संत मदर स्कूल परिसर तथा इसके आसपास की जगहों पर फलदार और छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया. इस अवसर पर अमरलाल सतनामी, विजय कुमार महतो, उपमुखिया निलम मिंज, प्रतिमा एक्का, विक्की सिंह, पवनराज सिंह, विकास कुमार, मोनु सिंह, सत्येन्द्र खरवार, विजय सहित दोनों विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## रियलमी ने रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज 5जी व रियलमी बड्स वायरलेस 3 पेश किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सर्विस प्रदाता, रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 3 के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी के इनोवेशन की विरासत के ये नए उत्पाद यूज़र्स को अतुलनीय अनुभव प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो 60 सीरीज़ 5जी ने दो खास स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी और रियलमी नार्ज़ो 60 5जी पेश किए हैं। इनके साथ अत्याधुनिक रियलमी बड्स वायरलेस 3 पेश किया है, जो बहुत ही आकर्षक ऑडियो अनुभव प्रदान करता है।'डेयर टू लीप' भावना के साथ रियलमी अपने ब्रांड को लगातार बेहतर बनाते हुए अगले आयाम में जा रहा है, और इनोवेशन एवं डिज़ाइन की सीमाएं बढ़ा रहा है। रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी 1 टीबी की स्टोरेज क्षमता के साथ अपने सेगमेंट का पहला एवं एकमात्र स्मार्टफोन है, जो मिड-प्रीमियम सेगमेंट में भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा कर रहा है।रियलमी नार्ज़ो 60 प्रो 5जी में अत्याधुनिक डिज़ाइन के साथ क्रांतिकारी तकनीक है, जिसने उद्योग में नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

## अमेजन ने बुक्स और टॉयज के लिए पेश किया एक खास कैटलॉग

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्राइम डे 2023 के शुरू होने की तारीख नजदीक आने के साथ, अमेजन इंडिया ने टॉयज और अन्य के लिए विशेषरूप से तैयार कैटलॉग लिटिल एक्सप्लोर्स को पेश किया है, जो हर शिशु, बच्चे, जुड़वा और किशोर के लिए खिलौने, किताबें और अन्य के पसंदीदा चयन की सिफारिश करता है। इस कैटलॉग का उद्देश्य प्राइम डे से पहले ग्राहकों को अपनी खरीद योजना बनाने और सर्वोत्तम डील्स और उत्पादों की खोज करने में मदद करना है। कैटलॉग में टॉयज और बुक्स के लिए गिफ्टिंग आइडिया, मजेदार गतिविधियां जैसे गेम्स, स्टीकर्स, डीआईवाय किट्स के साथ रस्किन बॉन्ड की द ब्लू अम्ब्रेला कहानी शामिल है। कैटलॉग में लेगो, हैस्ब्रो और मैटल जैसे लोकप्रिय टॉयज ब्रांड्स के उत्पादों का एक विस्तृत चयन है। कैटलॉग के प्रत्येक पेज को एक क्यूआर कोड और उत्पादों के साथ एकीकृत किया गया है ताकि ग्राहक अपनी शॉपिंग कार्ट में उत्पाद को ऐड करने और रिमूव करने के लिए अपने अमेजन ऐप का उपयोग कर सकें। कैटलॉग को डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक करें। इस पहल पर बोलते हुए, राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, अमेजन इंडिया ने कहा, प्राइम डे और आगे आने वाले फेस्टिव सीजन से पहले बच्चों और अभिभावकों के लिए टॉयज की शॉपिंग करने का एक नया तरीका पेश करने के लिए हम काफी उत्साहित हैं।

## भदानीनगर पुलिस ने बैटरी चोरी के आरोप में तीन को किया गिरफ्तार

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भदानीनगर पुलिस ने वाहनों से बैटरी की चोरी करनेवालें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की दो बैटरी बरामद किया है। इस संबंध में भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार ने कहा कि पुलिस गश्ती दल को सूचना मिली की भदानीनगर के लपंगा मस्जिद कॉलोनी की तरफ चोरी का सामान ले जा रहा है। पुलिस ने युवक को पकड़कर छानबीन की। जिसमें ऑटो से चोरी एमेरॉन कंपनी का बैटरी बरामद किया गया। वहीं युवक के बयान पर उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी की एक और बैटरी बरामद की गई। पकड़े गये आरोपियों में संजय तुरी पटेलनगर निवासी, मनु करमाली और परदेशी करमाली दोनों महुआटोला निवासी शामिल हैं।आरोपियों पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने उन्होंने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## रोहिणी पीओ ने किया विस्थापित गांव का दौरा



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने शुक्रवार को विस्थापित गांव का दौरा किया.परियोजना पदाधिकारी अपने कार्यालय के समीप ढुब बस्ती गए जहाँ उन्होंने विस्थापितो के साथ बैठक की.उन्होंने विस्थापितो से गांव में घरों और परिवार संबंधित जानकारी ली.परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने बस्ती के लोगो को बताया कि रोहिणी परियोजना का विस्तारीकरण होना है जिसमे परियोजना कार्यालय के सामने दोनो तरफ की बस्ती को हटाना है.जिसमे दोनो तरफ के घरों को विस्थापित करने के लिए पहले घरों की मापी की जाएगी.उसके बाद उनका मेजरमेंट बनेगा और उन्हें कंपनी के आर एंड आर पॉलिसी के तहत मुआवजा एव पुनर्वास किया जाएगा.प्रबंधन विस्थापितो के हर समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है.विस्थापितो को जो भी नौकरी मुआवजा एव पुनर्वास मिलना है उसे दिया जाएगा.इस मौके पर उन्होंने विस्थापितो से खदान चलाने के लिए सहयोग की अपील की गई.विस्थापित नेता मुकद्दर कुमार ने कहा कि विस्थापित प्रबंधन को सहयोग करने के लिए तैयार है लेकिन विस्थापितो की हर सुख सुविधा का खयाल प्रबंधन को देखना होगा.उनका जो भी नौकरी मुआवजा पुनर्वास सहित अन्य सुविधाओं के प्रति सकारात्मक पहल करना होगा.इस मौके पर प्रबंधन के लोगो ने दोनो बस्तियो में घरों का सर्वे किया गया.इस मौके पर मैनेजर दीपक कुमार, अनुराग मिंज, सूरज लोहार,विश्वनाथ गंझू,छोटन भोगता, राजेंद्र गंझू,रिझु भोगता, मुरारी मेहता,संतोष, मुनवा गंझू,मंतोष गंझू,मंगरा गंझू,सोनू,किसुन लोहरा,मुनिया देवी, सोमरी देवी सहित कई विस्थापित मौजूद थे।

## आओ हाथ मिलाए संस्था ने एक दिवसीय सेमिनार का किया आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को अनिता इंटर कॉलेज कांके रोड रांची में आओ हाथ मिलाये संस्था तथा यु पी ई इस विश्विद्यालय देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड और इसकी अर्थव्यवस्था के विषय मे एक सेमिनार का आयोजन किया गया जो कि अनिता इंटर कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर कमला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें प्राथना फोगला और पार्थिव दास गुप्ता ने बताया कि झारखंड में घूमने लायक क्या क्या स्थान है और वो घूमने वाले स्थान कैसे झारखंड के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी का निर्माण कर रहें हैं झारखंड सरकार के अनुसार विगत कुछ वर्षो में झारखंड में टूरिज़म के छेत्र में अच्छा विकास हुआ जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का महत्वपूर्ण स्थान है वर्तमान सरकार और विगत कई सरकार झारखंड के टूरिज्म को अछे से बढ़ाना चाहती है जिसमे राज्य की जनता को भी आगे आकर इसमें सहयोग करना चाहिए इससे राज्य का विकास होगा वहीं संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर नाज़िश हसन ने कहा कि टूरिज्म में सबसे महत्वपूर्ण योगदान लॉ एंड आर्डर का होता है जिसे अच्छा बना कर रखना राज्य के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कार्यक्रम में संस्था की तरफ से निधिका तुलस्यान,कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थी तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक रवि अग्रवाल और रजनी मिस ने किया ।

## भारत पेट्रोलियम ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चालकों को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भारतीय तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम द्वारा स्वच्छता पखवारा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में कंपनी के कस्टमर रिलेशनशिप अधिकारी मन्नु सिंह ने बचरा स्थित एलएमटी के कैंप के पास शिविर आयोजित कर गाड़ियों के चालकों तथा खलासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और सभी को जागरूक किया।उन्होंने बताया कि भारी वाहनों के संचालन के दौरान चालकों को काफी श्रम करना पड़ता है जिसके लिए उनका स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए जीवन में स्वच्छता बहुत जरूरी है।अपने आस पास के वातावरण को साफ सुथरा रखने से बिमारियों से बचा जा सकता है।इस अवसर पर लालेश्वर महतो ट्रांसपोर्ट के प्रतिनिधि डेगन प्रजापति, रतनलाल पेट्रोल पंप के प्रतिनिधि अनुज गुप्ता, बचरा दक्षिणी मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह के साथ काफी संख्या में चालक एवं खलासी मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इंसाफ दिलाने के लिए जाऐगें सुप्रीम कोर्ट : गुजंन सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** गुजरात हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका खारिज होने पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही है।उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि गुजरात में कहीं ना कहीं असत्य का समर्थन किया जा रहा है,लेकिन सुप्रीम कोर्ट से सत्य की जीत होगी।उन्होने कहा कि राहुल गांधी इस अहंकारी सत्ता के सामने सत्य और जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं।जनता के हितों के सवाल,महंगाई,युवाओं के रोजगार,किसानों की भलाई, महिलाओं के हक,श्रमिकों के सम्मान के सवाल पर राहुल गांधी का संघर्ष जारी रहेगा।अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है।लेकिन जनता की ताकत के सामने यह अहंकार सत्ता ज्यादा दिन नही टिकेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जनता इसका करारा जवाब देगी और सत्य एवं जनता की जीत होगी।

## रांची सांसद के पहल से राय रेलवे स्टेशन में आरओबी पुल एवं उच्च स्तरीय प्लेटफार्म निर्माण की मिली सौगात




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** खलारी पिपरवार क्षेत्र के नागरिकों की दशको पुरानी मांग राय रेलवे स्टेशन मे ओवरब्रिज निर्माण एवं उच्चस्तरीय प्लेटफार्म निर्माण की मांग रांची सांसद संजय सेठ के अथक प्रयास से साकार होता दिखाई दे रहा है।सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो ने जानकारी देते बताया कि नागरिक सुविधा में सुधार ,एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव,आरओबी और रेलवे अंडरपास पूल निर्माण की मांग वर्षो से कोयलांचल के लोगों द्वारा किया जा रहा था।सांसद द्वारा धनबाद में पूर्वी जोन के जीएम हाजीपुर के साथ उच्च स्तरीय बैठक के पश्चात इन मांगों पर अंतिम मुहर लगाई गई इसके तहत राय अंडरपास रेलवे पुल निर्माण मद मे 3 करोड़ की राशि से पुल निर्माण की सहमति बनी।उक्त आरओबी पुल का निर्माण राय रेलवे स्टेशन और चूना भट्ठा स्थित रेलवे फाटक यह दोनों के मध्यांतर में निर्माण किया जाएगा,साथ ही राय रेलवे स्टेशन में दिव्यांग जनों की सुविधाओं के साथ अन्य नागरिक सुविधा सहित उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का निर्माण की जायगी।

उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(पंचायत-शाखा)

(प्रारुप 16)
(नियम 22 (1) देखिए)

निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशण की सूचना जनसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि नगरपालिका, लोहरदगा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली के प्रारुप में किए गए संशोधनों की सूची अर्हक तारीख के रुप में 01.01.2023 के संदर्भ में और निर्वाचक रजिष्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार तैयार की गई है, और उक्त नामावली की एक प्रति संशोधनों की उक्त सूची सहित प्रकाशित कर दी गई है और मेरे कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

तारीख – 06.07.2023
स्थान – लोहरदगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका) –सह– उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 301730Lohardaga(23-24)#D

## बदलाव संकल्प महासभा को संबोधित करेंगे संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 16 जुलाई को हजारीबाग के मटवारी गाँधी मैदान में महाजुटान होगा। साथ ही एक सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसे बदलाव संकल्प महासभा का नाम दिया गया है।इस आयोजन को छात्र नौजवान मिलकर अंजाम दे रहे हैं। इस सभा में मुख्य तौर पर झारखंड के स्थानीय हक अधिकारों पर वक्ता अपनी राय रखेंगे।इस महासभा में चतरा, रामगढ़, कोडरमा, हजारीबाग जिले के लोग शामिल होंगे। साथ ही विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा, हजारीबाग सदर विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा, मांडु विधानसभा, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छात्र - नौजवान, बड़े - बुजुर्ग शामिल होंगे।

**क्या होंगे मुख्य मुद्दे**

इस सभा का मुख्य मुद्दा स्थानीय एवं नियोजन नीति होगा। साथ ही झारखंड समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर भी वक्ता अपनी राय रखेंगे।निजी क्षेत्र के उद्योगों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी, बड़कागांव के गोंदलपुरा आंदोलन को समर्थन, पकरी - बरवाडीह परियोजना में अब तक कई रैयतों को मुआवजा नहीं मिल पाना, बरही में जियाडा भूमि पर स्थापित उद्योगों से हो रहे प्रदूषण, रामगढ़ के बूढाखाप में चल रहे आंदोलन, जमीनों की लूट, छात्रों को अब तक छात्रवृति नहीं मिल पाना, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, हजारीबाग से लंबी दूरी की ट्रेनों की माँग, एनएच चौड़ीकरण में कई प्रभावित रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाना आदि माँगों एवं समस्याओं को लेकर वक्ता अपने - अपने विचार रखेंगे।

**क्या कहते हैं संजय मेहता**

संजय मेहता ने कहा कि झारखंड 23 सालों बाद भी नीतिगत मसलों के दोराहे पर खड़ा है। यहाँ की स्थानीय नीति स्पष्ट नहीं होने के कारण नियोजन नीति का भी बिंदु फँस जा रहा है। छात्र नौजवानों में निराशा है। साथ ही निजी क्षेत्र के उद्योगों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी की बात कही गयी है। इसके लिए विधेयक भी लाया गया। इसके बावजूद इसका पालन नहीं हो रहा।कई परियोजनाओं के नाम पर गरीब - किसानों का भूमि अधिग्रहित कर लिया गया लेकिन उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला। कंपनियों के आने से प्रदूषण चरम पर है। पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड मेंविधानसभा और लोकसभा के स्तर पर अच्छे और ईमानदार लोगों की जरूरत है।

## छात्राओं से अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर रहे युवकों का विरोध करनें पर

### आदेशपाल को मारपीट कर किया घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रखंड क्षेत्र के परियोजना बालिका उच्च विधालय बरकट्ठा परिसर में आज सुबह मनचलों के द्वारा विधालय के छात्राओं के साथ बदतमीजी एवं अभ्रदता करनें का मामला प्रकाश में आया है।भुगतभोगी आदेशपाल चितरंजन प्रसाद यादव के द्वारा बरकट्ठा थाना में लिखित रूप से आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।जिस आवेदन पत्र में बताया गया है कि 07/07/2023 के सुबह 09-20इुद्व को विधालय में कार्यकाल से संबंधित कार्य कर रहा था।इसी दरम्यान 1)धनजंय कुमार 2)गौतम कुमार गुप्ता पिता संजय प्रसाद गुप्ता ग्राम- बरकट्ठा 3)राहुल प्रसाद उर्फ नन्हकू पिता लक्ष्मण प्रसाद ग्राम-बरवां थाना-बरकट्ठा जिला-हजारीबाग एवं अन्य लडके विधालय परिसर में घुसकर छात्राओं के साथ अभद्र भाषा एवं अभद्र व्यवहार करनें लगे।जब मैं उनलोगों से पूछताछ करने गया इसी बीच उपरोक्त लोगों के द्वारा मुझे पकड़ कर हाथ में पहने फाइटर एवं लोहे के रड से जान मारने की नियत से जानलेवा हमला कर दिया जिससे मेरा सिर फट गया ओर मैं खुन से लथपथ हो गया।ओर मैं जमीन पर गिर गया हो-हल्ला सुनकर विधालय से बीचबचाव करनें राजेंद्र कुमार(सहायक शिक्षक) व अन्य विधालय कर्मी आये तो इनलोगों पर भी फैट,मुक्का से मारपीट करने लगा जिससे राजेंद्र कुमार को भी चोट लगी है।मारपीट करने के उपरांत सभी लोग बुलेट बाइक एवं अन्य वाहन पर सवार होकर भाग गए।भागते समय मनचलों नें धमकी भरे लहजे में कहा कि मामला को आगे बढाया तो विधालय में आग लगा देंगे एवं बर्बाद करने की धमकी भी दी गई।विधालय के शिक्षकों द्वारा आदेशपाल को जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ईलाज हेतु लाया गया।जंहा चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है।मामले की जानकारी पाकर स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव एवं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंचकर मामला से अवगत हुए।एवं विधायक श्री यादव ने कहा कि घटना में संलिप्त दोषियों को कडी से कडी सजा दिलाने का मांग स्थानीय पुलिस-प्रशासन से किया है।

अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(गोपनीय शाखा)

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला के आम बैठक एवं मतदाता सूची प्रकाशन की सूचना

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला के मतदाता सदस्यों को सूचित किया जाता है कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला की नयी कार्य समिति का गठन किया जाना है।

इस निमित्त भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला के सभी मतदाता सदस्यों को सूचित किया जाता है कि नयी कार्य समिति के गठन के पूर्व मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 08.07.2023 से 14.07.2023 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय नोटिश बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा। सभी मतदाता सदस्यों से अपील है कि उक्त निर्धारित अवधि में मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए किसी प्रकार के दावा/आपत्ति दिनांक 14.07.2023 के संध्या 05.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दायर करेंगे। प्राप्त दावा/आपत्ति के आलोक में दिनांक 19.07.2023 तक तदनुरूप मतदाता सूची में संशोधन करते हुए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

निर्वाची पदाधिकारी,
भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, जिला शाखा, गुमला
PR 301727 District (23-24)_D –सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला

## अमिताभ चौधरी की जयंती पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुमारधुबी स्थित काली मंडा वाणी



मंदिर क्लब में बीसीसीआई के पूर्व कार्यकारी सचिव, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व आईपीएस अधिकारी स्वर्गीय अमिताभ चौधरी की जन्म जयंती क्लब परिसर में मनाई मनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक जेएससीए के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष, क्लब के सदस्यों, शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के प्रतिनिधियों, कुमारधुबी क्रिकेट क्लब व माही क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों तथा गणमान्य अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पण किया तथा उनके जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उसके बाद क्लब परिसर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 22 बच्चों ने भाग लिया।लोयोला स्कूल के आर्या घोष और मयंक कुमार को क्विज का प्रथम विजेता घोषित किया गया। द्वितीय विजेता गुरु नानक स्कूल के प्रिंस राज व आयुष उपाध्याय बने। तृतीय विजेता आदर्श विद्या निकेतन के दीनबंधु रजक तथा वेदांत सिंह बने। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्विज का संचालन प्रत्युष कुमार ने किया। क्विज में कुल नौ राउंड में दो सौ प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बापी बनर्जी, विश्वनाथ दास, संजीव मजूमदार, मुखिया अनामिका देवी, माही क्रिकेट क्लब की सचिव दोयल घोष, संजय यादव, प्रभाकर विश्वकर्मा, अशोक यादव, भागीरथ रजवार, कुंदन रजक, मुन्ना यादव, छोटन यादव, विकास कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दुर्घटना में मृत बैंक साथी को बैंक साथी संघ ने दिया 25 हजार का नकद सहयोग

### मृतक के जगह पत्नी को बैंक साथी बनाने के लिए अधिकारियों ने दिया आश्वासन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमुआ थाना क्षेत्र के पोबी निवासी



सह बैंक ऑफ इंडिया के बीसी (बैंक साथी) योगेश पाण्डेय के घर बीसी संघ के लोग पहुँचे और उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया । साथ ही 25 हजार का नकद सहयोग भी दिया । संघ के लोगों ने बताया कि इसके अलावा दिवंगत योगेश पाण्डेय के खाते में भी बीसी भाई लोग व्यक्तिगत रुप से सहयोग राशि डाल रहें । साथ ही पीडित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया कहा कि योगेश के जगह पर उनकी पत्नी को बैंक बीसी बनाने की बात बैंक अधिकारियों व यूटीएल के अधिकारियों से हुई है ताकि आजीवन इनका निर्वहन होता रहे । मौके पर बीसी संघ के अजय बर्णवाल, रंजीत पाण्डेय, परमानन्द बर्णवाल, संतोष कुमार, पप्पू बर्णवाल,सुनील पाण्डेय आदि मौजूद रहे जबकि सहयोग करनेवालों में किशुन प्रसाद, शशिप्रकाश नायक,प्रकाश साहू,शैलेश, विश्वनाथ, राहुल, अजय,सुमित, रवि शर्मा, राजेश, शत्रुघ्न समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

## जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए किया गया प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी प्रखंड के प्रखंड सभागार



में जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन 7 कार्यशाला में जन्म मृत्यु का शत प्रतिशत निबंधन कराने, जनता की जागरूकता तथा जन्म मृत्यु के महत्व के बारे में जानकारी देने के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख बहाली मरांडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी यश्मिता सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव, सभी पंचायत के मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया आदि शामिल हुए।

## पत्रकारों ने केक काटकर डीएसपी निशा मुर्मू का मनाया जन्मदिन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास कतरी नदी स्थित प्रेस




क्लब, कतरास में शुक्रवार को दोपहर समय विशेष आमंत्रित अतिथि बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू के आगमन पर क्लब के पत्रकारों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंची डीएसपी को क्लब के संरक्षक उमेश श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा ने बुके देकर सम्मानित किया।

## गिरिडीह : पांच करोड़ लूट मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

# तीन करोड़ 24 लाख पंद्रह हजार नगदी के साथ 6 को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पांच करोड रूपए लूट मामले का गिरिडीह पुलिस ने शुक्रवार को उद्भेदन कर लिया है इस मामले में लूट के 3 करोड़ 24 लाख 15 हजार रुपया भी बरामद कर लिया गया है । लूट कांड में शामिल 6 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल की है । पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने कहा कि 21 जून की रात्रि में जमुआ थाना क्षेत्र के बाटी मोड में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था वादी जगत सिंह जडेजा के आवेदन पर मामले की जांच की गई इसके तहत एक टीम गठित की गई जिसमें खोरी महुआ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सरिया बगोदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी साइबर क्राइम के पुलिस उपाधीक्षक संदीप सुमन आदि के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया जिसकी लगातार मॉनिटरिंग के बाद यह सफलता हासिल की गई है श्री रेनू ने कहा कि गिरफ्तार अपराधियों में धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र रामनगर निवासी राजेश सिंह एवं करीम अंसारी तथा विनोद विश्वकर्मा एवं शहजाद आलम को धनबाद जिले से गिरफ्तार किया गया है वही हजारीबाग जिले के बरही थाना अंतर्गत रसोईया धमना गांव से रंजीत कुमार एवं चतरा जिले के ईटाखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनी निवासी अजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूट के 3 करोड़ 24 लाख 15 नगदी बरामद कर ली गई है श्री रेनू ने कहा कि घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी 8 मोबाइल अभियुक्तों के द्वारा क्रेटा वाहन में लगाए गए जीपीएस आदि की भी बरामद की गई है कहां के लूट की बाकी रकम को बरामदगी के लिए पुलिस छापामारी चला रही है इस मामले में एक अभियुक्त फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है मौके पर पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार राणा मुकेश महतो नौशाद आलम मनोज कुमार महतो संदीप सुमन नवीन कुमार सिंह विनय कुमार राम विपिन कुमार पप्पू कुमार नितेश कुमार पांडे रवि प्रकाश पंडित सरोज सिंह चौधरी आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह नगर निगम की टोल टैक्स वसूली की बंदोबस्ती 2.73 करोड़ में हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह नगर निगम के टोल टैक्स की वसूली की बंदोबस्ती हुई. अगले साल 31 मार्च तक के लिए हुई टोल टैक्स वसूली की बंदोबस्ती की बोली 2.73 करोड़ की लगाई गई. यह बोली अजय शर्मा उर्फ संजय शर्मा ने लगाई. बंदोबस्ती में इसके अलावा संवेदक सुमन राय और बेंगाबाद के इंद्रजीत कुमार भी शामिल रहे लेकिन कम होने के कारण वह पिछड़ गए. हरसिंहरायडीह निवासी सुमन राय ने 2.72 करोड़ और इंद्रजीत कुमार ने 2.73 करोड़ की बोली लगाई थी. बंदोबस्ती प्रक्रिया को नगर निगम की उप नगर आयुक्त स्मृति कुमारी ने अपने मौजूदगी में संपन्न कराया. इस दौरान नगर थाना पुलिस भी मौजूद रही. टोल टैक्स वसूली का सेरात लेने वाले अजय शर्मा उर्फ संजय शर्मा पहले से में गिरिडीह एफसीआई गोदाम का संचालन कर रहे है.

## टुंडी : विधानसभा क्षेत्रों के हर गली-मोहल्ले में पक्की सड़कों का निर्माण मेरी पहली प्राथमिकता : मथुरा प्रसाद महतो




**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी विधानसभा क्षेत्रों के हर गली-मोहल्ले के कच्चे सड़कों को पक्कीकरण कराना मेरी पहली प्राथमिकता में है। बताया जाता है कि तोपचांची प्रखंड के मतारी पंचायत के पाकेरबेडा हीरघुटु में परमेश्वर मांझी के घर से छोटन मांझी के घर तक सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम नारियल फोड़कर किया गया। गौरतलब यह है कि आदिवासी बहुल इस गांव में कुछ दूरी तक यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में था एवं कई वर्षो से इस रास्ते में काम नहीं हुआ था। बर्षा के दिनों में इस सड़क से गुजरने में ग्रामीणों को बहुत ही संकटों का सामना करना पड़ता था।आज टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामय उपस्थिति में जिला योजना अनाबद्ध निधि से इस सड़क का शिलान्यास किया गया। मौके पर तोपचांची प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास तिवारी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, झामुमो तोपचांची प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो,बालकिशुन रजवार, पवन महतो,पूरन महतो, महेंद्र बास्के, सहित सैंकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## चुनावी पाठशाला आयोजन को लेकर बीडीओ के साथ शिक्षक व सुपरवाइजर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए एगारकुण्ड प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के साथ प्रखंड के बीडीओ बिनोद कुमार कर्मकार ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से निर्वाचन कोषांग प्रभारी प्रमोद झा उपस्थित हुए।

बैठक में आगामी चुनाव संबधित चर्चा हुई और शिक्षकों को बीडीओ ने कई दिशा निदेश दिया। वही बैठक के सम्बंध में बीडीओ ने कहा की प्रखंड क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर



मतदाता सूची पुरनिरक्षण का कार्य चल रहा है, इसी संबंध में बैठक किया गया है। बैठक में विद्यालय और महा विद्यालय के शिक्षक और सुपरवाइजर मौजूद रहे। बैठक में सभी को निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी स्कूल व अन्य जगहों पर चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जाय, ताकि चुनाव प्रसार अच्छे तरीके से हो सके और मतदाता सूची पूर्णनिरीक्षण का कार्य जल्द और सही तरीका से किया जा सके।

## धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** धनबाद मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के सभाकक्ष में किया गया । इस बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता धनबाद के माननीय सांसद पशुपति नाथ सिंह द्वारा की गयी । सभी माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल



के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में चतरा के माननीय सांसद सुनील कुमार सिंह, पलामू के माननीय सांसद विष्णु दयाल राम, गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, रांची के माननीय सांसद संजय सेठ तथा राज्य सभा के माननीय सांसदगण राम शकल एवं दीपक प्रकाश उपस्थित थे । इनके अलावा माननीया शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि कामाख्या नारायण सिंह, माननीय सांसद अजय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विक्रम सिंह चंदेल, गया के माननीय सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि नागेन्द्र यादव, हजारीबाग के माननीय सांसद जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि चन्द्र भूषण प्रसाद, सांसद हरदीप सिंह पुरी एवं सांसद पकौड़ी लाल के प्रतिनिधि श्रीकृष्ण गौतम, माननीय सांसद समीर उरांव जी के प्रतिनिधि अरूण कुमार जोशी, माननीय सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि सुखैर भगत, माननीय सांसद महुआ मांझी के प्रतिनिधि लाखी सोरेन तथा माननीय सांसद आदित्य प्रसाद के प्रतिनिधि चंद्रशेखर सिंह उपस्थित थे । बैठक में माननीय सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये।

## जन्म प्रमाण-पत्र को लेकर प्रखंड सभागार में बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज शुक्रवार को टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पर जोर देने पर विचार किया गया। मौके पर टुंडी प्रमुख मालती मरांडी समेत सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## श्रम विभाग ने मजदूरों के लंबित रुपयों का कराया भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, विद्युत आपूर्ति विभाग, धनबाद जिला के मानव दिवस कर्मियों को सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार एवं श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार की पहल पर 57,00,752 रुपये की लंबित मजदूरी संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित की ओर से दिलाया गया।

जबकि महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, धनबाद द्वारा चयनित एंजेसी रॉयल इंटरप्राइजेज द्वारा अप्रैल, मई एवं जून माह का बकाया भुगतान नहीं किया गया है। इसके लिए श्रम अधीक्षक ने ठेका मजदूर अधिनियम 1970 के अन्तर्गत मुख्य नियोजक को संवेदक द्वारा जल्द से जल्द भुगतान कराने हेतू निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त अधिनियम के अन्तर्गत यदि संवेदक मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में बकाया या लंबित मजदूरी का भुगतान करने का दायित्व मुख्य नियोजक का होता है। विदित हो कि बिजली विभाग में कार्यरत मानव दिवस कर्मियों की ओर से 6 मार्च को श्रम अधीक्षक, धनबाद से इस संबंध में शिकायत की गई थी।

## अवैध वसूली मामला को लेकर जांच में पहुंचे शिक्षा कर्मी व जनप्रतिनिधि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गांवा/गिरिडीह :** गांवा प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गांवा में 10 वी के सफल छात्रा से अवैध वसुली का मामला प्रकश में आया । जानकारी अनुसार अनिरुद्ध उपाधाय्य मामला को प्राकाशित में लाया उन्होंने बताया की गुरुवार को जब अपनी बेटी की मार्कशीट लेने विद्यालय पहुंचा तो देखा की 100 रूपए की अवैध असुली किया जा रहा था उन्होंने विधालय प्रबंधन पर फीस की अवैध वसूली के आरोप लगाते हुवे शिक्षा विभाग पर घोर निंदा जताया .इस सम्बन्ध को प्रकाशित में लेने हेतु प्रखंड पदाधिकारी गांवा ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गांवा को लिखित आवेदन देकर हो रहे अवैध असुली पर रोक लगाने के लिए उचित करवाई की मांग की .



**क्या कहते है :-** प्रखंड परसार प्रचार पदाधिकारी गांवा तितुलाल मंडल ने बताया की जांचो उपरांत पाया गया की जो भी छात्रा से विद्यालय में जानकारी प्राप्त हुवा बच्चे अपने खुसी से 100 रूपए दे रहे थे .उन्होंने बताया की ऐसी अनुचित असुली करना बिल्कुल नियम के खिलाफ है प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय प्रबंधन सचिव को जमकर फटकार लगते हुवे सावधान किया गया. मौके पर जिप सदस्य पवन चौधरी, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, अनिरुद्ध उपाध्याय, प्रखंड समन्वयक पदाधिकारी गंगाधर पांडे, राजीव रंजन सहायक अध्यापक, बीस सूत्री सदस्य शक्ति रविदास आदि मौजूद रहे।

## देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी की 23 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** शुक्रवार को मासस के सक्रिय नेता देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी का 23वां पुण्य तिथि देवीयना में मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुप चटर्जी सहित मासस कार्यकर्ताओं ने अपने स्व नेता देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी के वेदी पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी मासस के सक्रिय नेता थे। गरीब, दलित, शोषितों के दुख सुख में काफी सक्रिय भूमिका में रहते थे। साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने में उनकी अहम भूमिका रहती थी। आज भी उनकी कमी खलती है। उन्होंने कहा कि पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। श्री चटर्जी ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1990 में पिता गुरुदास चटर्जी के विधायक बनने के तीन माह बाद ही देवली के निकट सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। दोनों एक साथ रहते थे और एक साथ ही चले गए। वरिष्ठ नेता अगम राम, कार्तिक दत्ता, जीप सदस्य बादल बाउरी, टुनटुन मुखर्जी ने कहा कि दोनों बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैजना कोलियरी के शाखा अध्यक्ष व सचिव थे।

## कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर कांग्रेस कमिटी का धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अंचल कार्यालय धनबाद में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष के तत्वाधान में बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने के लिए धरना दिया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के आदरणीय अध्यक्ष ने संतोष कुमार सिंह ने धरना देने के उपरांत अंचल अधिकारी प्रशांत लायक को ज्ञापन सौंपा जिसमें जिलाध्यक्ष ने बताया विगत अप्रैल से ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



प्रभारी आदरणीय अविनाश पांडे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिले में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में धनबाद जिला के प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने के लिए प्रशासन धरना प्रदर्शन जारी है और अभी आगे भी जारी रहेगा।

## डीवीसी का 76वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीवीसी के मैथन परियोजना में डीवीसी का 76वा स्थापना दिवस पूरे धूम धाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम सुबह नौ बजे परियोजना प्रमुख श्री अंजनी कुमार दूबे ने मैथन डैम पर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर मैथन बांध के निर्माण के दौरान शहीद हुए लोगों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। श्री दूबे के साथ मुख्य अभियंता संतोष महापात्रा, मदन सेन, जयंत बनर्जी, संजीत सिन्हा, अनिल झा, राम स्नेह शर्मा, उप मुख्य अभियंता संजय कुमार, सुरेन्द्र साहू, डी के देहुरी, रौशन लकड़ा, सुजीत कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी लिए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा डिस्ट्रिक्ट एनवायर्नमेंट प्लान के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा आदि के प्रबंधन को लेकर जानकारी दिया गया। साथ ही जिला स्तरीय पर्यावरण समिति के सदस्यों को उनके दायित्व एवं कर्तव्यों से पुनः अवगत कराया गया।बैठक में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम एवं जिले में फैले कचरे के उठाव समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर की गई। आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र की ससमय साफ-सफाई के साथ-साथ कचरा का उठाव, डंपिंग, शहरी क्षेत्रों में नाली की सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने कचरा प्रबंधन के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मनरेगा से वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने घरों, सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा खदान से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का सही तरीके से निपटान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त ने ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु लोगों में व्यवहार परिवर्तन के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोग जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट को अलग -अलग रंग के डस्टबिन में रखें ताकि उन दोंनो तरह के कचरे का अलग अलग निपटान हो सकें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत लातेहार सह अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पल्लवी एक्सरे व क्लिनिक को किया गया सील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय के फुलसु रोड़ स्थित ब्लॉक के समिप संचालित निजी पल्वी एक्सरे एंड क्लिनिक का बालुमाथ चिकित्सा प्रभारी सुरेश कुमार राम ने जांच की जिसमें कई स्तर पर गड़बड़ी पाई गई. इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुरेश राम ने बताया कि उप प्रमुख निशा शहादेव के द्वारा उप मुखिया रिकशोना देवी व ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन प्राप्त हुआ है?. जिसके माध्यम से कहा गया है कि प्रखण्ड कार्यालय के समिप पल्वी एक्सरे नामक एक क्लिनिक डॉक्टर प्रदीप कुमार के द्वारा संचालित है। जहां नियम कानून को ताक पर रखकर डॉ प्रदीप द्वारा महिला पुरुष एवं बच्चों का धड़ल्ले से इलाज किया जाता है। किसी भी छोटी मोटी बीमारी, सर्दी, बुखार, मे स्वयं खुन, पेशाब जांच कर फर्जी रिपोर्ट तैयार कर 18 सौ से दो हजार रुपये एवं हाथ पांव में हल्की चोट लगने पर एक्सरे कर पलास्टर कर लम्बी दवा चलाने के नाम पर मोटी रकम उगाही किया जाता है. एवं डॉ प्रदीप कुमार द्वारा निजी अस्पतालों से मिलीभगत कर आपरेशन तक कराया जाता है जिसमें मरीजों से मोटी रकम ली जाती है उक्त शिकायत पर जांच की गई संचालक डॉक्टर प्रदीप से डॉक्टर, लैब, दवा, व एक्सरे, संबंधित कागजात मांगे जाने पर किसी भी प्रकार का कोई कागज़ डॉक्टर प्रदीप द्वारा नहीं देखाया गया। जिसके कारण क्लिनिक को तत्काल बंद करते हुए पांच दिनों के अंदर बालूमाथ सीएचसी कार्यालय मे कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि कोई अवैध रूप से क्लिनिक चलाने वालों को बख्श नहीं जाएगा।

## देश मना रहा है आजादी का अमृत महोत्स्व, किन्तु आज भी सड़क से वंचित



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पगार पंचायत स्थित केंवटा गांव में आजादी के 76 साल बाद भी अब तक ग्रामीण सड़क से कोषो दूर है। जिससे छात्रों को स्कूल जाने एवं ग्रामीणों को आने जाने में, और किसानों को सब्जी को बाजार पहुचाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त को आवेदन देकर सड़क बनवाने का आग्रह किया है। वहीं ग्रामीणों ने चतरा सांसद और सिमरिया विधायक से कई बार सड़क बनवाने का मांग किया था। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि हमारे गांव में महिला गर्भवती भी रहती है उस वक्त भी हमारे गांव में एंबुलेंस भी नहीं पंहुचती है जिससे गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क नही रहने के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे है। इधर इस तरह की दुर्दशा पर ग्रामीण खुद देश आजादी का भी आजादी नहीं समझ पा रहे हैं। आगे कहा कि हम ग्रामीण लोग केवल वोट देने के लिए बने हैं विधान सभा हो या लोक सभा चुनाव सभी वोट मांगने पहुंच जाते हैं साथ हीं देश और गाँव की तकदीर बदलने की बात करते हैं किंतु चुनाव जीत कर जाने के बाद अपना तकदीर बनाने में लगे रहते हैं वैसे में हम ग्रामीण सदियों से छले जा रहे हैं।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शहर में किया विरोध प्रदर्शन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को गुजरात उच्च न्यायालय से मानहानि के मामले में राहत नहीं मिली।ऐसे में चतरा कांग्रेस कमिटी ने सड़क पर उतर कर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय होते हुए जातरहीबाग से केसरी चौक पर कार्यक्रम को समाप्त किया गया इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल, जिला महासचिव राजवीर, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, संजय जायसवाल जिला महासचिव नसरुद्दीन अंसारी रकीबुल इमाम, इकबाल अंसारी, नगर अध्यक्ष संतोष केशरी, अरुण यादव, पप्पू रज़ा, मो सरमद, शिवेंदु शंकर, अजीमुद्दीन ख्वाजा, संतोष गुप्ता, रवि कुमार, मो के कौशर सतेंद्र राम, वली मोहम्मद के साथ अन्य लोग उपस्थित हुए।

# चतरा जिला में अब शीघ्र दौड़ेगा पैसेंजर ट्रेन, टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन पर पैसेंजर ट्रेन चलने की सभी कवायद पूरी

➲चतरा सांसद सुनील सिंह का प्रयास लाया रंग
➲पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल की बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह सहित झारखंड के कई सांसद ने की शिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि टोरी - शिवपुर रेलवे लाइन पर जल्द ही पैसेंजर ट्रेन अब दौड़ेगी। इसके साथ ही चतरा - गया रेलवे लाइन के निर्माण का कार्य भी अब शुरू हो जाएगा। दरअसल सांसद सुनील कुमार सिंह सहित झारखंड के पांच सांसदों के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे के अधिकारियों के समक्ष टोरी शिवपुर रेलवे लाइन पर पैसेंजर ट्रेन शुरू होगा। इसके साथ ही चतरा गया रेलवे लाइन के निर्माण कार्य पर भी सहमति मिली है। इस मौके पर सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में रेल पटरियों के बिछाने में राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण सबसे बड़ी समस्या है। हालांकि इसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बैठक में धनबाद के सांसद पी एन सिंह,रांची के सांसद संजय सेठ, सांसद बी डी राम, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भी शामिल हुए। बैठक में सभी सांसदों ने अपने अपने संसदीय क्षेत्र में रेलवे के बारे में चर्चा की।बैठक में पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, पीसीओएम डॉ. मनोज सिंह जी, पीसीसीएम शिव कुमार, डीआरएम धनबाद कमल किशोर सिन्हा, एडीआरएम आशीष कुमार, वरिष्ठ डीसीएम अमरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अफीम के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राजपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पथेल में बाहरी व्यक्ति आया हुआ है। जो अफीम खरीद फरोख्त कर कहीं बाहर ले जाने फिराक में है। सूचना का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मु0) चतरा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा ग्राम पथेल के कोलघाट के समीप एक मोटरसाईकिल होन्डा स्क्र 125 रजि0 नं0- जेएच 13 एच 0429 पर सवार एक व्यक्ति शंकर सुमन पिता प्रदीप सुमन सा)- सोयद, थाना-सोयद, जिला शाजापुर (मध्य प्रदेश) का निवासी के पास से दो प्लास्टीक में 01-01 किलो ग्राम कुल दो (02) किलो ग्राम गीला अफीम जैसा पदार्थ के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। उक्त संबंध में राजपुर थाना काण्ड संख्या-51/23 धारा-18/27 ( )/29/30 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। तथा काण्ड में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार तस्कर में शंकर सुमन, उम्र 43 वर्ष पिता- प्रदीप सुमन, सा0 सोयद, थाना-सोयद, जिला शाजापुर, (मध्य प्रदेश)। जप्त दो सफेद रंग का प्लास्टिक में अफीम जैसा तरल पदार्थ पाया गया जिसका वजन करने पर दोनों प्लास्टिक सहीत 01-01 किलो ग्राम कुल दो किलो ग्राम बरामद किया गया। 2. लाल रंग का होन्डा स्क्र125 मोटरसाईकिल रजि0 नं0- जेएच 13 एच 0429 3. हरा रंग का ( ) कम्पनी का की पैड मोबाईल जिसमें नं0-9216885614 लगा हुआ है। छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक चतरा, केदारनाथ राम, पुअनि विनोद कुमार, थाना प्रभारी राजपुर, सअनि शिव प्रसाद साह, राजपुर थाना, सअनि सुरेन्द्र चातर, राजपुर थाना, सशस्त्र बल राजपुर थाना, सअनि दीप नारायण के अलावे पुलिस बल शामिल थे।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण व निर्वाचन कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड सभागार में शुक्रवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम और निर्वाचन से संबंधित कार्यों को लेकर मनिका विधान सभा क्षेत्र के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने कहा हर एक सुपरवाइजर हर हर एक भूत में जाकर पन्ना वेरिफिकेशन करें ताकि एक भी नये मतदाता नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि खासकर 21 वर्ष के युवक एवं युवतियों को उनके पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया जाए। वहीं उन्होंने सभी बूथों में तय समय पर जाकर नये मतदाता पहचान पत्र नाम हटाने और सुधार के लिए फार्म 6, 7 और 8 भरने को लेकर निर्देशित किया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय जितेन्द्र सिन्हा समेत कई सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# बीएस कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय में वन महोत्सव सप्ताह का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार इकाई द्वारा स्वयंसेवक छात्र छात्राओं के बीच पर्यावरण की रक्षा हेतु एवं अधिक से अधिक पेड़ की सुरक्षा एवं पौधा लगाने एवं समाज में जागरूकता लाने हेतु सामूहिक रूप से शपथ एवं संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने का संकल्प दोहराया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई और पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया और इसके साथ ही 7 दिनों चलने वाला वन महोत्सव सप्ताह समापन की घोषणा की गई। मौके पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रखंड अंतर्गत विभिन्न योजनाओं को लेकर की गई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखंड अंतर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया। इस बैठक मे मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता कर रही प्रमुख उर्मिला देवी ने बारी बारी से सभी विभाग, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, पशुपालन, बिजली, पेयजल, बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं जेएसएलपीएस के सभी विभागीय कर्मीयों से संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। उप प्रमुख निशा शाहदेव ने भी कई बिन्दुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। समीक्षा के दौरान प्रखण्ड प्रमुख एवं उप प्रमुख के द्वारा शिक्षा विभाग, बाल विकास के पदाधिकारीयों से नराजगी जताते हुए सुधार करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत समिति सदस्य बारियातू द्वारा नये ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही गई। मौके पे बीपीओ रवि यादव, जेएसएलपीएस के प्रखंड कोडिनेटर सुनिल कुमार, के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

# झारखंड शिक्षा परियोजना का बैठक संत जेवियर्स महाविद्यालय में हुआ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत संत जेवियर कॉलेज में शिक्षा परियोजना लातेहार जिला के द्वारा आज दिन शुक्रवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। महुआडांड़ जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र को शिक्षा के माध्यम से ही मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों, शिक्षको और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति, समस्या और समाधान पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर होता है। शिक्षा डिग्री प्राप्ति का नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम होता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र डांग ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अभिभावकों में जागरूकता की कमी के कारण आदिवासी गांव में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन अपने स्तर से जागरुकता अभियान चला रही है। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने स्कूलों में शिक्षकों और अवसंरचना की कमी पर ध्यान आकृष्ट किया।

## राशन कार्डधारियों को मिला धोती साड़ी का लाभ

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के मंगरा पंचायत में दो जनवितरण प्रणाली के दुकानदार अशोक राम और नारी शक्ति आजीविका स्वयं सहायता समूह के जनवितरण प्रणाली के दुकान पर राशनकार्ड धारियों कई लाभुकों को धोती साड़ी योजना का लाभ देने हेतु प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र व युथ कांग्रेस के स्टेट कार्डिनेटर विजय बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू, पसंस मंगरा,मुखिया बिपीन बिहारी सिंह ने कई लाभुकों को धोती साड़ी वितरण करने का किया गया। मौके पर पीडीएस डीलर अशोक राम, मनोज कुमार सिंह, भाजपा नेता विवेक कुमार सिंह समेत काफी संख्या में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चतरा सांसद सुनील सिंह का प्रयास, चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी सूखी नदियों में बहेगी कल-कल जल धारा

➲आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रोफेसरों से सांसद सुनील कुमार सिंह ने किया गहन मंथन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र के सभी सूखी नदियों को फिर से हरा-भरा करने की कवायद शुरू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रोफेसरों के साथ गहन विचार मंथन किया है। धनबाद में आयोजित विशेष बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह ने भू वैज्ञानिक प्रोफेसरों के साथ सूखी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए वैज्ञानिक तौर तरीके अपनाने, लोगों को जागरूक करने एवं सरकारी सहयोग पर चर्चा की है। गौरतलब है कि जीवनदायिनी नदियों से अवैध बालू उत्खनन एवं और अवैज्ञानिक तरीके से जगह-जगह की जा रही खुदाई से नदियों का अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। सनातन धर्म में मोक्षदायिनी नदी के रूप में विश्व विख्यात निरंजना नदी का अस्तित्व संकट में है।गौरतलब है कि गया का फल्गु नदी ही झारखंड में निरंजना नदी के रूप में बहती है। गौरतलब है कि फल्गु नदी का सनातन धर्म में विशेष स्थान है क्योंकि अपने पूर्वजों के लिए गया के फल्गु नदी में ही पिंडदान किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अवैज्ञानिक तरीके से बालू खनन के कारण नदियों का अस्तित्व संकट में आ गया है ।इस दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए सांसद सुनील कुमार सिंह ने आईआईटी धनबाद के प्रोफेसरों के साथ आज बैठक की है। बैठक में वैज्ञानिकों ने बताया कि सरकार के नियमों के अनुसार नदियों से बालू उत्खनन करने से नदियां कम प्रभावित होती है ।लेकिन राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण और अवैध बालू खनन पर नियमित तरीके से प्रशासन के द्वारा रोक नहीं लगाया जाता है।इसी वजह से नदियों का अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर सांसद सुनील कुमार सिंह ने प्रोफेसरों के साथ विशेष चर्चा की है। गौरतलब है कि निरंजना नदी के साथ-साथ दामोदर, म्हाने, बराकर, करमा, लोहसिंगाना जैसी कई महत्वपूर्ण नदियां चतरा संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरती है। लेकिन राज्य सरकार की ढुलमुल नीतियों के कारण नदियों का साफ-सफाई, रखरखाव एवं अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिससे जीवनदायिनी नदियों का अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। सांसद सुनील कुमार सिंह ने आईआईटी आईएसएम धनबाद के जियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एस एस राय ,डायरेक्टर धीरज कुमार, रिवर डिपार्टमेंट के विशेषज्ञ प्रोफ़ेसर अंशु माली जी से चर्चा की है ।इस दौरान वैज्ञानिकों ने बताया है कि लोगों को जागरूक कर एवं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के नियमों का पालन करने से ही नदियों का अस्तित्व बचाया जा सकता है। गौरतलब है कि नदियां मानव जीवन के लिए जीवनदायिनी है और हर हाल में नदियों का अस्तित्व बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है ।इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार को भी आगाह किया है की नदियों के संरक्षण, संचालन एवं अवैध उत्खनन रोकने पर कठोर नियम लगाएं ताकि नदियों का अस्तित्व बन सके और मानव जाति पर आने वाले संकट को टाला जा सके।

# बालूमाथ थाना क्षेत्र में हाथियों आंतक बदस्तूर जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थानां क्षेत्र अंतर्गत मुरपा पंचायत के बड़का बलबल में बीती रात हाथियों के झुंड ने एक घर को धवस्थ कर दिया जिससे घर मे सोए वृद्ध व्यक्ति रमेश भगत उम्र 64 वर्ष दीवाल के नीचे दब गया परिजनों के घंटो मस्कत के बाद वृद्ध रमेश भगत को बाहर निकाला गया जिससे बृद्ध के शरीर के कई भागों में अंदरूनी चोट आई है। वही हाथियों ने घर में रखे अनाज, चावल, महुआ, आलू, तथा धान के बिहन समेत घर में रखे सारे सामान को बर्बाद कर दिए। वही पीड़ित परिवार का कहना है कि इन दिनों लगातार हाथियों का झुंड गाँव मे आ रहा है। हमलोगों द्वारा वन बिभाग को कई बार सूचना दी गयी लेकिन कोई पहल नही किया गया इस बारिश के मौसम में घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया हम पूरे परिवार अब कहा रहेंगे उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से हाथियों को दूर भगाने एवं मुवावजे कि मांग की है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पीड़ित के घर बड़का बलबल पहुंच पीड़ित परिवार से मिल मामले की जानकारी ली और मौके पर वन विभाग के पदाधिकारी विजय संकर शर्मा को कॉल किया लेकिन 10 बार रिंग होने के बाद भी कॉल रिसीव नहीं किया वही लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि आखिर वन विभाग सिर्फ मृतक को मुआवजा देने के लिए बना है या गरीब परिवार पर फर्जी केस कर पैसा कमाने का जरिया बना दिया है ।वन विभाग के इस रवैया से सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण का जीना मुस्किल हो गया अगर सरकार एवम वन विभाग का यही हाल रहा तो जल्द ही वन विभाग के खिलाफ हजारों के संख्या में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इन दिनों बालूमाथ थाना क्षेत्र में हाथियों का आंतक बदस्तूर जारी है जिसका शिकार ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे भोले भाले लोगों पर सीधा असर दिखाई पड़ रहा है, कभी किसी ग्रामीण का घर उजाड़ रहे है, तो किसी के घर मे रखे अनाज को चट कर रहे है तो कभी फसलों को रौंदने जैसे कई उदाहरण है। अगर कयास लगाया जाए तो बीते एक साल में करीब दर्जनों लोगों को हाथियों के कुचलने से मौत हो चुकी है। लेकिन ग्रामीणों को हाथियों के आंतक से निजात दिलाने का वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नही दिख रहा है जिससे ग्रामीणों में वन बिभाग के प्रति काफी रोष देखा जा रहा है। मौके पर अमित कुमार, कलवाती देवी,पंकज भगत, बलराम भगत, दिलीप भगत, प्रदीप भगत, सुनीता देवी, जसमानी देवी, अक्षय भगत, अजीत भगत, सोनमणि देवी, शांति देवी, मन्नती देवी, बिजेंद्र गंझू, सुनील कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### चलते चलते एक नजर

## मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**रांची।** एल. ई. बी. बी. उच्च विद्यालय रांची में 2023 मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्र - छात्राओं द्वारा झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के परीक्षाफल में छात्रों द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । जिसमें विद्यालय के माही कुमारी 91.40प्रतिशत, निकिता कुमारी 87.60 प्रतिशत, खुशी पॉल 87.20त, श्रेया करमाकर 87.00प्रतिशत, खुशी टोप्पो 84.00त , अमन कुमार महतो 81.80प्रतिशत, पूर्णिमा गोराई 81.60प्रतिशत, कोमल कुमारी 81.20प्रतिशत, सुनील कुमार 81.20प्रतिशत, नाजरीन नाज़ 80.40प्रतिशत, मो. तूफैल 80.20प्रतिशत. अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. कमल कुमार बोस, अध्यक्षा रेबा चक्रवर्ती, प्रधानाध्यापक , विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी और सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. कमल कुमार बोस ने इस मौके पर छात्र-छात्राओं को प्रेरणा स्वरूप बाते कही सम्मान से ऊर्जा मिलती है, जीवन सफर में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

## सियासी उथलपुथल के बीच मुख्यमंत्री शिंदे से मिले राज ठाकरे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शुक्रवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे मिले। इन दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन चर्चा का ब्योरा दोनों तरफ से नहीं दिया गया है।महाराष्ट्र में चल रही राजनीतिक उथल पुथल के बीच आज राज ठाकरे मुख्यमंत्री के शासकीय आवास वर्षा बंगले पर पहुंचे थे। राज ठाकरे ने साथ मनसे नेता बाला नांदगांवकर और संदीप देशपांडे आदि थे। इसके बाद वर्षा बंगले में राज ठाकरे ने सीएम शिंदे से मुलाकात की।बताया जा रहा है कि इस बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई । साथ ही राज ठाकरे ने सीएम शिंदे से वरली में बीडीडी चाल के घर की कीमतें कम करने के बारे में भी चर्चा की है। हालांकि बैठक की अधिकृत जानकारी दोनों तरफ से नहीं दी गई है। इसलिए इस बैठक को लेकर तरह-तरह के सियासी कयास लगाए जा रहे हैं।

## 13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता आज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में शनिवार से दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार,सचिव(खेल,पर्यटन एवं कला संस्कृति)झारखंड सरकार के द्वारा शनिवार को 5 बजे संध्या में किया जायेगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों के भाग लेने की संभावना है जो विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतने के लिए मशक्कत करेंगे। लगभग 40 तकनीकी पदाधिकारी प्रतियोगिता के संचालन में अपनी भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर जानी मानी एथलीट पुष्पा हंसा,श्री गिरीश राठौर एवं श्री अर्चित आनंद(उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ,विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।

# विधानपरिषद की उपसभापति नीलम गोरहे शिवसेना में शामिल

एजेंसी



**मुंबई।** विधानपरिषद की सभापति नीलम गोरहे शुक्रवार को शिंदे समूह की शिवसेना में शामिल हो गई। इससे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी और अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को करारा झटका लगा है। नीलम गोरहे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे समूह की शिवसेना को असली शिवसेना बताया है, इसी वजह वे असली शिवसेना में शामिल हो रही है। मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे।नीलम गोरहे ने पत्रकारों को बताया कि स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की उपस्थिति में 1998 में उन्होंने शिवसेना में प्रवेश लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे समूह की शिवसेना को ही असली शिवसेना होने का निर्णय दिया है। इसी वजह से वे अब असली शिवसेना में शामिल हो रही है।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि नीलम गोरे का शिवसेना में शामिल होना ऐतिहासिक है। अब नीलम गोरे अपने मन से काम कर सकती हैं और अन्याय के खिलाफ बोल सकती हैं। कुछ दिनों पहले ही ठाकरे गुट की नेता मनीषा कायंदे भी शिवसेना में शामिल हुई है। पार्टी में इन नेताओं का सम्मान किया जाएगा।उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पिछली सरकार अहंकार से भरी हुई थी, लेकिन यह सरकार जनहित का काम कर रही है। इसी वजह से अन्य दलों के नेता और विधायक शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य राज्य के विकास के लिए काम करना है।

# मुख्यमंत्री से अपर पुलिस महानिदेशक ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण प्रिया दुबे ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## आदिवासी इंस्पेक्टर उमेश कच्छप की मौत की सीबीआई जांच कराएं सीएम : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को कहा कि आदिवासी अफसर उमेश कच्छप ने धनबाद के तोपचांची थाने में खुदकुशी कर ली थी। मौत के पहले अपनी पत्नी से बातचीत में उमेश कच्छप ने वरीय अफसरों का नाम लेकर बताया था कि कैसे उनके जैसे ईमानदार और सीधे सादे अफसर को एक चालक पर फर्जी केस कर रंगदारी वसूलने वाले अफसरों को बचाने का दबाव वरीय अधिकारी डाल रहे हैं। इसी तनाव में उमेश कच्छप ने जान दे दी। तब सीआईडी और फोरेंसिक टीम ने पुलिस अफसरों को प्रारंभिक जांच में दोषी पाया था लेकिन जब आदिवासी हितों की रक्षा का दावा कर करने वाली सरकार बनी तो सरकार ने आदिवासी अफसर की मौत की फाइल बंद कर दी। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिवक्ता ने जांच बंद करने की सलाह देकर इस सरकार में क्राइम पार्टनर बन चुके एक अफसर को सीआईडी की जांच में बचाने का प्रयास किया। मरांडी ने कहा कि उमेश कच्छप की बिटिया विनीता आज पिता की मौत का इंसाफ मांग रही है। उच्च न्यायालय से सीबीआई जांच कराने का गुहार लगा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी इंस्पेक्टर की मौत की जांच सीबीआई से क्यों नहीं करातेज आदिवासी दारोगा की बच्ची की सीबीआई जांच की फरियाद क्यों नहीं सुन रहे? काहे और किस गुनहगार को बचाने के लिए आदिवासी बच्ची को न्यायालय का चक्कर लगवा रहे हैं? उन्होंने कहा कि हिम्मत करिए, आदिवासी हित में कलम उठाइये और उमेश कच्छप मौत के कारण की जांच के लिए यह मामला सीबीआई के हवाले करिये।

# भाजपा छोड़ किसी भी पार्टी में जाने का सवाल ही नहीं : पंकजा गोपीनाथ मुंडे

एजेंसी



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव पंकजा गोपीनाथ मुंडे ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा छोड़ किसी भी अन्य पार्टी में जाने का सवाल ही नहीं उठता। उनके बारे में मीडिया के कुछ चैनलों ने झूठी खबर चलाई है, इसलिए उन चैनलों पर उनकी ओर से मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। उन्होंने दो महीने तक राजनीतिक जीवन से अवकाश लेने की भी घोषणा की है।पंकजा मुंडे ने यह भी कहा कि इस तरह का प्रयास उनका राजनीतिक जीवन खत्म करने के लिए किया जा रहा है, जबकि वे कभी भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी से नहीं मिली और पार्टी के आदेश का हमेशा पालन किया है। पंकजा मुंडे ने पत्रकारों को बताया कि पिछले चार साल से उनके साथ गलत खबरें फैलाई जा रही है। जब भी कैबिनेट का विस्तार होता है, कोई है, जो उन्हें बदनाम करने का प्रयास करता है। अब वे खुद मानहानि का मुकदमा करने वाली हैं, जिससे सच सामने आ जाएगा।पंकजा मुंडे ने कहा कि विधानपरिषद का नामांकन भरने के लिए उन्हें कहा गया था, लेकिन आखिरी वक्त पर मना कर दिया गया। इस बाबत मैंने कहीं भी कुछ नहीं कहा, लेकिन मेरे नाराज होने की खबरें किसी के इशारे पर चलाई गई। पंकजा मुंडे ने कहा कि वे पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेई के आदर्शों से प्रभावित हैं। अटल जी का कहना था कि पहले राष्ट्र। हममें भी वही संस्कार है। मेरे पिता गोपीनाथ मुंडे ने भाजपा को सींचकर बड़ा किया है, ऐसे में हम भला इससे अलग कैसे हो सकते हैं।पंकजा मुंडे ने कहा कि भ्रामक खबरों से वे बहुत परेशान हो गई हैं। उनके हर क्षेत्र में चाहने, जानने वाले हैं। उन्हें कई राजनीतिक पार्टियों ने ऑफर भी दिया है, लेकिन वे किसी भी कीमत पर भाजपा नहीं छोड़ेंगी। इस तरह की चर्चाओं से वे मानसिक रूप से आहत हो गई हैं, इसलिए दो महीने तक राजनीतिक जीवन से अवकाश ले रही है।

# संसदीय मंडल रेलवे समिति की आयोजित बैठक में शामिल हुए सांसद वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने धनबाद मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय में आयोजित संसदीय मंडल रेलवे समिति की आयोजित बैठक में शामिल हुए।उक्त बैठक में हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार एवं अन्य रेलवे पदाधिकारी, सांसदगण उपस्थित थे। बैठक में श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की, जो निम्नलिखित हैं :

1. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव।
2. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डालटनगंज स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का कोटा दिया जाय।
3. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन सं0 13347/13348 को रजहारा स्टेशन पर ठहराव।
4. शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन सं0 11448/11449 को मेराल स्टेशन पर ठहराव।
5. बरवाडीह चुनार पैसेन्जर ट्रेन सं0 53351/53352 का पुनः परिचालन किया जाय।
6. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 को पुराने समय सारिणी के अनुसार चलाया जाय।
7. रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन सं0 12877/12878 को जो सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे चार दिन करने एवं उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डालटनगंज स्टेशन पर देने।
8. डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। अतः रांची से गोरखपुर एक नई ट्रेन चलायी जाय जो कोरोना काल में चली भी थी। उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू करने।
9. डालटनगंज स्टेशन पर एक नया स्नहक्कएवं दो लिफ्ट लगाने की कार्य को पूर्ण कर जल्द उद्घाटन करने।
10. पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में थर्ड लाईन निर्माण कार्य योजना की अद्ययतन।
11. बरवाडीह-चिरमिरी अम्बिकापुर स्वीकृत नई रेलवे लाईन का निर्माण।
12. गया-रफीगंज वाया शेरघाटी, डालटगंज स्वीकृत नई रेलवे लाईन का निर्माण।
13. निम्नांकित स्थानों पर एलएचएस का निर्माणः-

(क) लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड, पलामू जिला
(ख) . पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखण्ड, पलामू जिला
(ग). सोनपुरवा-गढ़वा जिला
(घ). अहिरपुरवा-नगर उंटारी, गढ़वा जिला
(ड़). बुड़वापीपर- डालटनगंज सदर, पलामू जिला
(च). बखारी-डालटनगंज सदर, पलामू जिला
(छ). कुम्भी- मेराल ब्लॉक, गढ़वा जिला।

## पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर रांची लौटे बाबूलाल मरांडी

**रांची :** झारखंड सहित 12 पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर शुक्रवार शाम प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रांची लौटे। प्रदेश कार्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा में पार्टी के सचेतक बिरंची नारायण,विधायक शशिभूषण मेहता, किशुन दास भी उपस्थित थे। विधायक सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, पुस्तक, अंगवस्त्र देकर नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।



# महिला पहलवानों के मामले में बृजभूषण शरण सिंह 18 जुलाई को कोर्ट में तलब

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत दो आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।दिल्ली पुलिस ने 15 जून को राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह बालिग महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में चार्जशीट दाखिल की है।

राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में दो लोगों को आरोपित बनाया गया है। बृजभूषण शरण सिंह के अलावा दूसरे आरोपित भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर हैं।महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर धरना दिया था। इस धरने ने बाद में राजनीतिक रंग ले लिया था।

# मप्र : तीन आईएएस अफसरों पर एफआईआर



एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आदिवासियों की जमीन बेचने से जुड़े घोटाले में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त ने एक साथ प्रदेश के तीन आईएएस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब आदिवासियों की जमीन बेचने की अनुमति देने पर तीन आईएएस अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। खास बात यह है कि तीनों अफसरों को लोकायुक्त ने अब तक एफआईआर दर्ज करने की सूचना तक नहीं दी है। इसके साथ ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए लोकायुक्त जबलपुर को भेजा गया है। लोकायुक्त पुलिस ने जिन तीन वरिष्ठ आईएएस अफसरों पर एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें ग्वालियर के कमिश्नर दीपक सिंह, आबकारी आयुक्त ओपी श्रीवास्तव और उप सचिव बसंत कुर्रे शामिल हैं। यह पूरा मामला साल 2007 से 2012 के बीच का है। इस दौरान तीनों आईएएस जबलपुर में बतौर एडीएम तैनात थे। इसी दौरान आदिवासियों की जमीन का फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया था।आरोप है कि तीनों अफसरों ने कुंडम इलाक में आदिवासियों की जमीन बेचने की अनुमति दे दी थी जबकि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता के अनुसार आदिवासियों की जमीन बेचने की अनुमति कलेक्टर द्वारा ही दी जा सकती है। इस मामले में कलेक्टर से शिकायत की गई। शिकायत के आधार पर मौजूदा एडीएम शेर सिंह मीणा ने जांच कर प्रतिवेदन जबलपुर लोकायुक्त को दिया था। इसकी जानकारी के बाद लोकायुक्त ने मामले का संज्ञान लिया था। अब लोकायुक्त ने ही तीनों आईएएस अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। अब माना जा रहा है कि जल्द ही इन बड़े अफसरों के खिलाफ एक्शन भी हो सकता है।

## वनवासी कल्याण केंद्र प्रशासनिक सेवा के लिए 20 अगस्त से निःशुल्क कोचिंग करेगा प्रारंभ

**रांची :** वनवासी कल्याण केंद्र के संयोजक ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र प्रशासनिक सेवा के लिए 20 अगस्त से निशुल्क कोचिंग प्रारंभ करेगा। इसमें जेपीएससी और यूपीएससी के परीक्षा देने वाले आदिवासी, वनवासी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को निःशुल्क में तैयारी कराया जाएगा। अग्रवाल शुक्रवार को बरियातू स्थित आरोग्य भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड की वजह से यह कोचिंग पूर्व में बंद कर दिया गया था। इसे फिर से चालू किया जा रहा है। इसके तहत 40 विद्यार्थियों , जिसमें 20 जनजातीय और 20 अन्य का लिखित और मौखिक परीक्षा के बाद चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार के बाद सितंबर माह के पहले सप्ताह से कक्षाएं शुरू होंगी।

# रांची के अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय सावन महोत्सव का समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने महिला समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं व्यवसाय के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। ऐसे मेले से लघु कुटीर उद्योग एवं छोटे स्तर पर अपने घरों से काम करने वाली महिलाओं को एक ही छत के नीचे बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध होता है, जिससे वे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर पाती है और उन्हें उसका सही मूल्य मिल पाता है। तीन दिनी सावन महोत्सव मेले में 100 से भी ज्यादा स्टाल लगाए गए, जिसमें रांची सहित जयपुर, कोलकाता, बनारस, भागलपुर, पटना सहित अन्य स्थानों से आई महिलाओं ने जयपुरिया आभूषण ज्वेलरी, कोलकाता से ढेरों डिजाइनर साड़ियां, सलवार सूट छोटे बच्चों के स्पेशल कपड़े, नेपाली कंबल, चादरें, इमिटेशन ज्वेलरी तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनों में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां, सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री, हस्तशिल्प उत्पादों, चांदी की राखियां, पूजा की सामग्री ,शादी के लहंगे, इंडो वेस्टर्न ड्रेसेस, सहित अन्य सामानों के स्टॉल लगाए गए। सभी स्टॉलों में भारी भीड़ रही एवं हजारों महिलाओं खूब खरीदारी की। समारोह में अग्रवाल सभा महिला समिति द्वारा मेले में बेस्ट स्टॉल लगाने वाली 4 महिलाओं राजश्री राठी, अनुदिता पोद्दार, विभा गुप्ता एवं विनीता डालमिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने की। मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र अग्रवाल को अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी, मेले की सह संयोजिका अनुसुइया नेवटिया के अलावा अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।